


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




पंडित प्रदीप मिश्रा की कावड़ यात्रा में शामिल होने आए थे सीहोर

## सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में 72 घंटे 7 मौतें...जिम्मेदारी कौन लेगा?

# तीसरे दिन दो लोगों की मौत, राजस्व मंत्री पहले बोले न्यायिक जांच होगी, फिर कहा:जांच की जरूरत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के कुबेरेश्वर धाम में 72 घंटे में 7 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। गुरुवार को सुबह दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। बुधवार को तीन श्रद्धालुओं की मौत हुई। इससे पहले मंगलवार को दो महिला श्रद्धालुओं की भी मौत हुई थी।

इस घटना से प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में 6 अगस्त को कावड़ यात्रा आयोजित की गई थी, जिसमें लाखों श्रद्धालु शामिल हुए थे।

### प्रशासन ने क्या किया?

लगातार मौतों के बाद जवाबदेही से बचने गुरुवार को 7 डीजे वालों पर कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 7 अलग-अलग एफआईआर दर्ज की

इधर, कुबेरेश्वर धाम आए लोगों की मौतों को लेकर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने पहले न्यायिक जांच की बात कही थी लेकिन बाद में वे अपने बयान से पलट गए। उन्होंने कहा कि जब प्रशासन ने अपने स्तर पर जांच कर बता दिया है ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

मंगलवार को कुबेरेश्वर धाम में मची भगदड़ में दो महिलाओं की मौत के मामले में मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष राजीव कुमार टंडन ने संज्ञान लिया है, और संबंधितों से जवाब मांगा है। उन्होंने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से जांच कराकर भीड़ प्रबंधन की क्या व्यवस्था थी, घायलों के इलाज में क्या कार्रवाई की गई, मृतकों को क्या आर्थिक सहायता दी गई, इस संबंध में 15 दिनों में रिपोर्ट मांगी है।



### कथा से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार ट्रक में घुसी, 1 की मौत, 14 घायल

**इंदौर।** गुरुवार को पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में शामिल होकर लौटते समय सुबह इंदौर के कनाड़िया बायपास पर एक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि लगभग 14 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा सुबह करीब 4 बजे बिचौली मर्दाना ब्रिज के पास हुआ। यहां एक तेज रफ्तार तूफान वाहन अचानक सड़क पर खड़े एक ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में मंटू वर्मा, निवासी इंदिरा ▶▶ शेष पेज 4 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### 102 किमी लंबाई में रेलवे लाइन पर लगेगा 'कवच'



**ग्वालियर।** बिरला नगर से उदीमोड़ रेलवे स्टेशन तक 102 किमी लंबाई में ट्रेनों की भिड़ंत जैसे हादसे रोकने में कारगर अत्याधुनिक कवच प्रणाली को लागू किया जाएगा। रेलवे बोर्ड ने बिरला नगर-उदीमोड़ सहित कुल 14 रेल खंडों में इस प्रणाली को लागू करने के लिए 309.26 करोड़ की राशि को स्वीकृति दे दी है। जल्द ही काम भी शुरू होगा।

### जुलाई में खाद्य सामग्री की कीमतों में 14% की कमी



**नई दिल्ली।** क्रिसिल के फूड प्लेट कॉस्ट मंथली इंडिकेटर के अनुसार, कमोडिटी की कीमतों में नरमी के बीच, इस वर्ष जुलाई में घर में बनी शाकाहारी और मांसाहारी थाली की कीमत क्रमशः 14 प्रतिशत और 13 प्रतिशत कम हुई। शाकाहारी थाली की कीमत में कमी सब्जियों की कीमतों में गिरावट के कारण हुई।

### ग्रेच्युटी देने के मामले में स्वायत्त निकाय की सेवा



**नई दिल्ली।** किसी कर्मचारी की ओर से स्वायत्त निकाय में की गई सेवा को भी ग्रेच्युटी देने के मामले में उनके सेवा काल जोड़ी जा सकेगी। केंद्र सरकार ने गुरुवार को इसकी जानकारी। इससे केंद्रीय कर्मी लाभान्वित होंगे। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि डीओपीपीडब्ल्यू ने इसे अधिसूचित किया है।

राहुल जिसे सबूतों का 'एटम बम' कह रहे थे, वह आखिरकार फोड़ दिया

## नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का बड़ा आरोप : चुनाव आयोग के साथ मिलकर सत्ताधारी दल कर रहा आपराधिक धोखाधड़ी

# हरियाणा और महाराष्ट्र में की गई थी वोटों की चोरी राहुल ने मीडिया से कहा-यह रहे 'बुलेट प्रूफ' सबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर लगातार सवाल खड़े कर रही है। ताजा घटनाक्रम में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की तरफ से बनाई जाने वाली मतदाता सूची और चुनाव की निष्पक्षता को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि-महाराष्ट्र में 40 लाख वोट रहस्यमयी तरीके से जोड़े गए हैं। लोकसभा चुनाव 2024 और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के बीच इन मतदाताओं को जोड़ा गया है। उन्होंने महाराष्ट्र, कर्नाटक और कुछ अन्य जगहों की मतदाता सूची के आधार पर चौंकाने वाले दावे किए। मतदाता सूची में जोड़े गए हजारों-लाखों नाम का उल्लेख करते हुए राहुल ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन न करते हुए भाजपा के लिए वोट की चोरी की जा रही है। उन्होंने कई आंकड़ों का ▶▶ शेष पेज 4 पर

चुनाव आयोग की तरफ से बनाई जाने वाली मतदाता सूची और चुनाव की निष्पक्षता को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए

» राहुल का आरोप -शाम पांच बजे के बाद वोटर टर्नआउट का बढ़ना भी हैरान करने वाला

» मशीन में पढ़ी जा सकने वाली मतदाता सूची नहीं मुहैया करवा रहा चुनाव आयोग

» लोकसभा और विधानसभा के बीच एक करोड़ नए मतदाता जुड़ गए



राहुल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने वोटों की धांधली के मामले में चुनाव आयोग से सवाल पूछे हैं, आयोग ने एक भी जवाब नहीं दिया। हमें वोटों की चोरी पकड़ने में छह महीने का वक्त लगा है

ऐसे 40 हजार वोटर हैं जिनके पते शून्य हैं

महाराष्ट्र में 40 लाख वोट रहस्यमयी तरीके से जोड़े गए | एग्जिट पोल, ओपिनियन पोल एक बात कहते हैं और नतीजे दूसरे ही आते हैं

### मतदाता सूची इस देश की संपत्ति

राहुल ने कहा कि महाराष्ट्र में 5 महीनों में 5 साल से ज्यादा मतदाताओं के जुड़ने से हमारा संदेह बढ़ा और फिर शाम 5 बजे के बाद मतदान में भारी उछाल आया। लोकसभा में हमारा गठबंधन पूरी तरह से साफ हो गया। यह बेहद संदिग्ध है। हमने पाया कि लोकसभा और विधानसभा के बीच एक करोड़ नए मतदाता जुड़ गए। हम चुनाव आयोग गए और यह लेख लिखा और हमारे तर्क का सार यह था कि महाराष्ट्र चुनाव चुराया गया था। समस्या की जड़ क्या है? मतदाता सूची इस देश की संपत्ति है। चुनाव आयोग हमें मतदाता सूची देने से इनकार कर रहा है। ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

### कर्नाटक में भी फर्जी मतदाता होने का दावा

कांग्रेस सांसद ने महाराष्ट्र के अलावा एक अन्य राज्य को लेकर भी चौंकाने वाला दावा किया। बकौल राहुल गांधी, कर्नाटक की महादेवपुरा विधानसभा सीट पर 6.5 लाख वोटों में से 1 लाख से अधिक वोटों की वोट चोरी हुई। कांग्रेस के शोध में कर्नाटक के महादेवपुरा निर्वाचन क्षेत्र में एक लाख से अधिक फर्जी मतदाता, अवैध पते और ▶▶ शेष पेज 4 पर

### चुनाव आयोग की दो-टूक

### राहुल इसे लिखित में प्रमाणित करें

राहुल गांधी द्वारा मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोपों पर कर्नाटक के मुख्य चुनाव अधिकारी ने उन्हें पत्र लिखकर शपथपत्र के साथ प्रमाण मांगे हैं। राहुल ने अयोग्य नामों के जुड़ने और योग्य नामों के हटने का आरोप लगाया है। चुनाव आयोग ने उनसे संबंधित मतदाताओं के नाम देने को कहा है ताकि जरूरी कार्रवाई की जा सके। कर्नाटक के मुख्य चुनाव अधिकारी ने राहुल गांधी को लिखे पत्र में कहा है कि निर्वाचन नियमों के तहत, अगर कोई व्यक्ति मतदाता सूची की वैधता पर सवाल उठाता है, तो उसे लिखित में विवरण देना होता है। पत्र में राहुल से अपेक्षा की गई है कि वे नियम 20(3)(बी) के तहत शपथपत्र पर हस्ताक्षर कर ऐसे मतदाताओं के नाम उपलब्ध कराएं, ताकि उनके दावों की जांच की जा सके और यदि आवश्यक हो तो कानूनी कार्रवाई भी शुरू की जा सके।

### चुनाव आयोग पर राहुल के आरोपों पर भड़की भाजपा

### जब कांग्रेस हिमाचल और तेलंगाना में जीतती है तो राहुल सवाल नहीं उठाते



**नई दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए गड़बड़ी के आरोपों पर निशाना साधा। भाजपा ने गुरुवार को कहा कि कहा कि कांग्रेस का यह मीठा-मीठा गप, कड़वा-कड़वा थू-थू, यह जो सेलेक्टिव आउटरेज है, इसे भी देश की जनता देख और समझ रही है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने एक पत्रकार वार्ता में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर उठाए गए सवालों पर आपत्ति जताई और कहा कि आज राहुल गांधी के शब्द थे, अगर मेरी प्रेस वार्ता पर जवाब नहीं आया, तो घातक परिणाम होंगे। पात्रा ने कहा, आज हमने राहुल गांधी की प्रेस वार्ता को देखा, और यह कोई पहली बार नहीं है कि राहुल किसी संवैधानिक संस्थान पर हमला करते हुए नजर आए, साथ ही उन्होंने महाराष्ट्र और ▶▶ शेष पेज 4 पर

### किरेन रिजिजू बोले- राहुल एनजीओ का प्रेजेंटेशन लेकर आए



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाने को लेकर राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी चुनाव आयोग की छवि को खराब करना चाहते हैं। एक दिन पहले राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट पर सवाल उठाया था। ये इलेक्शन कमीशन, सुप्रीम कोर्ट को नहीं मानते तो किसे मानते हैं। वे एक एनजीओ का प्रेजेंटेशन को लेकर आए। एक एनजीओ है जो राहुल गांधी को बार-बार पीछे से धक्का देकर ये सब बुलवाता है। उनको खुद नहीं पता होता है कि वे क्या बोलते रहते हैं। कांग्रेस के कुछ लोगों ने ये सब फालतू बातें कर के सबका समय खराब कर दिया है।

### छापेमारी के दौरान कर्मचारियों के मोबाइल जब्त

## मुरैना में सरिया फैक्टरी पर आयकर विभाग का छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना



■ मुरैना के अंबा शक्ति सरिया फैक्टरी पर दबिश

जिले के बानमोर स्थित अंबा सरिया प्राइवेट लिमिटेड फैक्टरी में आयकर विभाग की टीम ने बुधवार की शाम करीब 4 बजे छापा मार कार्रवाई शुरू की। छापे की यह कार्रवाई लगातार 20 घंटे से जारी है और गुरुवार सुबह तक फैक्टरी के अंदर किसी को आने-जाने नहीं दिया गया है। इनकम टैक्स विभाग के लगभग 10 अफसरों की टीम फैक्टरी में दस्तावेजों की जांच की। टीम ने पहुंचते ही फैक्टरी में मौजूद सभी कर्मचारियों और प्रबंधन से जुड़े लोगों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए थे, ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 7 महीने में तीसरी बार दौरा होगा

## संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत 10 अगस्त को आएंगे इंदौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



■ 96 करोड़ से बने कैंसर केयर सेंटर का उद्घाटन करेंगे

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत 10 अगस्त यानी रक्षाबंधन के दूसरे दिन इंदौर में रहेंगे। डॉ. भागवत इंदौर में 96 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हुए कैंसर केयर हॉस्पिटल का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही वह अलग-अलग समाजों से जुड़े लोगों के साथ चर्चा भी करेंगे। संघ प्रमुख का पिछले 7 महीने में यह तीसरा इंदौर का दौरा है। इससे पहले वह 3 जनवरी 2025 और 13 जनवरी 2025 को इंदौर आ चुके है। डॉ. भागवत इंदौर में पूरा दिन रहेंगे। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### कौन होगा उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार?

यह फैसला सर्वसम्मति से लिया गया

## एनडीए ने पीएम मोदी और जेपी नड्डा को दिया अधिकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को गठबंधन का उपराष्ट्रपति उम्मीदवार चुनने का अधिकार दिया है।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को सत्तारूढ़ गठबंधन का उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुनने का अधिकार दिया है। संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि यह सर्वसम्मति से लिया गया फैसला है। इससे पहले संसद परिसर में भाजपा के प्रमुख नेताओं और उनके सहयोगियों की एक बैठक हुई। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### चुनाव के लिए नोटिफिकेशन जारी

चुनाव आयोग ने उपराष्ट्रपति पद के लिए 9 सितंबर को होने वाले चुनाव के लिए गुरुवार को नोटिफिकेशन जारी कर दिया है, जिसके बाद अब नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। नोटिफिकेशन के मुताबिक, नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है, जबकि दस्तावेजों की जांच 22 अगस्त को होगी। उम्मीदवारी से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 25 अगस्त तय की गई है।

### अदालत में जस्टिस यशवंत वर्मा की अपील खारिज

न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा का आचरण विश्वास पैदा नहीं करता, इसलिए उनकी याचिका पर विचार नहीं किया जाना चाहिए

## 'जली नकदी' मामले में जांच प्रक्रिया को दी गई थी चुनौती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। जली हुई नकदी बरामद होने के मामले में जांच प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिका खारिज करते हुए शीर्ष अदालत की पीठ जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह ने कहा कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा का आचरण विश्वास पैदा नहीं करता, इसलिए उनकी याचिका पर विचार नहीं किया जाना चाहिए। इस अहम फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने ये भी माना कि तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने इस मामले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जो पत्र भेजा, वह असंवैधानिक नहीं था। मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा ने आंतरिक ▶▶ शेष पेज 4 पर

### जस्टिस वर्मा ने क्यों किया था सुप्रीम कोर्ट का रुख

*ये पूरा मामला उस समय सामने आया जब न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास से नकद राशि मिलने की बात सामने आई थी। इसके बाद तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) ने एक इन-हाउस जांच समिति बनाई थी। इस समिति ने जांच के बाद जस्टिस वर्मा को दोषी पाया और उनकी रिपोर्ट राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजी गई, ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई हो सके। मामले में कोर्ट ने कहा कि कि इन-हाउस जांच प्रक्रिया पूरी तरह नियमों के अनुसार हुई। समिति* ▶▶ शेष पेज 4 पर

### संस्कृति विभाग ने वर्ष 2024 और 2025 के लिए 8 राष्ट्रीय सम्मानों की घोषणा की

राष्ट्रीय महात्मा गांधी सम्मान 2024 में आनंदधाम भोपाल को मिलेगा और 2025 में पुणे के पुनरुत्थान समरसता गुरुकुलम को मिलेगा

## प्रसून जोशी एवं संजय लीला भंसाली को मिलेगा राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत में विभिन्न क्षेत्रों में अद्वितीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए संस्कृति विभाग ने वर्ष 2024 और 2025 के लिए 8 राष्ट्रीय सम्मानों की घोषणा की है। यह सम्मान उन लोगों को दिए जाएंगे जिन्होंने भारतीय कला, संस्कृति और साहित्य में अपार योगदान किया है। इन सम्मानों का उद्देश्य भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को और भी समृद्ध करना है। राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान के तहत संगीत और गीत लेखन में योगदान देने वाले कलाकारों को सम्मानित किया जाता है। 2024 में यह सम्मान गीत लेखक प्रसून जोशी को मिलेगा और 2025 में यह सम्मान फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली ▶▶ शेष पेज 4 पर



प्रसून जोशी



संजय लीला भंसाली



सोनू निगम



शंकर-एहसान-लॉय

### राष्ट्रीय गुणाकर मुले सम्मान

▶▶ यह सम्मान हिंदी में वैज्ञानिक और तकनीकी लेखन करने वाले व्यक्तियों को दिया जाता है। 2024 में यह सम्मान डॉ. राधेश्याम नापित, शहडोल को मिलेगा और 2025 में यह सम्मान डॉ. सदानंद दामोदर सप्रे, भोपाल को मिलेगा।

### राष्ट्रीय हिंदी सेवा सम्मान

यह सम्मान उन लेखकों और साहित्यकारों को दिया जाता है जिन्होंने अहिंदी भाषी होते हुए हिंदी साहित्य में योगदान किया है।

### राष्ट्रीय फादर कामिल बुल्के सम्मान

▶▶ यह पुरस्कार उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने हिंदी भाषा और उसकी बोलियों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। 2024 में यह सम्मान डॉ. इंदिरा गाजिएवा, रूस को मिलेगा और 2025 में पद्मा जोसेफिन वीरसिंघे, श्रीलंका को मिलेगा।

भद्रा का नहीं रहेगा प्रभाव, शुभ मुहूर्त में भाइयों की कलाई पर बहनें बांधेगी राखी

# 95 साल बाद शोभन-सर्वार्थ सिद्धि योग, श्रवण नक्षत्र व पूर्णिमा संयोग में कल मनाया जाएगा रक्षाबंधन पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन 95 साल बाद शोभन योग सर्वार्थ सिद्धि योग श्रवण नक्षत्र पूर्णिमा संयोग में श्रद्धा और उमंग से मनाया जाएगा। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि 95 सालों बाद शोभन योग सर्वार्थ सिद्धि योग श्रवण नक्षत्र पूर्णिमा संयोग बन रहा है। इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा का साया नहीं रहेगा। राखी के मौके पर सूर्योदय से पहले ही भद्रा समाप्त हो जाएगी, लेकिन इस बार राहुकाल का साया रहेगा। भद्रा की तरह राहु काल में भी राखी बांधना अशुभ माना जाता है।

ऐसे में इस दौरान बहनें अपने भाई की कलाई में राखी बांधने से बचना चाहिए। इस बार सावन की पूर्णिमा 8 अगस्त को दोपहर को लगेगी और 9 अगस्त के दिन में करीब 1 बजकर 34 मिनट तक रहेगी। ऐसे में उदया तिथि होने की वजह से 9 अगस्त को ही रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जाएगा। वैसे तो राखी बांधने का शुभ मुहूर्त इस बार सुबह 5 बजकर 47 मिनट से दोपहर 1 बजकर 24 मिनट तक रहेगा। इसी शुभ मुहूर्त में 1 घंटे 40 मिनट के लिए राहु काल भी रहेगा। सुबह 9 बजकर 7 मिनट से लेकर 10 बजकर रहेगा। इस दौरान राखी बांधना उचित नहीं रहेगा।



## पाताल लोक में होगा भद्रा का वास

*9 अगस्त को चंद्रमा का गोचर मकर राशि में रहेगा। ऐसे में भद्रा का वास पाताल लोक में होगा और भद्रा का मुख अधोमुखी होगा,यानी नीचे की तरफ होगा। ऐसे में 9 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व भद्रा रहित होने से कारण सुबह से ही मनाना शुभ रहेगा। जब भी भद्रा का वास धरती लोक पर होता है तो उस समय कोई भी शुभ कार्य करना हो तो वह भद्रा रहित काल में ही करना चाहिए। वरना व्यक्ति को शुभ फल नहीं मिल पाता है। हालांकि, इस साल रक्षाबंधन पर भद्रा का वास नहीं है तो आप आसानी से त्योहार मना सकते हैं।*

## वर्ष 1930 जैसा बन रहा अद्‌भुत संयोग

*मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि इस बार रक्षाबंधन पर 1930 जैसा ही अद्भुत संयोग बन रहा है। 9 अगस्त को रक्षाबंधन शनिवार को ही पड़ रहा है, जैसे उस वर्ष पड़ा था। उस समय भी भद्रा सूर्योदय से पहले समाप्त हुई थी और इस बार भी ठीक वैसा ही हो रहा है। पूर्णिमा तिथि भी 8 अगस्त को मात्र 5 मिनट के अंतर से शुरू हो रही है।*



## रक्षाबंधन पर महिलाओं की सुरक्षित यात्रा के लिए 'मेरी सहेली' की टीम रहेगी तैनात

रक्षाबंधन के मौके पर भोपाल मंडल की ट्रेनों में दिनभर आरपीएफ की मेरी सहेली टीम तैनात रहेगी, जो महिलाओं की सुरक्षा के साथ उनकी सहायता करेगी। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ. अभिषेक के निर्देश पर रेल सुरक्षा बल (रेसुब) द्वारा महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसी के तहत भोपाल मंडल में रेसुब की मेरी सहेली टीम भी सक्रिय है, जो अकेली यात्रा कर रही महिला यात्रियों से संपर्क कर सुरक्षा प्रदान कर रही है। इस साल अब तक करीब 8820 अकेली महिला यात्रियों को सुरक्षा एवं आवश्यक सहायता प्रदान की है। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉक्टर अभिषेक ने बताया कि महिला यात्रियों की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा उनमें रेल सुरक्षा बल के प्रति विश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से, राखी के त्यौहार के अवसर पर भोपाल मंडल के कार्यक्षेत्र में महिला यात्रियों से रेसुब के आरक्षक/प्रधान आरक्षक द्वारा सुरक्षित यात्रा की गारंटी सुनिश्चित की जा रही है।



## आज रवाना होगी रानी कमलापति से रीवा के लिए स्पेशल ट्रेन, रेलवे ने दो अतिरिक्त कोच लगाए

*रक्षाबंधन पर भोपाल से रीवा और रीवा से भोपाल आने-जाने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, रेलवे द्वारा विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 01661/01662 रानी कमलापति-रीवा-रानी कमलापति साप्ताहिक एक्सप्रेस विशेष गाड़ी 8 अगस्त को रानी कमलापति से तथा 9 अगस्त को रीवा से चलाई जाएगी।*

### इन स्टेशनों पर रुकेगी गाड़ी

दोनों दिशाओं में यह गाड़ी रानी कमलापति, विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, मैहर, सतना, रीवा स्टेशनों पर ठहरेगी। इस गाड़ी में 4 तृतीय वातानुकूलित श्रेणी, 5 तृतीय वातानुकूलित इकॉनमी श्रेणी, 5 शयनयान श्रेणी, 2 सामान्य श्रेणी सहित कुल 18 कोच रहेंगे।

### शाम साढ़े सात बजे होगी ट्रेन रवाना

गाड़ी संख्या 01661 रानी कमलापति से रीवा के लिए शुक्रवार 8 अगस्त को 19:35 बजे प्रस्थान करेगी, जो अगले दिन शनिवार को 6:20 बजे रीवा पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 01662 रीवा से रानी कमलापति के लिए शनिवार 9 अगस्त को 07:35 बजे प्रस्थान करेगी, जो उसी दिन 19:20 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी।

श्रीजी मंदिर में प्रभु के अद्‌भुत श्रृंगार का भक्तों ने किया दर्शन

## लाल बादशाह के साथ सिर पर शेरा मोती की माला एवं सोने के आभूषणों से श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

श्रीजी मंदिर लखेरापुरा में गुरुवार को प्रभु श्रीनाथजी का लाल बादशाह के साथ सर पर शेरा मोती की माला एवं सोने के आभूषणों से श्रृंगार किया गया। संध्या काल में प्रभु को केले के खंभे से बने कलात्मक राजस्थानी झूले विराजमान किए गए। मंदिर के मुखिया श्रीकांत शर्मा ने बताया कि इसकी विशेषता यह है कि यह केले के खम्भे को काटने के बाद सजाया जाता है।



## महामाया वैभव लक्ष्मी का धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस

**भोपाल।** मां सलकनपुर वाली माता महामाया वैभव लक्ष्मी मां वैभव माता के रूप में विराजमान माता भोपाल शहर में गोविंदपुरा बीएचईएल सिक्योरिटी लाइन क्षेत्र विकास नगर 3 सी सेक्टर में विराजमान है। गुरुवार को मां वैभव लक्ष्मी का धूमधाम से स्थापना दिसव मनाया गया। मंदिर की संचालिका शैल सिंह राजपूत ने बताया कि मंदिर का निर्माण 2009 में किया गया था। जो भी भक्त सच्चे मन से माता रानी के दर्शन करने आता है, उसकी सभी मुरादें पूरी होती है। सलकनपुर वाली माता पूरे विश्व में विख्यात है मां दरबार में अर्जी लगाने से गंभीर बीमारी कैंसर, टीवी एवं अन्य बीमारियां ठीक हो जाती है।

अयोध्या बायपास के ग्रीन बेल्ट से निगम अमले ने हटाए कब्जे

## भारी हंगामे के बीच 30 दुकानें हटाईं, पांच ट्रक सामान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम के अतिक्रमण अमले ने अयोध्या बायपास चौराहे पर ग्रीन बेल्ट से 30 से अधिक अस्थाई दुकानें, ठेले और गुमठियों को हटा दिया। गुरुवार सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक चली कार्रवाई के दौरान कई बार हंगामे की स्थिति बनी। अमले ने अतिक्रमण हटाने के बाद करीब 5 डंपर सामान भी जब्त किया। अयोध्या बायपास चौराहे पर मिनाल रेसीडेंसी के गेट नंबर 2 से करोंद जाने वाले रास्ते पर ग्रीन बेल्ट में बड़ी संख्या में अतिक्रमण हो रहा था। इसका सर्वे हाल ही में जिला प्रशासन ने किया था।



### 7 घंटे तक चली कार्रवाई

*गुरुवार को जिला प्रशासन की टीम में आरआई, पटवारी और निगम के अतिक्रमण अमले को साथ लेकर पहुंचे। अतिक्रमण प्रभारी प्रीतेश गर्ग ने टीमों के साथ 7 घंटे की कार्रवाई में 30 से अधिक अस्थाई दुकानों को हटाया। बताया जाता है कि यह अस्थाई दुकानें सालों से चल रही थीं।*

## पिंड दान और तर्पण 7 सितंबर से, 10 को अस्थियां होंगी विसर्जित

**भोपाल।** श्री विश्राम घाट कमेटी ट्रस्ट के सुभाष नगर में गत 10 वर्षों से श्राद्ध पक्ष में पिण्ड दान, तर्पण, अस्थि विसर्जन एवं भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कमेटी प्रमुख शोभराज सुखवानी ने बताया कि इस संबंध में बैठक आयोजित हुई, जिसमें हमेशा की तरह इस वर्ष भी सभी कार्यक्रम आयोजित करने सदस्यों ने सहमति प्रदान की। उन्होंने बताया कि पिंड-दान, तर्पण का कार्यक्रम पूर्णिमा 7 सितंबर से आरंभ होगा। इसके साथ ही ऐसे लोग जिनकी अस्थियां विश्राम घाट में ही रखी रहती हैं, उनकी अस्थियों का विसर्जन बुधनी घाट पर 10 सितंबर बुधवार को किया जाएगा।



भोपाल
शुक्रवार, 8 अगस्त 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष-14
वर्ष : 12, अंक : 129
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 31
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### जीवित लोगों को मृत बताकर 20 करोड़ ठगे




**ग्वालियर।** चंबल संभाग में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत एक बड़ा घोटाला सामने आया है। इस फर्जीवाड़े में एक संगठित गिरोह ने जीवित लोगों के फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर लगभग 20 करोड़ रुपए की बीमा राशि हड़प ली। आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो ने ग्वालियर, भिंड और मुरैना से 15 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। योजना के तहत नॉमिनी को दो लाख की आर्थिक सहायता दी जाती है। आवेदन प्रक्रिया की सरलता का शातिरों ने फायदा उठाया।

### वॉट्सएप या ई-मेल से नोटिस भेजना वैध नहीं



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) या भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के तहत वॉट्सएप और ईमेल से नोटिस भेजना वैध नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा राज्य की ओर से अपने जनवरी 2025 के आदेश में संशोधन की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि बीएनएसएस में ऐसी प्रक्रिया को शामिल करना विधानमंडल की विधायी मंशा का उल्लंघन होगा।

**सीएम डॉ. यादव ने कहा-** प्रदेश के एक लाख से अधिक युवाओं के लिए सृजित होंगे रोजगार के अवसर

# मप्र में बनने वाले रेल-मेट्रो कोच का 'विदेशों' में भी होगा निर्यात

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप काम का फोकस स्वदेशी केंद्रित योजनाओं पर किया जा रहा है

सीएम ने कहा कि 12 अगस्त तक पूरे प्रदेश में तिरंगे पर केंद्रित कार्यक्रम होंगे और 13 से 15 अगस्त तक हम सभी को घर, कार्यालयों और वाहनों पर तिरंगा लगाना है

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप काम का फोकस स्वदेशी केंद्रित योजनाओं पर किया जा रहा है। इसी के तहत रायसेन जिले के औबेदुल्लागंज में ब्रह्मा (भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड रेल हब फॉर मैन्युफैक्चरिंग) इकाई की स्थापान की जा रही है। इसकी अधारशिला रखने 10 अगस्त को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आ रहे हैं।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी हिस्सा लेंगे और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होंगे। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में पहली बार रेल-मेट्रो कोच आदि का निर्माण कर देश में आपूर्ति के साथ विदेशों में भी निर्यात किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को सीएम हाउस में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 25 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं। वे धार में वस्त्रोद्योग पर केंद्रित पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन करेंगे। ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

रक्षा मंत्री राजनाथ 10 को रायसेन में रखेंगे रेल कोच फैक्ट्री की आधारशिला

प्रधानमंत्री मोदी 25 को आएंगे, धार में करेंगे पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन



### धार से विदेशों में भी होंगे वस्त्र निर्यात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल के पास बनने वाली रेल कोच इकाई और धार के पास वस्त्र उद्योग पर केंद्रित विकसित पीएम मित्र पार्क से इंदौर मेट्रोपोलिटन क्षेत्र को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि पीएम मित्र पार्क मध्य प्रदेश की समृद्धि के नए द्वार खोलेगा। रेडीमेड गारमेंट सेक्टर की 2000 करोड़ रुपए की ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सशस्त्र बलों के जवानों को बहनें भेजेंगी राखियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश में लगातार चौथे वर्ष हर घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सशस्त्र बलों के जवानों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के उद्देश्य से बहनों द्वारा उन्हें राखियां भेजी जाएंगी। राज्य ▶▶ शेष पेज 4 पर

### वंदे भारत-अमृत भारत, मेट्रो कोच का निर्माण होगा

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दोनों इकाइयों से युवाओं के लिए रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध होंगे। कोच फैक्ट्री से जहां ड़ेढ़ हजार से ज्यादा युवाओं को रोजगार मिलेगा, वहीं पीएम मित्र पार्क के जरिए एक लाख से ज्यादा रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। डॉ. यादव ने कहा कि पीएम मोदी स्वदेशी की भावना के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए देश को अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत हैं। रायसेन और धार में इसी दिशा में किए जा रहे प्रयास हैं। उन्होंने बताया कि रेलवे की परियोजना के लिए रायसेन जिले के तहसील गौहरगंज के ग्राम उमरिया में 60.0630 हेक्टेयर भूमि का आवंटन किया जा चुका है। यहां वंदे भारत-अमृत भारत, मेट्रो कोच का निर्माण किया जाएगा। इस उद्योग से भोपाल और रायसेन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर छोटे उद्योगों भी विकसित होंगे। परियोजना पर लगभग 1800 करोड़ की लागत आएगी।*

### सभी जिलों में स्क्रीन पर होगा लाइव टेलीकास्ट

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के लिए नई कार्ययोजना तैयार की है। इसके अंतर्गत राजधानी भोपाल में होने वाले मुख्य कार्यक्रम को प्रत्येक जिले में स्क्रीन पर लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा। प्रभारी मंत्री जिला स्तरीय कार्यक्रम में अपने संबोधन में राज्य सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों और योजनाओं की जानकारी जन-जन को ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मुख्यमंत्री ने 1.26 करोड़ महिलाओं को दिया रक्षाबंधन का तोहफा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' की 1.26 करोड़ से ज्यादा बहनों को रक्षाबंधन का तोहफा दे दिया है। उन्होंने गुरुवार को किस्त के 1250 रुपए और राखी के शगुन के 250 रुपए भी बहनों के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए। डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से 1 हजार 859 करोड़ रुपए की राशि बहनों के ▶▶ शेष पेज 4 पर

विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) दम्मू रवि ने कहा

## ट्रंप का 50% टैरिफ का आदेश अकारण लिया गया 'एकतरफा निर्णय'



**नई दिल्ली।** यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से जारी कच्चे तेल की खरीद से बिदके अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय निर्यात पर लगने वाले पारस्परिक टैरिफ को बढ़ाकर 50 फीसदी करने के निर्णय के ठीक अगले दिन गुरुवार को भारत के वरिष्ठ राजनयिक की एक महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया सामने आई है। विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) दम्मू रवि ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति का भारत के टैरिफ को 25 से बढ़ाकर 50 फीसदी करना पूरी तरह से एकतरफा निर्णय है। जो बिना किसी कारण और तर्क के लिए लिया गया है। जिसका हालांकि भारतीय उद्योगों पर कोई हानिकारक प्रभाव नहीं पड़ेगा। ये एक अस्थायी समस्या है, जिसका देश सामना कर रहा है। इन सबके बीच नई दिल्ली और वाशिंगटन डीसी के मध्य बातचीत चल रही है। दोनों देशों के बीच साझा लाभप्रद भागीदारी को देखते हुए हमें पूरा विश्वास है कि आगामी समय में कुछ ▶▶ शेष पेज 4 पर

टैरिफ विवाद पर किसानों का जिक्र कर पीएम मोदी बोले

## व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी



हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता

**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ जारी टैरिफ पर 'रार' के बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने डोनाल्ड ट्रंप का नाम लिए बिना बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है, भारत अपने किसानों, पशुपालकों और मछुआरे भाई-बहनों के साथ कभी भी समझौता नहीं करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि मैं जानता हूं, व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं। मेरे देश के किसानों के लिए, मेरे देश के मछुआरों के लिए, मेरे देश के पशुपालकों ▶▶ शेष पेज 4 पर

भारत के समर्थन में आया चीन

### भारत की संप्रभुता से कतई समझौता नहीं होना चाहिए



**बीजिंग।** ट्रंप द्वारा रूसी तेल की खरीद के लिए भारत पर 25% अतिरिक्त टैरिफ लगाने के आदेश के बाद चीन ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। चीन ने इस कदम को व्यापारिक उपायों का दुरुपयोग करार देते हुए अमेरिका की कड़ी आलोचना की है। गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि चीन हमेशा से टैरिफ के दुरुपयोग का विरोध करता आया है और इस पर हमारा रुख स्पष्ट और स्थायी है। ये भी कहा कि भारत की संप्रभुता से समझौता नहीं होना चाहिए।

ट्रंप ने फिर दी भारत को चेतावनी

### आपको और भी बहुत कुछ देखने को मिलेगा



**वॉशिंगटन।** ओवल ऑफिस में पत्रकारों से वार्ता करते हुए ट्रंप ने रूस से लगातार तेल खरीद को लेकर भारत पर और अधिक टैरिफ लगाने की चेतावनी दी। जब ट्रंप से पूछा गया कि भारतीय अधिकारियों का कहना है चीन जैसे अन्य देश भी रूसी तेल खरीद रहे हैं। आप इन अतिरिक्त प्रतिबंधों के लिए भारत को ही क्यों जिम्मेदार ठहरा रहे हैं? इस पर ट्रंप ने जवाब दिया कि अभी तो सिर्फ़ आठ घंटे ही हुए हैं। देखते हैं क्या होता है। आपको और भी बहुत कुछ देखने को मिलेगा। आपको कई अतिरिक्त प्रतिबंध देखने को मिलेंगे।



### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी ने खादी ग्रामोद्योग भवन पहुंचकर वस्त्र एवं तिरंगा झंडा खरीदा

# खादी केवल एक वस्त्र नहीं, हमारे स्वाधीनता संग्राम की आत्मा है: खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने गुरुवार को जवाहर चौक स्थित खादी एवं ग्रामोद्योग भवन पहुंचकर राष्ट्रीय ध्वज और वस्त्र खरीदकर डिजिटल भुगतान किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि खादी केवल वस्त्र नहीं, बल्कि यह हमारे स्वाधीनता संग्राम की आत्मा है। हमें स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए खादी वस्त्र व तिरंगा खरीदना चाहिए। खंडेलवाल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने आत्मनिर्भरता, स्वदेशी और स्वाभिमान के प्रतीक रूप में खादी को जिस भावना से अपनाया था, वह आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी पहले थी।

#### स्थानीय कारीगरों के श्रम को मिलता है सम्मान



हर घर तिरंगा अभियान केवल तिरंगा फहराने की परंपरा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, गर्व और जागरुकता का अभियान है। यदि हम खादी का तिरंगा फहराते हैं, तो हम राष्ट्र प्रेम के साथ-साथ ग्रामोद्योग, आत्मनिर्भरता और स्थानीय कारीगरों के श्रम को भी सम्मान देते हैं। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति उपस्थित रहे।

## न्यायालय के फैसले ने सिद्ध किया कि सनातनी कभी आतंकवादी नहीं हो सकता: हेमंत

#### प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी, प्रदेश संगठन महामंत्री पहुंचे पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर के निवास, की चर्चा



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने पार्टी की पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर के निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर खंडेलवाल ने कहा कि साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर पर जो आरोप लगाए गए थे, वह बहुत ही दुखद व दुर्भाग्यपूर्ण थे। उन्होंने सनातन के लिए असाधारण संघर्ष किया है। सत्य परेशान हो सकता है पर पराजित नहीं। न्यायालय के फैसले ने सिद्ध कर दिया है कि सनातन धर्म का व्यक्ति कभी आतंकवादी घटना में शामिल नहीं हो सकता।

#### कांग्रेस, उसके सहयोगी दलों ने निर्दोषों को फंसाया

खंडेलवाल ने कहा कि हिन्दू आतंकवाद जैसे नैरेटिव गढ़ने वाली कांग्रेस को सदैव याद रखना चाहिए कि हिन्दू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता। न्यायालय के फैसले ने सनातन धर्म, साधु-संतों एवं भगवा को अपमानित करने वाले लोगों को जवाब दिया है। वोट बैंक के लालच और तुष्टिकरण की राजनीति के चलते कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने न सिर्फ निर्दोषों को फंसाया, बल्कि पूरे हिंदू समाज की छवि को धूमिल करने का संगठित प्रयास भी किया। इस फैसले से हिंदू धर्म को मानने वालों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल एवं जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति उपस्थित रहे।

---

## खबर संक्षेप

#### महर्षि पाणिनी संस्कृत विवि के कुलगुरू बने प्रो. मिश्र

**भोपाल।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति मंगुभाई पटेल ने गुरुवार को प्रो. शिव शंकर मिश्र को महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन का कुलगुरू नियुक्त किया है। प्रो. मिश्र वर्तमान में लाल बहादुर शास्त्रीय राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष हैं। मिश्र को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 4 वर्ष की कालावधि के लिए कुलगुरू नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार इनकी सेवा शर्तें एवं निबंधन विश्वविद्यालय के परिनियम-1 के अनुसार शासित होंगे।

#### डॉ. गुप्ता बने साइकेट्री एजुकेशन समिति सदस्य

**भोपाल।** एम्स के मनोरोग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. स्नेहिल गुप्ता को वर्ल्ड साइकियाट्री एसोसिएशन (डब्ल्यूपीए) की साइकेट्री एजुकेशन सेक्शन की समिति में सदस्य के रूप में चुना गया है। मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत यह संस्था वैश्विक स्तर पर सबसे प्रभावशाली और प्रतिष्ठित संगठनों में से एक मानी जाती है। डॉ. गुप्ता का यह कार्यकाल वर्ष 2025 से 2028 तक रहेगा, जिसमें वे समिति के अन्य अंतरराष्ट्रीय सदस्यों के साथ मिलकर वैश्विक स्तर पर मनोरोग शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए कार्य करेंगे। उनके प्रयासों का मुख्य उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाली मनोरोग शिक्षा में व्याप्त असमानताओं को कम करना, अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना रहेगा।

---

### मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने नरसिंहगढ़ में बहनों के साथ मनाया रक्षाबंधन पर्व

# सीएम डॉ. मोहन ने कुरावर में शासकीय महाविद्यालय शुरू करने की घोषणा की

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के अमिट रिश्ते का प्रतीक है, जो सामाजिक एकता और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करता है। मुख्यमंत्री गुरूवार को राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के राज्य-स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की 1 करोड़ 26 लाख 89 हजार लाड़ली बहनों के खातों में 1,859 करोड़ रुपए अंतरित किए। साथ ही उज्वला योजना के अंतर्गत 28 लाख से अधिक बहनों को 43.90 करोड़ सहायता राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण किया।

डॉ. यादव ने यहां बहनों के साथ रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया और विभिन्न योजनाओं के हितलाभ वितरण भी किए। बहनों ने स्नेहपूर्वक उनकी कलाई पर राखी बांधी और धन्यवाद देते हुए कहा कि हमारे भैया डॉ. मोहन ने सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं दी, बल्कि हमारे रिश्ते को मान-सम्मान और आत्मीयता से भर दिया है। इस अवसर पर डॉ. यादव ने बहनों को झूला भी झुलाया।

#### अब तक लाड़ली बहनों को 41 हजार करोड़ रूपए वितरित

**खास बातें**

- सामाजिक एकता और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करता है रक्षाबंधन
- विभिन्न योजनाओं के हितलाभ वितरित किए




#### बैजनाथ धाम के जीर्णोद्धार की घोषणा, चार भव्य द्वार भी निर्मित किए जाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नरसिंहगढ़ के बैजनाथ धाम के जीर्णोद्धार की घोषणा की। धाम परिसर के चार भव्य द्वारा भी निर्मित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कुरावर में छात्र-छात्राओं की उच्च शिक्षा की बेहतर व्यवस्था के लिए शासकीय महाविद्यालय खोला जाएगा। क्षेत्र में सिंचाई का रकबा बढ़ाने के लिए नेवज नदी को पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) परियोजना से जोड़ा जाएगा। निकट भविष्य में राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ और ब्यावरा भी मेट्रोपोलिटन सिटी का हिस्सा होंगे।

#### प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नेतृत्व से देश में आतंकी घटनाएं बंद हो गई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व से देश में आतंकी घटनाएं बंद हो गई हैं। ऑपरेशन सिंदूर चलाकर दुश्मन को खत्म किया है। भाई अपनी जान की परवाह किए बिना बहन के सिंदूर की रक्षा करते हैं। इस बार 15 अगस्त ऑपरेशन सिंदूर के नाम होगा। जब देश सुरक्षित रहेगा तो भाई-बहन का रिश्ता सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि बहनों के लिए कार्यस्थल पर हॉस्टल बना रहे हैं। बहनों को गोपालन योजना के अंतर्गत 35 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। प्रदेश में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है।

#### विशेष आयोजन 'आकांक्षा हॉट' का शुभारंभ



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम स्थल पर नीति आयोग के 'संपूर्णतः अभियान' के अंतर्गत आयोजित विशेष आयोजन 'आकांक्षा हॉट' का शुभारंभ किया। यह आयोजन 7 अगस्त से 10 अगस्त तक चलेगा, जिसमें जिले की स्थानीय प्रतिभाओं और उत्पादों को एक नया मंच प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प, खाद्य उत्पादों और अन्य सामग्रियों का अवलोकन कर सराहना की।

#### डॉ. यादव का रोड शो में हुआ भव्य स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव अर्जुन तिराहा से बस स्टैंड तक आयोजित भव्य रोड-शो में शामिल हुए। नगरवासियों ने उनका जोरदार और भव्य स्वागत किया। रोड-शो के दौरान डॉ. यादव जनसमूह के बीच पहुंचे और नागरिकों का स्नेहपूर्वक अभिवादन स्वीकार किया। पूरे मार्गपर जगह-जगह स्वागत मंच बनाए गए थे, जहां नगरवासियों ने ढोल-नगाड़ें बजाकर स्वागत किया। बहनों ने कलश यात्रा निकाली और पुष्पवर्षा कर अपने भैया मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत किया।

#### दीपावली के बाद लाड़ली बहनों को हर माह 1500 रु.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार ने लाड़ली बहनों को दी जा रही राशि 1250 रुपए हो चुकी है। इसे 3 हजार रुपए तक लेकर जाएंगे। राज्य सरकार ने अब तक 41 हजार करोड़ से अधिक राशि लाड़ली बहनों को बांटी है। डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली बहनों को अगस्त में 250 रुपए के शगुन के साथ 1500 रुपए भेजे जा रहे हैं। दीपावली के बाद लाड़ली बहनों को हर माह 1500 रुपए दिए जाएंगे। अगले तीन साल में 2028 तक 3000 रुपए खाते में आएंगे।

---

## अतिवृष्टि और बाढ़ से हुई क्षति की राहत राशि आज वितरण करेंगे मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में प्राकृतिक आपदा, अतिवृष्टि और बाढ़ से हुई क्षतियों जैसे जनहानि, पशुहानि, मकान क्षति एवं अन्य क्षति के लिए प्रभावितों को 8 अगस्त को सिंगल क्लिक के माध्यम से राहत राशि वितरित करेंगे। डॉ. यादव मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राहत राशि वितरित करेंगे और हितग्राहियों से चर्चा भी करेंगे। प्रमुख सचिव राजस्व विवेक पौरवाल ने बताया कि प्रदेश के जिलों में मानसून काल वर्ष 2025 में प्राकृतिक आपदा एवं अतिवृष्टि, बाढ़ से हुई क्षति के प्रभावितों को राहत राशि वितरित की जा रही है।

## डीजीपी से वन बल प्रमुख ने शिकार नियंत्रण पर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा से प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वीएन अम्बाड़े ने पुलिस मुख्यालय पहुंचकर सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश स्तर पर टाइगर स्ट्राइक फोर्स की बैठकें आयोजित करने को लेकर चर्चा की।

साथ ही कहा कि टाइगर स्ट्राइक फोर्स और पुलिस के समन्वय के साथ प्रदेश में जानवरों के शिकार को नियंत्रित किया जा सकेगा। वहीं पुलिस विभाग के सहयोग से अतिक्रमणों को हटाने एवं लकड़ी चोरी को रोकने में सहयोग भी मिलेगा। इसके अतिरिक्त अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। विदित है कि हाल ही में वन बल प्रमुख अंबाड़े ने पदभार ग्रहण किया है, इसलिए अब वह लगातार अन्य विभागों के साथ सामंजस्यय बनाकर वन अपराधों को रोकने की दिशा में काम कर रहे हैं।

---

### आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों की चेतावनी...

## आज वेतन नहीं मिला तो रक्षाबंधन पर्व पर करेंगे उप मुख्यमंत्री के बंगले का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रक्षाबंधन पर्व पर वेतन नहीं मिलने से आक्रोशित आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर आठ अगस्त तक वेतन नहीं मिला तो प्रदेश भर के कर्मचारी उप मुख्यमंत्री और चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल के बंगले का घेराव करेंगे। बता दें कि प्रदेश में 30 हजार से अधिक आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों को बीते कई माह से वेतन भुगतान नहीं किया गया है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष कोमल सिंह ने कहा कि वेतन नहीं मिलने पर महिला स्वास्थ्य कर्मचारी कैसे मनाए रक्षाबंधन पर्व मनाएंगी।

शासकीय अस्पतालों में विगत कई वर्षों से आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी 10 से 12 घंटे सेवाएं दे रहे हैं। फिर भी एनएचएम, स्वास्थ्य विभाग एवं निजी आउटसोर्स एजेंसी द्वारा विगत कई माह से वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है। कोमल सिंह ने बताया कि आउटसोर्स एजेंसी कर्मचारियों को कुशल श्रमिक दर एवं अर्ध कुशल श्रमिक दर से भुगतान न करते हुए मनमर्जी अनुसार अलग-अलग वेतन भुगतान किया जा रहा है।

### विपक्ष ने उठाई जनता की आवाज

## नेता प्रतिपक्ष सिंघार बोले, ओबीसी आरक्षण पर चर्चा से भागी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा के मानसून सत्र की समाप्ति के बाद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आरोप लगाते हुए कहा कि सत्र के दौरान सरकार की नीयत साफ तौर पर जनविरोधी रही और वह लगातार चर्चा से भागती रही। गुरूवार को आयोजित प्रेस में उन्होंने कहा कि हमने बार-बार सदन में ओबीसी आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की मांग की, लेकिन सरकार चर्चा से भागती रही। यह मुद्दा सामाजिक न्याय से जुड़ा है, सरकार की चुप्पी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।



#### पं. प्रदीप मिश्रा पर कहा, कानून सबसे ऊपर है

*कुबरेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की मौत के सवाल पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पंडित प्रदीप मिश्रा एक विद्वान हैं, पर कानून सबसे ऊपर होता है। किसी की मृत्यु पर रुद्राक्ष वितरण जैसे आयोजन की अनुमति नहीं दी जा सकती। पहले भी ऐसे मामलों में कार्रवाई हो चुकी है जैसे कोहली प्रकरण। सवाल यह है कि अगर नियम का उल्लंघन हुआ तो जिम्मेदार कौन है? उस पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए।*

## स्टाम्प बढ़ोतरी के मामले में पटवारी बोले, जनता के जरूरी दस्तावेजों को भी लक्जरी आइटम बना रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने गुरुवार को भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि विधानसभा में पारित किए गए भारतीय स्टाम्प (मप्र संशोधन) और अन्य विधेयकों के जरिए सरकार ने साफ कर दिया है कि अब वह अपनी नाकामी और भ्रष्टाचार का बोझ सीधे जनता पर लादने जा रही है। जरूरी दस्तावेजों पर स्टाम्प शुल्क में सौ प्रतिशत से लेकर पांच सौ प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर दी गई है। शपथ पत्र, प्रॉपर्टी एग्रीमेंट, पावर ऑफ अटॉर्नी, लाइसेंस, रजिस्ट्रियों में सुधार जैसे तमाम बुनियादी कागजातों पर अब आम नागरिक को पहले से कई गुना ज्यादा कीमत चुकानी होगी।



उन्होंने कहा कि यह सरकार अब जनता के लिए जरूरी दस्तावेजों को भी लक्जरी आइटम बना रही है। क्या अब किसी गरीब को किरायानामा या किसी किसान को बंटवारे का सहमति पत्र बनवाना भी भारी आर्थिक बोझ बन जाएगा? पटवारी ने कहा कि सरकार की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि अब उसकी माली हालत सुधारने के लिए जनता को निचोड़ा जा रहा है।

## आईईएचईः मनाई गई प्रो. स्वामीनाथन की जन्म शताब्दी

**भोपाल।** राजधानी स्थित उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान के कृषि विभाग में हरित क्रांति के जनक प्रो. एमएस स्वामीनाथन की जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही बायोटेक्नोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रुचिरा चौधरी के साथ कृषि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार भारद्वाज, कृषि विभाग की फैकल्टी डॉ. स्मिता राजन, डॉ प्रतिमा शर्मा, डॉ. शुभम मिश्रा एवं डॉ प्रियंका गुर्जर की उपस्थति रहीं। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने स्वामीनाथन के जीवन पर प्रस्तुति दी।

---




#### अब तक चलेगा अधीक्षक साहब का नवाचार

राजधानी के मॉडल अस्पताल जेपी में एक गोपनीय नवाचार शुरू किया गया है। इस नवाचार के तहत अस्पताल में आने-जाने वालों मरीजों से इलाज और सुविधाओं के बारे में जानने के साथ ही इस संबंध में भी फीडबैक लिया जाएगा। इसमें डॉक्टरों, नर्स और कर्मचारियों का बर्ताव मरीज के साथ कैसा रहा। बताया जा रहा है कि अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को एक फार्म दिया जा रहा है। जिसमें कुछ बिंदु निर्धारित किए गए हैं। इस फार्म को भरकर अपना नाम लिखे बगैर ही एक बाक्स में डाला जाएगा। इस बाक्स को खोलने की जिम्मेदारी सिर्फ अधीक्षक साहब की होगी। वे इस बाक्स को खोलकर देखेंगे कि किस-किसी की क्या शिकायत आ रही है। इन सभी शिकायत के आधार पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी प्रस्तावित की जाएगी। अब देखना दिलचस्प होगा कि यह नवाचार कितने दिन चलता और कितनों पर कार्रवाई होती है।

#### कब खत्म होगा दो अफसरों का शीतयुद्ध

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के दो अफसरों के बीच चल रहा शीतयुद्ध चर्चा का विषय बना हुआ है। लंबे समय से अफसरों के बीच चल रहा शीतयुद्ध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। कहने वालों को कहना है कि बड़े साहब को उनके छोटे अफसर का काम नहीं जम पा रहा है, तो अफसर भी बड़े साहब के साथ असहज महसूस कर रहे हैं। आला अधिकारियों ने दोनों को काफी समझाइश दी, लेकिन तब भी पटरी नहीं बैठ पाई। दफ्तर में आएदिन की चिक-चिक से परेशान साहब तो अवकाश पर चले गए हैं। उनका अवकाश पर जाना एनएचएम से लेकर स्वास्थ्य विभाग तक चर्चा का विषय बन गया। कहानी कुछ समझ नहीं आ रही है। नीचे के अधिकारी तो यही कहते हैं, दो बड़े अफसरों के बीच का मामला है, वे ही अच्छी तरह जानते होंगे कि उनके बीच किस बात की अनबन है। हम बीच में क्यों पड़े।

#### मलाईदार पद पर भी नहीं मिल रहे अधिकारी

किसी भी व्यक्ति को इंतजार सहन करने में बड़ी पीड़ा होती है। ऐसा कहा जाता है कि लोग इंतजार करने से काफी कतराते हैं। कोई होटल में खाने का इंतजार करने से कतराता है तो कोई किसी व्यक्ति का इंतजार करने से, लेकिन यहां मामला कुछ और ही है। दरअसल भोपाल एम्स में इन दिनों अफसरों का इंतजार कर रहा है। करीब एक महीने पहले रिश्वत कांड में जिन अफसर को सस्पेंड किया गया था, उनकी जगह में अब तक दूसरे अधिकारी को पदस्थ नहीं किया गया है। प्रभारी अधिकारी से ही काम चलाया जा रहा है। एम्स में यह विषय चर्चा का बना हुआ है। कहने वालों को कहना है कि कोई भी अधिकारी इस पद पर नहीं आया चाहता है। क्यों कि पद मलाइदार है और किसी की भी नीयत डोल सकती है।

सचिन सिंह बैस

---

### तहसीलदार वर्ग के 1100 अफसरों की कलम बंद हड़ताल जारी

#### तहसील दफ्तरों में बाबुओं ने दूसरे दिन भी बढ़ाई पेशियों की तारीख

## काम से दूरी...तहसीलदारों ने अपने वाहन भी कलेक्टोरेट में जमा कराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तहसील का काम और वीआईपी ड्यूटी में बंटवारे को लेकर बुधवार से राजधानी सहित प्रदेश के 1100 से अधिक तहसीलदार, नायब तहसीलदार, एसएलआर और एएसएलआर कलमबंद हड़ताल पर चले गए हैं। जिसके तहत वह कुर्सी पर तो बैठेंगे, लेकिन काम नहीं करेंगे। गुरुवार को राजधानी के तहसील दफ्तरों में यह अफसर दफ्तरों से गायब रहे। जिससे बाबुओं ने पांच सौ से अधिक पेशियों को आगे बढ़ाया।

मध्यप्रदेश राजस्व अधिकारी (कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा) संघ के प्रांताध्यक्ष डा. धर्मेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि कलम बंद करते हुए तहसीलों के काम से दूरी बनाई गई है। गुरुवार को अफसरों ने अपने वाहन भी कलेक्टोरेट में जमा करा दिए हैं। चौहान ने बताया कि तहसीलदार सिर्फ आपदा प्रबंधन से जुड़े कामों के अलावा दूसरा कोई काम नहीं करेंगे। जब तक शासन न्यायिक और गैर न्यायिक विभाजन को लेकर की जा रही मांगों को नहीं मान लेता है, तब तक हमारा विरोध जारी रहेगा। मालूम हो कि प्रदेश में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, एसएलआर और एएसएलआर की संख्या 11 सौ से अधिक है।



#### तहसीलों में लगी भीड़, पेशियां बढ़ाई आगे

*जिले में तीन तहसील कोलार, बैरसिया और हुजूर हैं, जबकि पांच वृत्त संत हिरदाराम नगर, एमपी नगर, टीटी नगर, शहर और गोविंदपुरा शामिल हैं। इन सभी तहसील और वृत्त में नामांतरण, सीमांकन, फौती नामांतरण, मूल निवासी, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, ईडब्ल्यूएस सहित करीब 500 से अधिक मामले आते हैं। इसके अलावा हर दिन ढाई सौ से अधिक प्रकरणों में तहसीलदार, नायब तहसीलदार सुनवाई करते हैं। दूसरे दिन में भी आम लोगों को तहसील दफ्तरों में परेशान होते हुए देखा गया।*

### अंगदान को भोपाल अहमदाबाद पहुंचाने बनाया गया ग्रीन कॉरिडोर

# ब्रेन डेड सत्येंद्र तीन लोगों को दे गया नई जिंदगी भोपाल में लिवर तो अहमदाबाद में धड़केगा दिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जबलपुर में एक ब्रेन डेड व्यक्ति ने दुनिया से जाते जाते भी तीन लोगों को नया जीवन दे गया। सड़क हादसे में जान गंवाने वाले युवक के परिजनों ने अंगदान की सहमति दी। हार्ट अहमदाबाद, लिवर भोपाल और एक किडनी जबलपुर के मरीज को ट्रांसप्लांट की जा रही है।

दरअसल, जबलपुर के शासकीय सुभाष चंद्र मेडिकल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती सत्येंद्र यादव को ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया था। इसके बाद परिजनों ने अंगदान की सहमति दी। इसके बाद हार्ट के अहमदाबाद, लीवर को भोपाल भेजा गया। सिद्धांता अस्पताल के संचालक डॉ. सुबोध वार्ष्णेय ने बताया कि लिवर ट्रांसप्लांट के लिए जरूरी सभी व्यवस्थाएं हो चुकी हैं। शाम करीब छह बजे लिवर ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी।




### हादसे में घायल हुआ था युवक

सत्येंद्र यादव सिवनी जिले में गैस डिलीवरी का कार्य करता था। सोमवार की शाम वह गढा थानान्तर्गत सूपाताल क्षेत्र में गैस टंकी डिलीवरी करने जा रहा था। इसी दौरान उसका एक्सीडेंट हो गया। सड़क हादसे में युवक के सिर में गंभीर चोटें आई थी। इसके चलते इलाज के दौरान वह ब्रेन डेड हो गया था। युवक के ब्रेन डेड होने के बाद डॉक्टरों ने अंगदान के लिए युवक के परिजनों की काउंसलिंग की थी। काउंसलिंग के बाद परिजन ने अंगदान के लिए सहमति व्यक्त की।

### किडनी को जबलपुर में ट्रांसप्लांट किया जाएगा

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डीन डॉ. नवनीत सक्सेना ने बताया कि युवक के हार्ट को अहमदाबाद और लीवर को भोपाल भेजा गया है। उसकी एक किडनी को जबलपुर में ट्रांसप्लांट किया जायेगा। युवक का ऑपरेशन मेदांता दिल्ली और भोपाल के सिद्धांत हॉस्पिटल से आई विशेष डॉक्टरों की टीम ने किया।

### 15 मिनट में बनाए दो ग्रीन कॉरिडोर

अस्पताल से पहली एंबुलेंस दोपहर 3.52 मिनट पर डुमना विमानतल के लिए रवाना हुई। इसके टीम 15 मिनट बाद दूसरी एम्बुलेंस लीवन लेकर डुमना एयरपोर्ट के लिए रवाना हुई। डुमना से विशेष प्लेन की मदद से हार्ट को अहमदाबाद ले जाया गया। वहीं दूसरे ग्रीन कॉरिडोर में लीवर को भोपाल रवाना किया गया।



### एयरपोर्ट से 21 मिनट में लीवर पहुंचा सिद्धांता अस्पताल

जबलपुर में हुए ऑर्गन डोनेशन के बाद लिवर को भोपाल एयरपोर्ट शाम साढ़े पांच बजे पहुंचा। लिवर को एयरपोर्ट से सिद्धांता अस्पताल तक पहुंचाने के लिए 18 किमी का ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया है। इसके लिए पूरे रास्ते पर यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस और प्रशासन के सहयोग ने डोनेट ऑर्गन को 18 किमी लंबा ग्रीन कॉरिडोर से 21 मिनट में सिंद्धाता अस्पताल पहुंचाया गया।

बंसत कौल, डीसीपी, यातायात पुलिस

---

### कोलार में श्रीनगर पार्क एवेन्यु कॉलोनी में बाइक सवार बदमाशों ने की वारदात

# घर पहुंचकर बजाई बेल, बोला-गोली मार दूंगा बुजुर्ग दंपति ने दिखाई दिलेरी तो भागे बदमाश

*गेट खुलते ही बदमाशों ने कहा-बिजली की कंप्लेंट है और धक्का देकर चेन झपटकर हो गए फरार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में बाइक सवार बदमाशों का आतंक अब सड़क से घर तक पहुंच गया है। अभी तक बाइक सवार आरोपी सड़क पर मोबाइल और चेन की झपटमारी कर रहे थे। बदमाशों ने कोलार की श्रीनगर पार्क एवेन्यु कॉलोनी में बुधवार शाम करीब 7 बजकर 55 मिनट पर वारदात की।

वे यहां रहने वाले सीनियर सिटीजन के घर पहुंचे। डोर बेल बजाने के बाद गेट खुला तो कहने लगे कि बिजली की कंप्लेंट है। दंपति ने कंप्लेंट की बात से इंकार किया तो आरोपियों ने बुजुर्ग महिला के गले से चेन झपट ली। छीना झपटी के बाद बदमाश 78 साल की बुजुर्ग महिला और उनके 85 साल के बुजुर्ग पति को धक्का देकर गिराकर भाग निकले। सूचना पर सीनियर सिटीजन के घर पहुंची पुलिस ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

*सीसीटीवी में कैद दोनों बदमाश शाम 7 से 8 के बीच की घटना*

*दंपति के विरोध करने पर उन्हें धक्का देकर फरार हुए बदमाश*



### मुख्य सड़क पर मकान, एलएनटी से रिटायर्ड

एएसआई संतोष कुमार सिंह ने बताया कि गोविंदकांत वर्मा (81) श्रीनगर, पार्क एवेन्यु कॉलोनी कोलार में रहते हैं। उनका मुख्य सड़क पर मकान है। गोविंदकांत एलएनटी से रिटायर्ड हैं। उनके साथ उनकी पत्नी पुष्पा वर्मा (78) और 35 साल की बेटी रहती हैं। बेटी का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। गोविंदकांत ने पुलिस को बताया कि बुधवार रात वह परिवार के साथ घर पर थे। हॉल में टीवी देख रहे थे। रात करीब 7 बजकर 55 मिनट पर घर की डोर बेल बजी। डोर बेल बजने पर वह गेट पर आए और उनके पीछे पत्नी पुष्पा भी पहुंची। इस दौरान गेट के बाहर दो युवक खड़े थे। दोनों मुंह पर कपड़ा लपेटे हुए थे। उन्होंने कहा कि आपके घर से बिजली की कम्प्लेन्ट मिली है। गोविंदकांत ने कहा कि हमारे द्वारा कोई भी कम्प्लेन्ट दर्ज नहीं कराई गई। यह सुनते ही बदमाशों की नजर बुजुर्ग पुष्पा के गले पर पड़ी। गले में सोने की चेन देखकर बदमाश ने झपट्टा मारा और चेन झपट ली। दंपति ने उनका विरोध किया तो वे उन्हें धक्का देकर भाग निकले। झपटी गई चेन की कीमत 50 हजार रुपए बताई जा रही है।

### बाइक बाहर खड़ी कर आए थे बदमाश

घटना की सूचना मिलते ही कोलार पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। इसके बाद घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। दंपति ने बताया कि दोनों बदमाश बाइक से आए थे। उन्होंने घर के सामने बाइक खड़ी की थी। महज तीन मिनट के भीतर उन्होंने झपटमारी की वारदात की है। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में आरोपियों का हुलिया और बाइक का नंबर मिल गया है। पुलिस ने दावा किया है कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### मुंह पर बंधा था कपड़ा, एक के सिर पर टोपी

*वारदात करने आए बदमाश मकान के बाहर सड़क पर बाइक खड़ी करने के बाद कुछ देर तक आपस में बातचीत कर रहे थे। इसके बाद एकाएक गेट के पास पहुंचे और डोर बेल बजाई। दंपति गेट के पास पहुंचे तो बदमाश ने वारदात को अंजाम दिया। अनुमान लगाया जा रहा है कि बदमाशों को पता था कि यहां बुजुर्ग दंपति रहते हैं। गनीमत रही कि इस झपटमारी में धक्का लगने से बुजुर्ग दंपति को चोट नहीं आई है।*

**हिम्मत की दाद**

### बुजुर्ग ने किया संघर्ष तो उल्टे पैर भागे बदमाश

*बुजुर्ग गोविंदकांत ने बताया कि उनके दो बेटे हैं। दोनों बेटे कनाडा और हॉलेंड में रहते हैं। वे हॉल में टीवी देख रहे थे, तभी डोर बेल बजी एक बदमाश बाहर था, जबकि दूसरा घर में घुसा उसने बिजली की कंप्लेन की बात कही। इसके बाद धमकाने लगा और धक्का देकर गिरा दिया। वे उठा तो आरोपी कहने लगा कि शोर किया तो गोली मार दूंगा। उन्होंने कहा कि मार दो गोली। इसी बीच उनकी पत्नी पहुंची। गोविंदकांत ने बदमाश को पकड़ लिया, तभी उसका साथी अंदर आया। उसने पत्नी के गले में चेन देखी और चेन झपटने के बाद उन्हें धक्का देकर गिराया। गिरने के बाद हम लोग मदद के लिए चिल्लाने लगे तो आरोपी उल्टे पैर भाग निकले। उनका कहना है कि यदि वह शोर नहीं मचाते तो आरोपी उन्हें बंधक बनाकर घर से और भी सामान लूटकर ले जाते। गोविंदकांत ने बताया कि उनकी मॉलोनी में अधिकतर मकान में बुजुर्ग दंपति रहते हैं। मुख्य सड़क पर मकान है। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे भी लगाए हैं। गेट के पास वाला कैमरा पता नहीं तकनीकी खराबी होने के कारण आरोपियों को कैप्चर नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि यहां पुलिस की गश्त बढ़ानी चाहिए ताकि दोबारा इस तरह की अप्रिय घटना न हो सके।*

---

**दूसरा पक्ष नहीं पहुंचा पाएगा क्षति**

## आईएएस अधिकारी के मकान विवाद में कोर्ट ने जारी किए 13 तक यथास्थिति के आदेश



विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

महिला आईएएस अधिकारी शिक्षा विभाग में उप सचिव मंजूषा राय के मकान के विवाद का मामला न्यायालय पहुंच गया है। मंजूषा राय के पति विक्रांत प्रवीण राय ने जिला न्यायालय में जिला न्यायाधीश अतुल सक्सेना के समक्ष दीवानी दावा प्रस्तुत कर दूसरे पक्ष को मकान में तोडफ़ोड़ करने पर रोक लगाने की मांग की थी। जिला न्यायाधीश अतुल सक्सेना ने सुनवाई के बाद 13 अगस्त तक मामले में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश गुरुवार को दिए हैं। इस दौरान दूसरा पक्ष मकान में किसी प्रकार की क्षति नहीं कर पाएंगे। 2 अगस्त को यह मामला सामने आया था। विवाद कुल 1864 स्क्वायर फीट जमीन पर बने डुप्लेक्स मकान के एग्रीमेंट, नामांतरण और रजिस्ट्री से जुड़ा है। आईएएस राय का आरोप है कि 40 से ज्यादा गुंडे उनके मकान में पहुंचे और जेसीबी से तोड़-फोड़ शुरू कर दी। इस मामले में पुलिस और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने भी कोई सुनवाई नहीं की।

### यह है पूरा मामला

*2 अगस्त को दानिशकुंज कॉलोनी में मकान को लेकर विवाद सामने आया था। इस मकान में आईएएस राय और उनका परिवार रहता है। सूचना मिलने पर प्रशासनिक अफसर भी मौके पर पहुंचे। दोनों पक्षों को समझाइश दी गई, लेकिन उनके हटने के बाद में उन्होंने जेसीबी लगाकर मकान को तोडना शुरू कर दिया। दूसरे दिन भी कुछ लोग पहुंचे और तोडफ़ोड़ शुरू करने लगे। आईएएस राय की तरफ से कहा गया कि कई लोग लगातार तोड़-फोड़ कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन और पुलिस का सहयोग नहीं मिल रहा है। आईएएस राय के अनुसारए मकान नंबर-595 दानिश कुंज में रंजना अहमद से उनके पति विक्रांत प्रवीण राय ने 16 दिसंबर 2010 में 41 लाख रुपए में विक्रय अनुबंध कर क्रय किया था। 2021 में रिदित अरोड़ा द्वारा नायब तहसीलदार न्यायालय में नामांतरण के लिए दो बार आवेदन लगाए गए थे। जिन्हें दस्तावेज के अभाव में खारिज कर दिया था। रंजना अहमद के पुत्र रिदित अरोड़ा की सहमति से पारिवारिक आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए हमारे द्वारा उक्त संपति में अतिरिक्त निर्माण कायज़ भी कराया था। इसका भुगतान मैंने अपने स्वयं के खाते से किया था। 17 मार्च 2025 में उक्त संपति पर रंजना अहमद के पुत्र रिदित अरोड़ा का नामांतरण अतिरिक्त तहसीलदार कोलार ने किया और 10 जून में उक्त संपति का विक्रय अरोड़ा ने मोना पति हितेश बठेजा को कर दिया। उक्त रजिस्ट्री और नामांतरण के आने के पश्चात कोलार एसडीएम कोर्ट में नामांतरण के विरुद्ध अपील की गई। तहसीलदार कोर्ट में मोना बठेजा के पक्ष में नामांतरण न हो,इस संबंध में आपत्ति भी लगाई गई। प्रकरण राजस्व न्यायालय में विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि हमारे सभी रिकॉर्ड में इसी मकान का नाम दर्ज है। इस संबंध में एसडीएम और तहसीलदार के यहां आपत्ति लगाई गई है।*

### नक्सलियों से मरवाने की दी थी धमकी

*दूसरे पक्ष से हितेश बठेजा भी सामने आए थे। उन्होंने कहा कि दानिशकुंज में घर खरीदने पर मुझे नक्सलियों से मरवाने की धमकियां दी गई थी। डर के मारे मैंने यह घर बेच दिया। बठेजा ने बताया कि यह मकान मैंने पत्नी के नाम से 10 जून 2025 को विधिवत संपूर्ण भुगतान कर रजिस्ट्री कार्यालय में पंजीयन कराकर खरीदा था। उसी दिनांक को कब्जा भी ले लिया था। कुछ दिन बाद हमें आईएएस राय के पति विक्रांत राय एवं उनके देवर शशांक शेखर राय द्वारा नक्सलियों से जान से मार देने की धमकी दी जाने लगी। कहा कि आपने मकान खरीदकर गलत किया। हम आपको कहीं का नहीं छोड़ेंगे। इसकी शिकायत मैंने पुलिस कमिश्नर, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर और कोलार थाने में की। इसके बाद भी धमकियों का दौर जारी रहा तो मैंने 30 जुलाई को यह मकान धर्मेंद्र सिंह ठाकुर को बेच दिया। इस तारीख के बाद इस संपत्ति से मेरा या परिवार का कोई लेना-देना नहीं है।*

---

## हमीदिया अस्पताल: आयुष्मान में दो साल से अटके 6.6 करोड़ रुपए के बिल हुए पास

*अब मरीजों का 24 घंटे में बनेगा आयुष्मान कार्ड*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमीदिया अस्पताल में आयुष्मान योजना से ऑपरेशन के बाद 6.6 करोड़ रुपए के बिल पास हो गए हैं। यह बिल दो साल से अटके हुए थे। इसके साथ ही अब मरीजों के आयुष्मान कार्ड 24 घंटे में तैयार हो जाएंगे। यही नहीं, आयुष्मान से इलाज करने वाले डॉक्टरों को तय इंसेंटिव भी मिलेगा। यह जानकारी गुरुवार को हमीदिया अस्पताल प्रबंधन ने दी। जानकारी के मुताबिक जीएमसी के हमीदिया अस्पताल में 1 जुलाई तक की रिपोर्ट के अनुसार ऐसे मरीज जो आयुष्मान कार्ड के लिए पात्र थे लेकिन उनके पास कार्ड नहीं था, उनका कन्वर्जन रेट सिर्फ 35 प्रतिशत था, जो बढ़कर अब क60 फीसदी तक पहुंच गया है।

### पांच साल से डॉक्टरों को नहीं मिला इंसेंटिव

*हमीदिया अस्पताल में पिछले पांच साल से आयुष्मान योजना का संचालन चुनौतीपूर्ण था। कम कन्वर्जन रेट, इलाज के बाद पोर्टल पर गलत जानकारी डालने से बिल अटकना और वेंडर का बकाया बढ़ने पर जरूरी सामान की सप्लाई रुक जाना बड़ी समस्या थी। पहले आयुष्मान योजना से मिलने वाली राशि से वेंडरों का भुगतान किया जाता था, जिससे डॉक्टरों को इंसेंटिव नहीं मिल पा रहा था।*

### सुविधाओं पर राशि होगी खर्च

अब डॉक्टरों को आयुष्मान मरीज का इलाज करने पर तय इंसेंटिव मिलेगा। हमने वेंडरों के पुराने बिल चुका दिए हैं। अब आने वाली राशि से डॉक्टरों को इंसेंटिव और मरीजों की सुविधाओं पर खर्च होगा।

डॉ. कविता एन सिंह, डीन, जीएमसी

## नीट काउंसलिंग: रजिस्ट्रेशन 11 से 15 तक च्वॉइस फिलिंग 18 को, होगा सीट आवंटन

*नए रजिस्ट्रेशन के लिए फिर से खोली गई लाइन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नीट यूजी स्टेट लेवल काउंसलिंग में संचालक चिकित्सा शिक्षा मप्र द्वारा नया शेड्यूल जारी किया गया है। इसके साथ ही नए रजिस्ट्रेशन के लिए भी लाइन फिर से शुरू कर दी गई है। संचालनालय के अधिकारियों से मिली जानकारी अनुसार नया शेड्यूल जारी करने के पीछे कारण ऑल इंडिया कोटा की काउंसलिंग का शेड्यूल आगे बढ़ जाना है। इसलिए राज्य काउंसलिंग के लिए भी समय सीमा बढ़ा दी गई है। इस नए शेड्यूल के मुताबिक अब सीट आवंटन 18 अगस्त को होगा, जबकि पूर्व में यह 6 अगस्त को होना था। नए शेडयूल के मुताबिक नए रजिस्ट्रेशन अब 11 अगस्त तक हो सकेंगे। इसके साथ ही अभ्यर्थियों को प्रोफाइल एडिट करने का मौका भी दिया जा रहा है, जो 11 तक जारी रहेगी। 12 अगस्त को रिवाइज मैरिट सूची जारी की जाएगी। 13 से लेकर 15 अगस्त तक च्वाइस फिलिंग और सीट लॉकिंग कर सकेंगे। इसके तीन दिन बाद 18 अगस्त को रजिस्टर्ड अभ्यर्थियों के बीच सीट आवंटन किया जाएगा। 19 से 23 अगस्त तक छात्र व छात्राएं अलॉटेड कॉलेज में दाखिला ले सकेंगे।

### मप्र में एमबीबीएस की कुल 4775 सीटें

स्टेट लेवल काउंसलिंग का नया शेड्यूल जारी होने के साथ ही नए रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी दी गई है। इससे उम्मीदवारों की संख्या बढ़ने का अनुमान है। पूर्व में जो शेड्यूल जारी किया गया था, उसके मुताबिक 15 हजार से ज्यादा उम्मीदवारों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। अब एक बार फिर मौका मिलने पर नए कैंडीडेट्स भी इसमें अपना नाम जुडवाएंगे। इसी आधार पर नए सिरे से स्टेट मैरिट लिस्ट बनाई जाएगी। आपको बता दें कि मप्र में एमबीबीएस की कुल 4775 सीटें हैं।

---

**ट्रैफिक पुलिस ने देर रात जारी किया ट्रैफिक प्लान, प्रमुख बाजारों में आवागमन सामान्य से अधिक रहने की संभावना**

# आज और कल रक्षाबंधन के चलते राजधानी के बाजारों की बदली रहेगी यातायात व पार्किंग व्यवस्था




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रक्षाबंधन त्योहार को ध्यान में रखते हुए, जुमेराती, चौक बाजार, न्यू-मार्केट, 10 नम्बर मार्केट, बैरागढ़ आदि प्रमुख बाजारों में आमजन का आवागमन सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

**दोनों दिन यह रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था**

### पुराना भोपाल बाजार

- रक्षाबंधन त्योहार के दौरान आंतरिक बाजार क्षेत्र (जनकपुरी, जुमेराती, छोटे भैया चौराहा, घोड़ा नक्कास चौराहा, हनुमानगंज, आजाद मार्केट) में भोपाल शहर के अलावा अन्य आसपास के शहरों व देहात से भी आम नागरिक (महिला/पुरुष) खरीदी करने आयेगे। उस अवधि में संख्या में भीड़ होने की स्थिति में पुराना शहर क्षेत्रान्तर्गत मुख्य बाजार में यातायात व्यवस्था एवं परिवर्तित मार्ग व्यवस्था आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जाएगा
- बाजार क्षेत्र में यातायात का अत्याधिक दबाव होने पर कोई भी लोडिंग वाहन/ऑटो रिक्शा/चार-पहिया वाहन आंतरिक बाजार क्षेत्र (जनकपुरी, जुमेराती, छोटे भैया चौराहा, घोड़ा नक्कास चौराहा, हनुमानगंज, आजाद मार्केट) में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।
- करोंद, डीआईजी बंगला, सिंधी कॉलोनी, शाहजहांनाबाद की ओर से आने वाले सभी चार पहिया वाहन आंतरिक बाजार क्षेत्र में प्रवेश नही होंगे, भोपाल टाकीज चौराहे से बाल विहार ग्राउण्ड में पार्क किये जा सकेंगे।
- भारत टाकीज की ओर से बाजार में आने वाले सभी दो पहिया वाहन सेन्ट्रल लायब्रेरी मैदान में पार्क किये जा सकेंगे।
- संगम टॉकीज की ओर से सब्जी मण्डी होकर बाजार आने वाले चार पहिया/तीन पहिया वाहन सब्जी मण्डी रिक्त प्रांगण में पार्क किये जा सकेंगे।
- लखेरापुरा, रंजन पेन कार्नर, इतवारा, मारवाड़ी रोड, हब्राहिमपुरा से किसी भी प्रकार के चार पहिया, तीन पहिया वाहन चौक बाजार की ओर नहीं जा सकेंगे। ये वाहन सरस्वती प्रशासन के पास मल्टीलेबल पार्किग एवं सदर मंजिल के पास स्थित पार्किग कर सकेगें।
- चौक बाजार में भीड़ होने की स्थिति में दो पहिया वाहन भी परिवर्तित किये जावेंगे। ये वाहन सरस्वती प्रशासन के पास मल्टीलेबल पार्किग एवं सदर मंजिल के पास स्थित पार्किग कर सकेगें।

### 10 नम्बर मार्केट

रक्षाबंधन त्योहार के दौरान आवश्यकतानुसार आम जन की सुविधा के लिए 10 नम्बर मार्केट की ओर जाने वाले मार्ग को वन-वे किया जाएगा । इसमें वाहन वंदे मातरम् चौराहा से 10 नम्बर मार्केट की ओर प्रवेश कर 10 नम्बर मार्केट तिराहा होते हुए नेशनल अस्पताल की ओर जा सकेंगे। इसी प्रकार साढ़े 10 नम्बर स्टॉप से वाहन 10 नम्बर मार्केट तिराहा होते हुए नेशनल अस्पताल की ओर जा सकेंगे। नेशनल अस्पताल से 10 नम्बर मार्केट तथा 10 नम्बर मार्केट से वन्दे मातरम चौराहे की ओर वाहन परिवर्तित रहेगें ।

### एमपी नगर

- *एमपी नगर जोन-1 में स्थित मल्टी लेवल पार्किंग एवं अन्य पार्किंग में अपने वाहन पार्क करेंगे।*
- *बैरागढ़ चंचल चौराहा के पास स्थित मल्टी लेवल पार्किंग में अपने वाहन पार्क करेंगे ।*
- *व्यापारियों से अनुरोध है कि वाहनों से सामान लोडिंग/ अनलोडिंग का कार्य रात्रि-24:00 बजे से प्रातः 07:00 बजे तक ही करना सुनिश्चित करें।*

### न्यू मार्केट की पार्किंग के लिए यह रहेगी व्यवस्था

न्यू मार्केट में टी.टी. नगर थाना चौराहे के पास स्थित मल्टी लेवल पार्किंग में पर्याप्त पार्किंग स्थान है, जहां न्यू मार्केट आने वाले अपने वाहन पार्क करेंगे । यातायात का अत्याधिक दबाव होने पर रंगमहल चौराहे से थाना चौराहे की ओर एवं टीटी कास तिराहे से थाना चौराहे की ओर वाहन का आवागमन परिवर्तित किया जायेगा।

## जैकेट का शेष...

### तीसरे दिन दो लोगों की...

कि किसकी मौत की वजह से हुई है तो अब न्यायिक जांच की जरूरत नहीं है। वहीं पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि कुछ लोगों के प्राण चले गए। इसका मुझे बहुत दुख है। आपका यह परिवार, समिति हमेशा आपके साथ खड़ी है। पूर्व मंत्री कुसुम महदेले ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पंडित प्रदीप मिश्रा के आयोजन पर सवाल उठाए। उन्होंने पंडित मिश्रा से कहा कि रुद्राक्ष बांटना बंद करो।

**गुरुवार को इनकी हुई मौत:** जिला प्रशासन के मुताबिक गुरुवार को कुबेरेश्वर धाम से एक 22 वर्षीय श्रद्धालु उपेंद्र गुप्ता पिता प्रेमचंद गुप्ता का अचानक स्वास्थ्य खराब हो जाने के कारण जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया युवक की मृत्यु हृदय गति रुकने के कारण हुई थी। मृतक ग्राम भोगलपुर, बड़ा टोला, तहसील पिपराइच, जिला गोरखपुर उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। गुरुवार को ही कुबेरेश्वर धाम से एक 40 वर्षीय श्रद्धालु अनिल, पिता महावीर का अचानक स्वास्थ्य खराब हो जाने के कारण जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित किया और मृत्यु का कारण हृदय गति रुकना बताया गया। साथ ही युवक अस्थमा का मरीज था। मृतक ग्राम खेड़ा कला दिल्ली का रहने वाला था।

### कथा से लौट रहे श्रद्धालुओं की...

नगर, खरगोन की मौके पर ही मौत हो गई। मंटू, मुन्नालाल वर्मा का पुत्र था और फर्स्ट ईयर का छात्र था।

### हरियाणा और महाराष्ट्र...

हवाला देते हुए चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा किया और कहा कि आयोग की विश्वसनीयता संदेह के घेरे में है। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र में चंद महीने में लाखों मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े गए, जो काफी चिंताजनक है। राहुल का कहना है कि, शाम पांच बजे के बाद वोटर टर्नआउट का बढ़ना भी हैरान करने वाला है। नवंबर 2024 में कराए गए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद हमारे संदेह की पुष्टि हुई कि विधानसभा चुनाव में धांधली हुई। मशीन में पढ़ी जा सकने वाली मतदाता सूची नहीं मुहैया कराए जाने से हमें यकीन हो गया कि चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र में चुनाव में धांधली के लिए भाजपा के साथ मिलीभगत की है। एग्जिट पोल, ओपिनियन पोल एक बात कहते हैं, आपने हरियाणा चुनाव में देखा, आपने मध्य प्रदेश चुनाव में देखा और फिर अचानक परिणाम बड़े पैमाने पर बदलाव के साथ पूरी तरह से अलग दिशा में चले जाते हैं। इसमें हमारा अपना आंतरिक सर्वेक्षण भी शामिल है, जो काफी परिष्कृत है। 2024 में सत्ता में बने रहने के लिए प्रधानमंत्री को केवल 25 सीटें 'चुराने' की जरूरत थी; भाजपा ने लोकसभा चुनाव में 33,000 से कम वोटों के अंतर से 25 सीटें जीतीं। हमारे लिए सीसीटीवी फुटेज और मतदाता सूची अब अपराध का सबूत है और चुनाव आयोग इसे नष्ट करने में व्यस्त है। मुझे लगता है कि न्यायपालिका को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए।

**बेंगलुरु में आज विरोध मार्च:** राहुल गांधी ने यह भी घोषणा की कि शुक्रवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ बेंगलुरु में विरोध मार्च निकालेंगे, जहां हम 'वोट चोरी' के मुद्दे को जनता के सामने लाएंगे।

**हमें इस तरह का डेटा दिया जा रहा है, ताकि उसका विश्लेषण न हो:** राहुल ने कहा कि हमें समझ आया कि चुनाव आयोग हमें इलेक्ट्रॉनिक डेटा क्यों नहीं देता। क्योंकि वे नहीं चाहते कि हम ध्यान से देखें। इस काम में हमें छह महीने लगे... अगर चुनाव आयोग हमें इलेक्ट्रॉनिक डेटा देता, तो हमें 30 सेकंड लगते। मैं दोहराता हूं, इसीलिए हमें इस तरह का डेटा दिया जा रहा है, ताकि उसका विश्लेषण न हो... इन कागजों में ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन की सुविधा नहीं है। इसलिए अगर आप इन्हें स्कैन भी करते हैं, तो आप इनसे डेटा नहीं निकाल सकते। चुनाव आयोग इन कागजों की सुरक्षा क्यों कर रहा है? चुनाव आयोग जानबूझकर ऐसे कागज देता है जिन्हें मशीन से पढ़ा नहीं जा सकता।

### कर्नाटक में भी फर्जी ...

बड़ी संख्या में मतदाता (बल्क वोटर्स) पाए गए। ऐसे 40 हजार वोटर हैं जिनके पते शून्य है या फिर है ही नहीं... अलग-अलग नाम और अलग-अलग परिवार के लोग और जब हम वहां जाते हैं तो पता चलता है कि वहां कोई रहता ही नहीं है। चुनाव आयोग के मुताबिक इन पतों पर कई लोग रहते हैं लेकिन जब हम वहां जाते हैं तो पता चलता है कि वहां कोई रहता ही नहीं है... वोटर लिस्ट में कई लोगों की तस्वीरे नहीं हैं और अगर है भी तो ऐसी जिन्हें देखकर मतदाताओं की पहचान ही नहीं हो सकती।

### जब कांग्रेस हिमाचल और...

कर्नाटक के चुनाव को कटघरे में खड़ा किया। जब राहुल गांधी हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में जीतते हैं, तो उस समय कोई प्रेस वार्ता नहीं करते। उस समय किसी पर कोई प्रश्नवाचक चिन्ह नहीं उठाते। जब आपको लोकसभा चुनाव में 99 सीटें मिलती हैं, तो आप पूरे देश में जश्न मनाते हैं और कहते हैं कि देखो, हमारी जीत हुई। अगर देश का लोकतंत्र हार गया है और आपके मुताबिक चुनाव आयोग कॉम्प्रोमाइज है, तो फिर आप किस बात का जश्न मना रहे हैं कि हम जीत गए हैं? कहीं न कहीं राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी में सेलेक्टिव आउटरेज साफ तौर पर देखने को मिलता है।

### मुरैना में सरिया...

जिससे कोई सूचना बाहर न जा सके। छापे की यह कार्रवाई गोपनीय तरीके से की गई। सूत्र बताते हैं, इनकम टैक्स विभाग अब तक की जांच में किसी फाइनल निष्कर्ष तक नहीं पहुंचा है। इसी कारण कार्रवाई गुरुवार सुबह तक जारी रही। विभागीय सूत्रों के अनुसार, कुछ अहम दस्तावेजों को खंगाला गया और जरूरी रिकॉर्ड को जब्त किया गया है। आयकर विभाग के किसी अधिकारी ने अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कितनी राशि या किस तरह की गड़बड़ी की जांच हो रही है। फैक्टरी में छापे की खबर फैलते ही बानमोर औद्योगिक क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरी ग्वालियर-चंबल अंचल के उद्योग जगत में हलचल मच गई है। करीब 20 घंटे की कार्रवाई के बाद भी आयकर विभाग की टीम या स्थानीय प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। फैक्टरी प्रबंधन भी इस पूरे घटनाक्रम पर कुछ बोलने को तैयार नहीं है।

### संघ प्रमुख डॉ. मोहन...

वह कैंसर केयर हॉस्पिटल के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने के साथ ही विजयनगर क्षेत्र में स्थित एक सभागृह में विभिन्न समाजों से जुड़े लोगों के साथ चर्चा भी करेंगे। श्री गुरुजी सेवा न्यास द्वारा निर्मित माधव सृष्टि आरोग्य केन्द्र एवं कैंसर केयर सेंटर प्रोजेक्ट 96 करोड़ रुपए का है। यह पूरा प्रोजेक्ट जनभागीदारी से बन रहा है।

### एनडीए ने पीएम ...

बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में नड्डा के अलावा केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और अमित शाह, जदयू के ललन सिंह, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे, तेदेपा के लवू श्रीकृष्ण देवरायलु और लोजपा (रामविलास) के चिराग पासवान भी शामिल हुए। राजनाथ सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की।

### 'जली नकदी'...

जांच पैनल की उस रिपोर्ट को अमान्य ठहराने के लिए सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया था, जिसमें उन्हें नकदी बरामदगी मामले में दोषी पाया गया था। जस्टिस वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी थी कि जांच समिति की रिपोर्ट और उसे राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री को भेजना असंवैधानिक है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस दलील को ठुकरा दिया।

***जस्टिस वर्मा ने क्यों किया ...***

*की रिपोर्ट को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजना संविधान के खिलाफ नहीं है। पीठ ने ये भी कहा कि मुख्य न्यायाधीश सिर्फ नाम का पद नहीं होता, उनके पास देश और न्यायपालिका के लिए जिम्मेदारियां होती हैं। वे केवल एक पोस्ट ऑफिस की तरह काम नहीं कर सकते। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में दो टूक कहा कि जस्टिस वर्मा का व्यवहार न्यायपालिका की गरिमा के अनुरूप नहीं है और उनके खिलाफ की गई जांच और कार्रवाई सही थी।*

### प्रसून जोशी एवं संजय...

को मिलेगा। राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान 2024 में संगीत निर्देशक शंकर-एहसान-लॉय को मिलेगा और 2025 में यह सम्मान पार्श्व गायक सोनू निगम को मिलेगा। राष्ट्रीय महात्मा गांधी सम्मान 2024 में यह सम्मान आनंदधाम, भोपाल को मिलेगा और 2025 में पुणे के पुनरुत्थान समरसता गुरुकुलम को मिलेगा।

**इन्हें भी मिलेगा सम्मान...राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी सम्मान:** यह सम्मान डिजिटल प्रौद्योगिकी में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों को दिया जाता है। 2024 में यह सम्मान प्रशांत पॉल को जबलपुर से मिलेगा और 2025 में लोकेन्द्र सिंह राजपूत को भोपाल से मिलेगा।

## पेज एक का शेष

### धार से विदेशों में ...

इस परियोजना से जनजातीय अंचल के एक लाख से अधिक युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। धार का पीएम मित्र पार्क एक ओर जहां स्वदेशी के भाव को मजबूती देगा, वहीं धार, झाबुआ, रतलाम और निमाड़ क्षेत्र के कपास उत्पादक किसानों को कॉटन का उचित दाम मिलेगा। यहां से विदेशों में भी वस्त्र निर्यात किए जाएंगे।

### सशस्त्र बलों के जवानों ...

सरकार ने हर घर तिरंगा अभियान-2025 में स्वच्छता और स्वदेशी अभियान को भी शामिल किया है। अभियान के अंतर्गत 2 से 12 अगस्त तक पूरे प्रदेश में तिरंगे पर केंद्रित कार्यक्रम होंगे और 13 से 15 अगस्त तक हम सभी को घर, कार्यालयों और वाहनों पर तिरंगा लगाना है। स्कूलों में तिरंगे से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस अभियान में सभी वर्गों को शामिल करते हुए 1 करोड़ तिरंगे की व्यवस्था का लक्ष्य रखा गया है।

### सभी जिलों में स्क्रीन ...

देंगे। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त को भगवान बलराम की जयंती है। इस अवसर पर मंडला जिले में एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें राज्य सरकार की ओर से विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत किसान हितग्राहियों को सम्मान निधि एवं अन्य लाभ दिए जाएंगे।

### मुख्यमंत्री ने 1.26 करोड़...

खाते में ट्रांसफर की। इतना ही नहीं योजना की किस्त के अलावा 28 लाख महिलाओं के खाते में गैस सब्सिडी के 43 करोड़ रुपए भी भेजे गए हैं। डॉ. यादव ने नरसिंहगढ़ में बहनों के साथ 'रक्षाबंधन उत्सव' मनाया। यहां बहनों ने उनकी कलाई पर राखियां बांधीं।

### ट्रंप का 50 % टैरिफ...

न कुछ समाधान जरूर निकलेगा। यह जानकारी रवि ने मुंबई में आयोजित किए गए एलआईडीई ब्राजील इंडिया फोरम से इतर पत्रकारों से बातचीत में दी।

### व्यक्तिगत रूप से...

के लिए आज भारत तैयार है। भारत और अमेरिका के बीच इस समय ट्रेड डील पर बातचीत चल रही है। कहा जा रहा है कि इस ट्रेड डील के अभी तक फाइनल न हो पाने की वजह अमेरिका द्वारा भारत के कृषि और डेयरी बाजार तक अधिक पहुंच की मांग है। अमेरिका चाहता है कि भारत मक्का, सोयाबीन, सेब, बादाम और इथेनॉल जैसे प्रोडक्ट्स पर टैरिफ में कमी चाहता है। इसके साथ वह अमेरिकी डेयरी प्रोडक्ट्स तक पहुंच बढ़ाना चाहता है।

## न्यायालय तहसीलदार, वृत्त-1, तहसील-हुजूर, जिला भोपाल, म.प्र.

प्रकरण क्रमांक - 0529/1-12/2024-2025
मौजा - गुराडिया
सूचना पत्र

1. भंवरलाल, विनोद, लखनलाल पुत्रगण हरिचरण निवासी ग्राम गुराडिया तहसील हुजूर भोपाल

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है। कि आवेदक 1. दयाशंकर यादव 2. पंकज यादव पुत्रगण श्री चन्द्रभन यादव निवासी 46 नयापुरा नई जेल बायपास रोड भोपाल द्वारा ग्राम गुराडिया प.ह.न. 11 स्थित अपने स्वत्व स्वामित्व की भूमि खसरा क्रमांक 288, 289, 290, 291 कुल रकबा 1.180 हे. भूमि के ग्राम गुराडिया में स्थित है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

अतः उक्त संबध मे नियत पेशी दिनांक 14.08.2025 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन जबाब प्रस्तुत कर सकतें हैं आपकी अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में विधि अनुसार कार्यवाही की जावेगी।

**तहसीलदार**
**तहसील-हुजूर, भोपाल**

## न्यायालय अपर कलेक्टर (मुख्यालय-1) भोपाल म.प्र.

(ए–ब्लाक पुराना सचिवालय क्रमांक–125)
प्रकरण क्रमांक 0003/निगरानी/2025–26
:: सूचना पत्र ::

प्रति,
1. प्रेम नारायण (मृतक) के विधिक वारिस
ओमप्रकाश गुप्ता (मृतक) के विधिक वारिस
(अ–1) श्रीमती राधा गुप्ता पत्नी स्व. श्री ओमप्रकाश गुप्ता
(अ–2) श्री दीपेश गुप्ता आ. स्व. श्री ओमप्रकाश गुप्ता
(अ–3) श्री दीपक गुप्ता आ. स्व. श्री ओमप्रकाश गुप्ता
(अ–4) श्रीमती दीपिका नीखरा पत्नी श्री सिद्धार्थ रंजन नीखरा पुत्र स्व. श्री ओमप्रकाश गुप्ता निवासी द्वारा श्री संतोष जैन सभी निवासी : म.नं. 281, जैन नगर काईस्ट मेमोरियल स्कूल के पास लालघाटी भोपाल
2. राजेश गुप्ता आ. स्व. श्री प्रेमनारायण
3. अतुल गुप्ता आ. स्व. श्री प्रेमनारायण
4. मुकेश गुप्ता आ. स्व. श्री प्रेमनारायण क्र.–2 से 4 निवासी : 14, नूरजी बोहरा गली लखेरापुरा भोपाल
5. श्रीमती अर्चना वीचपुरिया पत्नी श्री राधेश्याम वीचपुरिया (पुत्री स्व. श्री प्रेमनारायण) निवासी हमीम जी का वाडा लोहिया बाजार लश्कर ग्वालियर।
6. श्रीमती सपना चन्द्र पत्नी श्री अरविन्द कुमार चन्द्र (पुत्री स्व. श्री प्रेमनारायण) निवासी : खितोला बाजार सिहोरा रोड, सिहोरा जबलपुर

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि श्रीमती देवीरानी पत्नि इन्दरसिंह एवं अन्य कृषकगण ग्राम खजूरीखुर्द वृत्त एमपी नगर भोपाल निवासीगण म.नं. 138 एमआईजी सी–सेक्टर सोनागिरी बीमा अस्पताल के पीछे भोपाल द्वारा न्यायालय नजूल अधिकारी एम.पी. नगर वृत भोपाल के प्रकरण क्र. 0060/अपील/203–24 में पारित अंतरिम आदेश दिनांक 19.11.2024 के विरूद्ध निगरानी प्रस्तुत की गई है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में आप हितवद्ध पक्षकार है। अतः आप अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु आप स्वयं अथवा अपने अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण सुनवाई दिनांक 26.08.2025 को दोपहर 3.00 न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। आपकी अनुपस्थित की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही करते हुये आगमी कार्यवाही प्रारंभ कर दी जावेगी। आज दिनांक 23.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर (भु-1)**
**भोपाल**

## न्यायालय तहसीलदार, वृत्त-1, तहसील-हुजूर, जिला भोपाल, म.प्र.

प्रकरण क्रमांक- 0541/अ-12/2025-2026
मौजा- गुराडिया
सूचना पत्र

1. हरी बाई पत्नी उदय सिंह निवासी ग्राम गुराडिया तहसील हुजूर भोपाल
2. भंवरलाल आ. हरिचरण निवासी ग्राम गुराडिया तहसील हुजूर भोपाल
3. अभिषेक गुर्जर आ. पवन गुर्जर निवासी ग्राम गुराडिया तहसील हुजूर भोपाल

-00-

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है। कि आवेदक 1. अर्जुन यादव 2. दयाशंकर यादव पुत्रगण श्री चन्द्रभान यादव निवासी 46 नयापुरा जेल रोड बायपास रोड भोपाल म.प्र. द्वारा ग्राम गुराडिया प.ह.न. 11 स्थित अपने स्वत्व स्वामित्व की भूमि खसरा क्रमांक 292, 295, 300 329/1 कुल रकबा 2.020 हे. भूमि के ग्राम गुराडिया में स्थित है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

अतः उक्त संबंध मे नियत पेशी दिनांक 14.08.2025 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन जबाब प्रस्तुत कर सकतें हैं आपकी अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में विधि अनुसार कार्यवाही की जावेगी।

**तहसीलदार**
**तहसील-हुजूर, भोपाल**

## राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम-मिनीरत्न कम्पनी)
CIN NO. U74899DL1963GOI003913, (An ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified Company)
क्षेत्रीय कार्यालय : मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़, फोन : 0755-2580271,2580319
ई-मेल: nscbhopalhr.gov.in@gmail.com, rm.bhopal@indiaseeds.com, hrnscbpl@gmail.com

क्र.-3/अभि./गोदाम मरामत (आर ओ) एनएससी-भो./2024-25 दिनांक : 07.08.2025

**"ई-निविदा आमंत्रण सूचना"**

राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल द्वारा "प्रक्षेत्र कार्यालय गोविंदपुरा (भोपाल)" परिसर की गोदाम का छत मरम्मत एवं अन्य मरम्मत कार्य हेतु ई- निविदा आमंत्रित की जा रही हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 16/08/2025 को 15:00 बजे तक है तथा निविदा की टेक्निकल बिड़ उसी दिन दिनांक 16/08/2025 को 15:01 बजे खोली जाएगी। निविदा संबंधित सभी प्रकार की जानकारी एवं संशोधन एनएससी की वैबसाइट www.indiaseeds.com पर ही देखे जा सकता है।

**क्षेत्रीय प्रबंधक**

## म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित

पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन नं. : +91-755-4027100, 2774340/42, www.mpstdc.com
क्रमांक 295/यांत्रिकी/पविनि/25 दिनांक 07.08.2025

**निविदा सूचना 136/2025_STDC_442908_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम** - होटल अमलतास पचमढ़ी जिला नर्मदापुरम स्थित पुराने स्टॉफ क्वार्टर को सोविनियर शॉप में परिवर्तित करने का कार्य। (कार्य पूर्णता का समय 04 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 13.61 लाख।
वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 22.08.2025 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/121473/2025 **कार्यपालन यंत्री**

## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

**निविदा आमंत्रण सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में नीचे दर्शाये कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत आधार पर प्रपत्र-अ में दिनांक 18.08.2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | NIT No. | Name of work | P.A.C. (Rs.) | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 09/2025-26 | पं. दीनदयाल नगर, सीहोर में सेक्टर-ए एवं बी में झाड़ियों की सफाई तथा टूटे हुए मेनहोल चेम्बर मरम्मत का कार्य। | 1,99,643/- | 4,000/- |
| 2. | 10/2025-26 | उच्च शिक्षा उत्कृष्ठता संस्थान, भोपाल में नवनिर्मित वॉटर हेडटैंक/सम्पवेल से ओजस्विनी कन्या छात्रावास तक जल व्यवस्था हेतु जी.आई. जलप्रदाय लाइन बिछाने का कार्य। | 1,99,130/- | 4,000/- |

**नोट :-** निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से कायालयीन समय में निर्धारित मूल्य रु. 1180/- प्रति निविदा जमाकर, निविदा तिथि से एक दिन पूर्व तक (शासकीय अवकाश छोड़कर) प्राप्त किये जा सकते हैं। कार्य की समयावधि 15 दिवस होगी। धरोहर राशि कार्यपालन यंत्री, म.प्र.गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल संभाग-2 भोपाल के पक्ष में देय राष्ट्रीयकृत एवं शेड्यूल्ड बैंक से DD/FDR के रूप में स्वीकार की जावेगी। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु वैध पंजीयन की प्रति, आयकर/जी.एस.टी. प्रमाण-पत्र की छायाप्रति, प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

Visit us : www.mphousing.in
म.प्र. माध्यम/121486/2025 / mphidb X/ mphidb
**कार्यपालन यंत्री, संभाग-2, भोपाल**
दूरभाष : 0755-4077895




हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
Mob.: 9826264575, 8889560478, 8085377716, 0755-2660949 Web.: www.jncbpl.com
★ M.Sc. (Physics, Chemistry, Botany, Zoology, Micro bio., Biotech., Computer Sc., Maths) ★ PGDCA ★ B.Sc. (Bio Group & Maths, Chemistry, Computer Sci., Env.Sc., Biology, Micro Bio., Biotech ) ★ B.Com. Plain & Computer ★ M.Com ★ BCA ★ BA ★ BBA ★ M.A. (Eng., Polt. Sc., Socio., Eco. & Urdu) ★ B. Lib ★ M. Lib. ★ B.P.E.S. ★ PG Diploma in Yoga ★ D.El. Ed. ★ B.Ed. ★ B.P.Ed. ★ M.Ed. ★ M.P.Ed.
DIRECT ADMISSION* College Offering Best Career Options With Minimum Fee Structure
* Note : All Admission According to MP Higher Education Guide line and Rules 2023-24

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्रटी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सेक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R- 03/08/25 to 13/08/25





## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यवस्थापक

## राशिफल

**मेष** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** – वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** – सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** – किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** – मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** – परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 5952



**बाएँ से दाए**
1. पावर हाऊस -5
4. दिमागी, कल्पित-4
7. हृदय-2
8. खोदना-3
9. प्रचार वाक्य, स्लोगन-2
10. नुकीला-4
11. कलिका-2
13. प्यारा, लाडला-3
14. विशिष्ट, विशेष-2
15. खर्च, उपभोग-3
17. नौका-2
19. नाम करण-2,3
22. चमकीला-5
25. महोदय (अंग्रेजी-2)
26. रनिवास, जनवासा-3
28. संध्या, सांझ-2
29. दलना, महीन करना-3
30. जस, सम्मान -2
32. कारागृह-4
34. आलाप, लय, सुर-2
36. पागल स्त्री-3
37. इंकार, मना-2
38. सराबोर, सना हुआ -4
39. वेश्या, तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**
1. चूहे का घर-2
2. नेता-3
3. सार-संभार-2,3
4. आदर्श, कसौटी-3
5. छाती-2
6. अचरज भरा कार्य-4
7. हृदय को ठेस लगना-5
10. अनवरत वर्षा-4
12. जूं का अंडा-2
16. ओट, घूंघट-3
17. मां के पिता-2
18. दुख, कष्ट-2
20. राष्टीय पक्षी-3
21. पत्र, लैटर-2
22. गुप्तचर, दूत-2
23. कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24. रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25. समयुगीन, समवर्ती-5
26. बंद, स्ट्राइक-4
27. सुरा, शराब-2
31. वचन, प्रतिज्ञा-3
33. बंदर-3
35. नथनी, नथिया-2
37. शहद-2

**शब्द पहेली- 5951 का हल**



## सूडोकू नववाल - 5962



■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकू नववाल - 5961 का हल**



# रक्षाबंधन कल: बहनों के प्यार से 'गुलजार' रंग-बिरंगी राखियों से सजे 'बाजार'

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

## देशभर में 17 हजार करोड़ रुपए के व्यापार का अनुमान

रक्षाबंधन का पर्व 9 अगस्त यानी शनिवार को है। व्यापारिक संगठन कैट का अनुमान है कि इस वर्ष रक्षाबंधन पर पूरे देश में 17 हजार करोड़ रुपए का व्यापार हो सकता है।

राखी के त्योहार में केवल एक ही दिन हैं, लेकिन बीते एक सप्ताह से बाजार में खरीदारी की चहल पहल देखी जा रही है। राखी के त्योहार की खरीदी को लेकर राजधानी के बाजारों में भारी भीड़ दिखाई दे रही है जिससे चारों तरफ उत्साह माहौल है।



### बाजार में नहीं दिख रही चीनी राखियां

अनुमान के मुताबिक इस वर्ष देश भर में राखी त्योहार पर लगभग 17 हजार करोड़ रुपए के व्यापार की उम्मीद है, जबकि मिठाई, फल एवं गिफ्ट आदि के रूप में लगभग 4 हजार करोड़ रुपए का भी व्यापार होने की संभावना है। चीन की बनी राखी बाजार से पूरी तरह नदारद हैं।

### बाजार में सज गए मिठाइयों के स्टॉल

रक्षाबंधन के त्योहार को लेकर हलवाइयों ने भी मांग को देखते हुए मिठाइयां तैयार कर स्टॉलों पर सजा दी हैं। एक तरफ जहां बहनें भाइयों के लिए राखियां खरीद रही हैं तो वहीं दूसरी तरफ मुंह मीठा कराने पेड़ा, बर्फी आदि मिठाइयों की भी खरीदी कर रही है। राजधानी के घोड़ा निक्कास स्थित कुंदन नमकीन सेंटर के प्रेमनारायण यादव ने बताया कि इस त्योहार पर सबसे ज्यादा पेड़ा व बर्फी की मांग रहती है। अतः पेठा, खोवा बर्फी, काजू की बर्फी, मिल्क केक सहित अन्य प्रकार की मिठाइयों को तैयार कराया गया है। रक्षाबंधन त्योहार पर अच्छे कारोबार की भी उम्मीद है। बाजार में खरीदारी के लिए लोग पहुंच रहे हैं।

### हरी चूड़ी-साड़ी और मेहंदी की बढ़ी खरीदी

परम्पराओं के निर्वाह के लिए महिलाएं सावन में हरी चूड़ी और साड़ी आदि पहनती हैं। इसके चलते शहर में साड़ियों का व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों ने हरे रंग की साड़ी का स्पेशल कलेक्शन मंगवाया है। सभी अलग-अलग रेंज में हैं। हरी चूड़ियों में कटिंग, वेलवेट टच, स्पार्कल, सीप, लहठी, मेटल आदि के अलावा मेहंदी की खरीदी बढ़ गई है। इन सभी में महिलाओं की खरीदारी जारी है।

### साड़ियों की दुकानों पर लग रही भीड़

साड़ी की दुकानों पर महिलाओं की खासी भीड़ लग रही है। हरी साड़ी की डिमांड बढ़ जाने के बाद से दुकानदार खुश हैं। न्यूमार्केट स्थित विमल साड़ी एम्पोरियम के नीलेश गोयल बताते हैं कि सावन को लेकर इस बार साड़ियों के कई रेंज बाजार में उपलब्ध हैं। सिल्क, जॉर्जेट, कॉटन, मिक्स्ड फैब्रिक की साड़ियां महिलाओं को पसंद आ रही हैं। इन साड़ियों में चुनरी प्रिंट खासा पसंद किया जा रहा है। गोल्डेन बॉर्डर की लाइट वेट प्लेन साड़ी, लाइट वेट चुनरी प्रिंट जॉर्जेट साड़ी, तांत की कलरफुल साड़ियां इस बार ट्रेंड में हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर लिखीं आकर्षक राखियों की बाजार में धूम

इस बार राखी के त्योहार पर इनोवेशन वाली राखियों की धूम है जिसमें अन्य राखियों के अलावा 'वोकल फॉर लोकल' से 'डिजिटल राखी' तक तथा ऑपरेशन सिंदूर से लेकर मोदी राखी, आत्मनिर्भर भारत राखी, जय हिंद राखी, भारत माता की जय, विकसित भारत, वंदे मातरम राखी जैसी अनेक प्रकार की आकर्षक राखियां बाजार में उपलब्ध हैं।

### 'थीम बेस्ड' और ईको-फ्रेंडली राखियों की भी डिमांड

*इस साल बाजारों में पारंपरिक राखियों के साथ नवाचार से भरी 'थीम बेस्ड' राखियां धूम मचा रही हैं जिनमें इको-फ्रेंडली राखियां- मिट्टी, बीज, खादी, बांस व कपास से बनी राखी और कस्टमाइज राखियां- भाई-बहन की फोटो और नाम के साथ राखियों की धूम है।*

### भोपाल में 20 करोड़ रु. का व्यापार राखी और साड़ियों का



भाई-बहन के पवित्र रिश्ते के अटूट बंधन का प्रतीक का पर्व रक्षाबंधन का त्योहार शनिवार 9 अगस्त को है यानी इस त्योहार को सिर्फ तीन दिन शेष बचे हैं। ऐसे में शहर में पारंपरिक हर्षोल्लास के बीच नए वस्त्र, राखी और अन्य वस्तुओं की खरीदारी करने वाले खरीदारों की चहल-पहल बढ़ गई है। बाजार में राखियों की दुकानों सज गई है जहां महिलाएं ने अपने भाई के लिए लेटेस्ट डिजाइन एवं फैंसी वैरायटी की राखियां खरीद रही हैं। तो वहीं उपहार में देने के लिए साड़ी और गिफ्ट आइटम दुकानों पर भी उमड़ रही है। दुकानों पर 1 रुपए से लेकर 500 रुपए तक की रेंज में फेंसी और ट्रेडिशनल राखी बिक रही है। इसके अलावा जिन परिवारों में दो महीने पहले शादी हुई है, पहले रक्षाबंधन के लिए चांदी और सोना की राखी खरीद रहे हैं। अतः व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों और बाजार पंडितों के अनुसार पिछले सप्ताह भर से रक्षाबंधन पर्व तक राजधानी में 20 करोड़ रुपए की राखियां और साड़ियां बिकने की उम्मीद है।


**MUNICIPAL CORPORATION DHAMTARI (C.G.)**

**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, DHAMTARI**

**e-Procurement Tender Notice**

**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

NIT No:- / NPP/2025/4290 Dhamtari Dated:30/07/2025

| SN | System Tender No. | Name of Work/Description of Work | Probable Amount of Contract |
|---|---|---|---|
| 1 | 172963 | Construction of Auditorium Co-Commercial Complex in Dhamtari | 693.89 Lakh |

The Details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in Date 04.08.2025 Time 5.30 PM Hours. (IST) on wards. & Last date for Online Bid Submission 28.08.2025 at 5.30 PM Hours.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above- mentioned portal.

COMMISSIONER
Nagar Palik Nigam Dhamtari
Dist. Dhamtari (C.G.)


## खबर संक्षेप

### 'एमराल्ड ईवा' एप गूगल प्ले पर लांच

**मुंबई।** एमराल्ड फाइनेंस लिमिटेड ने अपने कर्मचारी-केंद्रित मोबाइल एप्लिकेशन 'एमराल्ड ईवा' के आधिकारिक लांच की घोषणा की है, जो अब गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। केवल उन कंपनियों के कर्मचारियों के लिए उपलब्ध जो एमराल्ड के साथ पंजीकृत हैं, 'एमराल्ड ईवा' एप अर्जित वेतन तक डिजिटल और सुविधाजनक पहुंच प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह लांच आधुनिक कार्यबल को जिम्मेदार और तकनीक-सक्षम वित्तीय समाधान प्रदान करने की एमराल्ड की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

### शेरा एनर्जी की आय 383.81 करोड़ पहुंची

**मुंबई।** शेरा एनर्जी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा कर दी है। 30 जून 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में, कंपनी ने 387.81 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में अर्जित 295.72 करोड़ रुपए से 31.14 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार, 30 जून 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में, कंपनी ने 7.02 करोड़ रुपए का कर के बाद शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

### सैमसंग गैलेक्सी की भारत में बिक्री शुरू

**गुरुग्राम।** इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने भारत में ग्राहकों के लिए अपनी सातवीं पीढ़ी के फोल्डेबल स्मार्टफोन्स- गैलेक्सी जेडफोल्ड7, गैलेक्सी जेड फ्लिप7, गैलेक्सी जेड फ्लिप7 एफई और गैलेक्सी वॉच 8 सीरीज की बिक्री की घोषणा की। आज से गैलेक्सी जेड फोल्ड7, गैलेक्सी जेड फ्लिप7, जेड फ्लिप7 एफई और गैलेक्सी वॉच8 सीरीज आपके नजदीकी रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध होंगे।

### इंडस एप स्टोर और एल्काटेल की पार्टनरशिप

**नई दिल्ली।** एंड्रॉइड एप मार्केटप्लेस इंडस एपस्टोर ने फ्रेंच टेक्नोलॉजी कंपनी एल्काटेल के साथ रणनीतिक पार्टनरशिप की घोषणा की है। इस लॉन्ग-टर्म पार्टनरशिप के तहत, अब भारत में बिकने वाले एल्काटेल के सभी स्मार्टफोन में इंडस एपस्टोर पहले से इंस्टॉल रहेगा। इससे दोनों कंपनियों को देशभर के लाखों यूज़र्स तक अपनी पहुंच बनाने और लोकल एप मार्केप्लेस की मदद से नए विकल्प उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसो.का प्रतिनिधिमंडल जीएसटी आयुक्त से मिला

# विभागीय कार्यशैली और अधिकारियों में कमियां सुधारने के लिए होगी 'व्यापक' कार्रवाई : धनराजू

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (एआईएमजीटीए) के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मध्य प्रदेश के वाणिज्यिक कर विभाग के आयुक्त धनराजू एस, आईएएस से इंदौर स्थित उनके कार्यालय में सौहार्दपूर्ण भेंट कर सारगर्भित चर्चा की। इस मुलाक़ात में एसोसिएशन के शिष्टमंडल ने राज्य में गुजरने वाले ट्रकों के साथ हो रहे उत्पीड़न, भ्रष्टाचार, और पक्षपातपूर्ण व्यवहार जैसे गंभीर विषयों पर अपनी चिंता प्रकट की।

आयुक्त धनराजू ने गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सभी मुद्दों को सुना और माना कि विभागीय कार्यशैली और अधिकारियों में कुछ कमियां हैं, जिन्हें सुधारने के लिए जल्द ही व्यापक कार्यवाही की जाएगी। एआईएमजीटीए के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने बताया कि जीएसटी आयुक्त से चार बिंदुओं पर चर्चा हुई। जिसमें प्रमुख रूप से -बिना दस्तावेजों के वाहन रोकना, अवैध वसूली और भेदभावपूर्ण ज़ब्ती व जुर्माना की घटनाएं। बिना पुष्टि किए वाहन सीज करना और चालकों को धमकाना एवं मोबाइल ज़ब्त करना। गोपनीय मूवमेंट प्लान लीक कर बिचौलियों द्वारा ट्रैकिंग और अवैध डील की घटनाएं। पान मसाला, सुपारी, सिगरेट, शराब आदि जैसी वस्तुओं पर अनावश्यक कार्रवाई की आवश्यकता शामिल रहें।



### व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों की जिम्मेदारी अलग होनी चाहिए

*कपूर ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने एक सुझाव आयुक्त के समक्ष रखा। कहाकि यदि जांच में माल में कोई खामी पाई जाती है, तो जिम्मेदारी व्यापारी की तय होनी चाहिए, न कि ट्रांसपोर्टर की। ऐसे मामलों में ट्रक को न रोका जाए, बल्कि माल को ट्रांसपोर्ट की सुपुर्दगी में दे दिया जाए और जब व्यापारी जीएसटी अधिकारी से एनओसी ले कर दिखाए तब ट्रांसपोर्ट माल उसके सुपुर्द कर दें, इससे व्यापारिक गतिविधियां बाधित नहीं होंगी और ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों को भी आर्थिक नुकसान नहीं होगा।*

### रेलवे व बसों से अवैध ढुलाई पर कार्रवाई करें

*कपूर ने बताया कि जीएसटी आयुक्त ने यह भी माना कि रेलवे और बसों से बिना कागजात सामान और प्रतिबंधित सामान की ढुलाई हो रही है, जिस पर जल्द ही एक बड़ी मुहिम चलाकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।*


**कार्यालय नगर पंचायत कुरूद जिला-धमतरी (छ.ग )**

पता - पुराना बाजार चौक- कुरूद, फोन - 7705-223149, फैक्स-7705-223535, Email-kurunp@gmail.com

क्रमांक/2043/ लो.नि.वि./ आ.नि.आ.सू./2025-26 कुरूद, दिनांक 06/08/2025

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पंचायत कुरूद हेतु स्वच्छ भारत मिशन - शहरी 2.0 अन्तर्गत एसटीपी निर्माण (इंटरसेप्शन एवं डायवर्सन ड्रेन सहित) लागत राशि 217.02 लाख रू. टेण्डर सिस्टम नंबर 172035 हेतु छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदार/ फर्म हेतु ई-प्रोक्युरमेंट पोर्टल पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसमें Bid Due Date 28.08.2025 सायं 5.30 बजे एवं Physical Doc Submission End Date 29.08.2025 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। उपरोक्त निविदा की नियम एवं शर्तें, अमानत राशि, निविदा प्रपत्र शुल्क, समयावधि एवं निविदा संबंधित दस्तावेज व कार्य से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट uad.cg.gov.in एवं ई-प्रोक्युरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in/ से भी अवलोकन / डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत कुरूद ,जिला - धमतरी (छ.ग.)



खंड- I

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

**कार्यालय- सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, नर्मदापुरम, मध्यप्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 6317/ई-टेंडरिंग/2025-26, दिनांक 01/08/25

उपसंचालक, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, नर्मदापुरम द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | कार्य का विवरण | | मात्रा | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | uPVC casing pipe (per meter) | I.S.I. marked UPVC casing pipe conforming to IS 4985/2021 (with up-to-date amendments)CS/cm casing pipes 200mm dia Meter | 2700 m | 75000/- | 5000/- |

- निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है।
- इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर प्रकाशन दिनांक से दिनांक 20.08.2025 बजे शाम 5.00 बजे तक केवल ऑनलाइन खरीद सकते है।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी।
- ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल https://wwwmptenders.gov.in/ पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।

उपसंचालक
सतपुड़ा टाइगर रिजर्व
नर्मदापुरम

जी -16836/25 स्वच्छता ही सेवा



**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**

प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY)

हाऊसिंग फॉर ऑल प्रकोष्ठ (HFA CELL)

तृतीय तल, आई.एस.बी.टी. भवन, होशंगाबाद रोड, हबीबगंज, भोपाल-462023

NIT No.-4/HFA/BMC/2025 Date 07/08/2025

:: निविदा आमंत्रण ::

निविदा क्रमांक 2025_UAD_442892_1

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत गंगा नगर परियोजना (रेरा पंजीयन क्र. P-BPL-24-5259) स्थल के शेष 72 एल.आई.जी. 2 बी.एच.के. में से शेष 07 आवासों का व्ययन उच्चतम निविदा दर के आधार पर किये जाने हेतु ई-निविदा पद्धति के अन्तर्गत www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदाऐं दिनांक 12.08.2025 समय 10:30 AM से 12.09.2025 समय शाम 05:30 PM बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। जो दिनांक 15.09.2025 को प्रातः 10:30 AM बजे निविदा की तकनीकी बिड खोली जावेंगी। निविदा प्रपत्र, अनिवार्य शर्तें एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को मध्यप्रदेश शासन के ई-निविदा के पोर्टल www.mptenders.gov.in पर प्राप्त होंगी। यदि निविदा में किसी प्रकार का कोई संशोधन इत्यादि होता है तो वह पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

नोटः- ऑनलाईन, ई-निविदा में समस्या होने पर मोबाइल नंबर 9424499880 पर संपर्क करें अथवा ईमेल -bmcmp.hfa@gmail.com पर मेल करें।

जोनल अधिकारी
HFA
नगर पालिक निगम भोपाल

नि. क्र. 2040/025/026


## बिजनेस न्यूज

### राधारमण नर्सिंग छात्रों ने हमीदिया हॉस्पिटल में चलाया जागरुकता अभियान



**भोपाल।** राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा हमीदिया हॉस्पिटल के कमला नेहरू पीडियाट्रिक वार्ड एवं पीडियाट्रिक ओपीडी में विश्व स्तनपान सप्ताह 2025 के अवसर पर एक प्रभावी जागरूकता अभियान सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। 1 अगस्त से 7 अगस्त तक मनाए जाने वाले विश्व स्तनपान सप्ताह की थीम स्तनपान को प्राथमिकता दें। इस अभियान के तहत नर्सिंग छात्रों ने अस्पताल में उपस्थित माताओं और परिजनों को स्तनपान के महत्व, सही तकनीकों, केएमसी (कंगारू मदर केयर) पद्धति और स्वास्थ्य लाभों के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी। राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सिंग की प्राचार्य डॉ. वेनिस मैर्या डेविड ने इस अवसर पर कहाकि हमारे संस्थान में शिक्षा को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रखा जाता, बल्कि उसे व्यावहारिक अनुभवों और सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ा जाता है।

### हेल्थ कैंप ने 40 से अधिक गांवों के लोगों को किया लाभान्वित



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के सेहतगंज गांव में निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन हुआ। इस कैंप में 400 से अधिक ग्रामीणों को लाभान्वित हुए। कुल मिलाकर 40 से अधिक गांवों के मरीज निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया। जो क्षेत्र में सुलभ स्वास्थ्यसेवाओं की तुरंत आवश्यकता एवं दूरगामी प्रभावों को दर्शाता है। सोम ग्रुप ऑफ कंपनीज ने सोम हाई स्कूल में आयोजित इस कैंप का संचालन आशा मोहन फाउन्डेशन हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया, जिसका उद्देश्य गांववासियों को सुलभ, निःशुल्क मेडिकल कंसलटेशन एवं जरूरी उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराना था। इस दौरान कैंप में डॉक्टरों की टीम ने सेवाएं प्रदान कीं। इनमें डॉ. टीना गुप्ता गायनेकोलॉजिस्ट एंड ऑब्सटेट्रिशियन, डॉ .वसंत त्रिवेदी आर्थोपेडिक सर्जन, डॉ. संजीव गुप्ता सीनियर कन्सलटेन्ट- डिपार्टमेन्ट ऑफ सीटीवीएस, डॉ. पीयूष गोयंका इंटरवेंशनल कार्डियोलोजिस्ट, डॉ. नितेश उपाध्याय पीडिएट्रिशियन, डीएनबी- पीडिएट्रिक्स और डॉ. निशांत कुमार शुक्ला न्युरोवैस्कुलर एण्ड न्युरोएंडोवैस्कुलर सर्जन शामिल थे।

### निसान ने लांच किया नया मैग्नाइट कूरो स्पेशल एडिशन द बोल्डेस्ट ब्लैक



**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने अपने बहु-प्रतीक्षित निसान मैग्नाइट कूरो स्पेशल एडिशन की लॉन्चिंग की घोषणा की। यह कंपनी की लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी का स्ट्राइकिंग एवं प्रीमियम, ब्लैक थीम पर आधारित वैरिएंट है। 8.30 लाख रुपए (एक्स-शोरूम, दिल्ली) की शुरुआती कीमत के साथ कूरो स्पेशल एडिशन में द बोल्डेस्ट ब्लैक फिलॉसफी को अपनाते हुए बोल्डेस्ट स्टाइलिंग, बेहतरीन इंटीरियर ब्लैक थीम और जापान से प्रेरित डिजाइन का इस्तेमाल किया गया है।


**खान अधिनियम, 1952**

**प्रबंधक, ओवरमैन, फोरमैन, सर्वेक्षक, सरदार, मेट, ब्लास्टर एवं गैस परीक्षण सक्षमता प्रमाणपत्र परीक्षा**

**धात्वीय खान विनियम, 1961 एवं कोयला खान विनियम, 2017 के अधीन**

1.0 अध्यक्ष, खनन परीक्षा बोर्ड एवं खान सुरक्षा महानिदेशक, धनबाद, द्वारा धात्वीय खान विनियम, 1961 और कोयला खान विनियम, 2017 के तहत दिसम्बर, 2025, में अजमेर, आसनसोल / दुगार्पुर, बेंगलुरु, चेन्नई, नेयवेली, भिलाई, भुवनेश्वर, बोकारो, कटक, धनबाद, गाजियाबाद & दिल्ली/ एनसीआर, गोवा, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जमशेदपुर, नागपुर, रायपुर, बिलासपुर, वाराणसी, रांची और उदयपुर केंद्रों पर प्रबन्धक, ओवरमैन, फोरमैन, सर्वेक्षक, सरदार, मेट, ब्लास्टर एवं गैस परीक्षण सक्षमता प्रमाण पत्र के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) का आयोजन कर रहे हैं। सरदार, मेट, ब्लास्टर, ओवरमैन, फोरमैन एवं गैस परीक्षण सक्षमता प्रमाण पत्र का परीक्षा अंग्रेजी, हिंदी, बंगाली, उड़िया, तेलुगु, कन्नड़ और तमिल भाषाओं में आयोजित की जाएगी। खान सुरक्षा महानिदेशालय के वैबसाइट में उपलब्ध लिंक द्वारा इच्छुक उम्मीदवार परीक्षा हेतु अपने आवेदन को जमा कर सकते है। परीक्षा का प्रकार और परीक्षा का कार्यक्रमः सीबीटी (कंप्यूटर आधारित टेस्ट) 08 से 12 दिसंबर, 2025 तक। पंजीकरण की आरंभ तिथिः 08.08.2025 और अंतिम तिथिः 08.10.2025 (00 बजे)।

सूचना DGMS वैबसाइट (www.dgms.gov.in) में दिनांक 08.08.2025 को प्रकाशित। अधिक जानकारी के लिए कृपया डीजीएमएस की आधिकारिक वेबसाइट (www.dgms.gov.in) पर जाएं।

2.0 धात्वीय खान विनिमय, 1961 और माइंस एक्ट, 1952 के तहत मेट, ब्लास्टर, वाइंडिंग ड्राइवर और गैस परीक्षण योग्यता प्रमाणपत्र के लिए मौखिक परीक्षाः

| परीक्षा की तिथि | मौखिक परीक्षा का नाम |
|---|---|
| 10.12.2025 | माइनिंग मेट (असीमित) एवं (सीमित) मौखिक परीक्षा (धातु) |
| 12.12.2025 | विस्फोटक (असीमित) एवं (सीमित) मौखिक परीक्षा (धातु) और गैस परीक्षण मौखिक परीक्षा (खान अधिनियम 1952) |
| 10.12.2025 | वाइंडिंग ड्राइवर प्रमाणपत्र परीक्षा (कोयला), वाइंडिंग ड्राइवर प्रमाणपत्र परीक्षा (धातु-प्रथम श्रेणी) |
| 12.12.2025 | वाइंडिंग ड्राइवर प्रमाणपत्र परीक्षा (धातु-द्वितीय श्रेणी) |

2.1 उपरोक्त परीक्षा हेतु, सभी आवश्यक मूल दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियां कॉपी के साथ आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 08 अक्टूबर, 2025 (17:00 बजे तक) है। दिनांक 08.08.2025 को डीजीएमएस वेबसाइट (www.dgms.gov.in) पर अधिसूचित।

अध्यक्ष, खनन परीक्षा बोर्ड,
डी.जी.एम.एस., धनबाद

cbc 23102/12/0001/2526



**एस. कुमार्स लिमिटेड (परिसमापन में)**

पंजीकृत कार्यालय: निरंजन, 99, मरीन ड्राइव, मुंबई-400002, महाराष्ट्र, भारत
परिसमापक: एएए इन्सॉल्वेंसी प्रोफेशनल्स एलएलपी (श्री अंकित गोयल, अधिकृत भागीदार के माध्यम से)
आईबीबीआई पता: प्रथम तल, 64, ओखला एस्टेट, फेज III, (मोदी मिल्स के पास), नई दिल्ली 110020
ईमेल आईडी: assetsale1@aaainsolvency.in, s.kumars.ibc@gmail.com
संपर्क संख्या: +91 8800865284 (श्री वसीम, एडवोकेट हर्ष गुप्ता)

**कंपनी की बिक्री हेतु ई-नीलामी की तिथि: 05 सितंबर, 2025**
**समय: दोपहर 3:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)**
**नीलामी प्लेटफ़ॉर्म पर पूर्व-योग्यता दस्तावेज़ जमा करने की अंतिम तिथि: 02 सितंबर, 2025 शाम 5:00 बजे तक**
**ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 03 सितंबर, 2025 दोपहर 3:00 बजे तक**

आईबीबीआई (परिसमापन प्रक्रिया) विनियम 2016 के नियम 32(ई) के साथ पठित 32ए के अनुसार कॉर्पोरेट देनदार की बिक्री, और 32(बी) के अनुसार, भूमि और भवन की बिक्री, माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण, मुंबई पीठ द्वारा दिनांक 25.07.2024 के आदेश के तहत नियुक्त परिसमापक द्वारा परिसमापन संपदा का हिस्सा बनाते हुए। यह बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-नीलामी प्लेटफॉर्म https://ibbi.baanknet.com/eauction-ibbi/home के माध्यम से की जाएगी।

| विवरण | आरक्षित मूल्य (रू.) | ईएमडी | वृद्धिशील मूल्य |
|---|---|---|---|
| ब्लॉक ए | | | |
| आईबीबीआई (परिसमापन प्रक्रिया) विनियम 2016 के 32ए के साथ पठित विनियम 32(ई) के मद्देनजर एक चालू व्यवसाय के रूप में कॉर्पोरेट देनदार की बिक्री | रु.22,87,60,200/- (बाईस करोड़ सत्तासी लाख साठ हजार दो सौ रुपये मात्र) | रू. 2,28,76,020/- | रू. 10,00,000/- |
| ब्लॉक बी | | | |
| ए.बी. रोड, औद्योगिक क्षेत्र क्रमांक 2, देवास, मध्य प्रदेश में स्थित प्लॉट नंबर 3ए से संबंधित पट्टा-अधिकारों की बिक्री | रु. 16,63,74,000/- (सोलह करोड़ तिरसठ लाख चौहत्तर हजार रुपये मात्र) | रू. 1,66,37,400 /- | रू. 5,00,000/- |
| ब्लॉक सी | | | |
| कॉर्पोरेट देनदार की बिक्री एक चालू व्यवसाय के रूप में (ब्लॉक बी को छोड़कर) | रु. 7,90,23,600/- (सात करोड़ नब्बे लाख तेईस हजार छह सौ) | रू. 79,02,360/- | रू. 10,00,000/- |

नोट-आईबीबीआई (परिसमापन प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियमन 32(ई) के अनुसार, कॉर्पोरेट देनदार को चालू व्यवसाय के रूप में बेचे जाने के संबंध में स्पष्टीकरण के लिए कृपया ई-नीलामी दस्तावेज़ संख्या AUCTION/DOC/GC/2025/01 देखें। कृपया ध्यान दें कि चालू व्यवसाय के रूप में कंपनी की बिक्री एनसीएलटी आदेश (ब्लॉक ए और सी) के अधीन होगी। अन्य ब्लॉक बी के लिए, कृपया नीलामी दस्तावेज़ देखें।

**बिक्री के नियम और शर्तें इस प्रकार हैं:**

1. ई-नीलामी "जहाँ है जैसा है", "जो है जैसा है", "जो भी है" और "बिना किसी सहारे के" के आधार पर आयोजित की जाएगी, क्योंकि यह बिक्री BAANKNET द्वारा IBBI ई-नीलामी पोर्टल (https://ibbi.baanknet.com/eauction-ibbi/home) पर अनुमोदित सेवा प्रदाता के माध्यम से किसी भी प्रकार की वारंटी और क्षतिपूर्ति के बिना होगी।
2. भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2016, अनुसूची "बिक्री का तरीका खंड 1(5A)" के अनुसार, बोलीदाताओं को यह घोषित करना होगा कि वे धारा 29A के तहत अयोग्य नहीं हैं; हालाँकि, यदि बाद में अपात्रता स्थापित हो जाती है, तो जमा की गई कोई भी ईएमडी जब्त कर ली जाएगी।
3. कृपया ध्यान दें कि ईएमडी सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ केवल Baanknet नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से ही जमा करना होगा।

एएए इन्सॉल्वेंसी प्रोफेशनल एलएलपी - परिसमापक
(अधिकृत भागीदार श्री अंकित गोयल के माध्यम से)
एस. कुमार्स लिमिटेड
पंजी. संख्या: IBBI/IPE-0002/IPA-1/2022-23/50001
ईमेल: s.kumars.ibc@gmail.com,
संपर्क नंबर : +91 11-46664623, 8800865284

दिनांक: 08.08.2025
स्थान: नई दिल्ली



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**गुणवत्ता नियंत्रण इकाई खंड**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल**
श्यामला हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462002
ई-मेलः eephedqcbpl@mp.gov.in दूरभाष क्रमांक 0755-2661511

क्रमांक : 15 /तक/का.यं/लो.स्वा.यां.वि./गु.नि.इ. खंड/भोपाल 2025-26 दिनाँक 04.08.2025

**// निविदा आमंत्रण सूचना//**

ऑनलाइन डिजीटली सील्ड निविदा मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से फार्म "सी" पर "POLYETHYLENE PIPES FOR WATER SUPPLY (ISI MARK)" के कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 04.08.2025 से दिनांक 26.08.2025 को 16:00 बजे तक क्रय किये जाकर दिनांक 26.08.2025 को 16:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत करना है। लिफाफा 'ए' दिनांक 27.08.2025 को 16:00 बजे खोली जावेगी। बेवसाईट www.mptenders.gov.in (E-Tender No. 2025_PHED_441911_1. PHED Date 04.08.2025)

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | "POLYETHYLENE PIPES FOR WATER SUPPLY (ISI MARK)" | - | रु. 500000.00 (रू. पांच लाख मात्र) | रु. 2000.00 (रू. दो हजार मात्र) | - |

- विस्तृत शर्तें कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।
- मुख्य तिथियाँ :
  - क्रय करने की तिथि : 04.08.2025 से 26.08.2025 बजे 16:00 तक
  - जमा करने की अंतिम तिथि : 26.08.2025 16:00 बजे तक
  - बोली पूर्व बैठक तिथि : 07.08.2025 16:00 बजे
  - लिफाफा 'ए' खुलने की तिथि : 27.08.2025 16:00 बजे तक

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
गुणवत्ता नियंत्रण इकाई खंड, भोपाल

जी - 16835/25 स्वच्छता ही सेवा


### जीईएमएस को टाटा मोटर्स करेगा 100 मैग्ना ईवी इंटरसिटी बसों की आपूर्ति



**चेन्नई ।** टाटा मोटर्स ने ग्रीन एनर्जी मोबिलिटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (जीईएमएस) के साथ एक समझौता अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। जीईएमएस, यूनिवर्सल बस सर्विसेज (यूबीएस) की इलेक्ट्रिक वाहन इकाई है। इस समझौते के तहत टाटा मोटर्स 100 आधुनिक मैग्ना ईवी इंटरसिटी बसों की आपूर्ति करेगा। यह एमओयू चेन्नई में पैसेंजर व्हीकल एक्सपो 2.0 में किया गया, जहां टाटा मोटर्स अपनी नए परिवहन समाधानों का प्रदर्शन कर रहा है। इसमें ऑल-इलेक्ट्रिक मैग्ना ईवी और एलपीओ 1822 शामिल हैं। इन बसों को शानदार प्रदर्शन, यात्रियों के लिए आराम और कम लागत के लिए बनाया गया है।

चिंतन

# भारत को अमेरिकी दबाव में आने की जरूरत नहीं

भारत सरकार को अमेरिकी दबाव में नहीं झुकना चाहिए। अमेरिका चाहे पचास फीसदी टैरिफ लगाए या सौ फीसदी, भारत को अमेरिका के अनुचित व अन्यायपूर्ण ट्रेड व्यवहार के आगे तनिक भी दबाव में आने की जरूरत नहीं है। अमेरिका का टैरिफ कदम विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों व संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के चार्टरों का खुला उल्लंघन है। हां, जवाबी कार्रवाई में संयम जरूर बरतना चाहिए और उचित वक्त आने का इंतजार करना चाहिए। चूंकि भारत व अमेरिका के बीच ट्रेड वार्ता चल रही है, पांच दौर की वार्ता हो चुकी है, छठे दौर की बातचीत के लिए अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल 25 अगस्त को भारत आ रहा है, इसलिए तब तक जरूर इंतजार कर लेना चाहिए। हालांकि इस वार्ता से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नया नया टैरिफ ऐलान और नई-नई धमकियां भारत को मनमाफिक डील के लिए झुकाने की टैक्टिस है। भारत यह समझता है और भारत सरकार ने अमेरिका को कड़ा जवाब भी दिया है कि वह अपने किसानों, मछुआरों, डेयर उत्पादकों व ऊर्जा हितों से समझौता नहीं करेगा, चाहे कोई भी कीमत क्यों न चुकानी पड़े। भारत का रूस से तेल आयात वैश्विक ऊर्जा स्थिरता में योगदान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ट्रंप के 50 फीसदी शुल्क लगाने के ऐलान के बाद सरकार की दृढ़ता दिखाई है, जो जरूरी कदम है। प्रधानमंत्री अगर पहली बार ही जब वे अमेरिकी दौरे पर राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने गए थे और उनकी बैठक से पहले अमेरिका ने टैरिफ लगाया था, तब कड़ी प्रतिक्रया देते तो ट्रंप की इतनी हिम्मत नहीं बढ़ती। 25 फीसदी शुल्क के ऐलान के वक्त भी सरकार को माकूल प्रतिक्रिया देनी चाहिए थी। देर ही सही पर भारत ने अमेरिका को उसके दोहरे मानदंड को लेकर आईना दिखाया कि वह खुद रूस से यूरेनियम, पैलेडियम, उर्वरक व मशीनरी उपकरण आयात कर रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप की भारत के प्रति जो मौजूदा टैरिफ धमकियों की स्थिति है, उसमें पीएम मोदी की सरकार की ट्रेड नीति, विदेश नीति व कूटनीति के साथ भारतीय राष्ट्रवाद की भी परीक्षा है। भारत को अपनी स्वतंत्र, गुटनिरपेक्ष और संप्रभु विदेश नीति पर दृढ़ रहना चाहिए। ट्रंप अगर नहीं रुकते हैं, तो यह वक्त तगड़ा जवाब देने का भी होगा। अमेरिका पर जवाबी शुल्क लगा सकता है, साथ ही भारत नए विकल्प की ओर बढ़ सकता है। भारत रूस के साथ अपनी तेल खरीद व ट्रेड बढ़ा सकता है। रक्षा निर्भरता रूस पर अधिक है व वह भरोसेमंद साझेदार भी है, इसलिए इस टेस्टेड रिश्ते को और मजबूत करना चाहिए। भारत ने यूके के साथ फ्री ट्रेड डील की है, ईयू (यूरोपीय संघ) के साथ एफटीए सितंबर तक हो जाएगा। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक का लाभ भारत को चीन के साथ अपने ट्रेड संबंध को बढ़ाने के अवसर के रूप में लेना चाहिए। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत की यात्रा पर आ रहे हैं। 50 फीसदी टैरिफ लगने के बाद ब्राजील ने भी कहा है कि वे भारत व चीन के साथ इससे उबरने के उपायों पर चर्चा करेंगे। ट्रंप ने टैरिफ वार से विश्व स्तर पर ऐसी स्थिति बना दी है, जिसमें भारत, रूस, चीन, ब्राजील, ईरान आदि देशों की नजदीकियां बढ़ रही हैं, जो ग्लोबल ट्रेड की वैकल्पिक धुरी बन रही हैं। भारत ब्रिक्स को मजबूत करने में सहयोग कर सकता है और करीब 50 से अधिक देशों वाले अफ्रीकी संघ के साथ अपने ट्रेड संबंध को मजबूत कर सकता है। साथ ही वह दक्षिण पूर्व व मध्य पूर्व एशियाई देशों के साथ अपना ट्रेड बढ़ा सकता है। अमेरिकी टैरिफ से भारत से अमेरिका को निर्यात 40 से 50 फीसदी प्रभावित हो सकता है, इसलिए निर्यातकों को इन विकल्पों की तरफ बढ़ना चाहिए। भारतीय शेयर बाजार ने ट्रंप टैरिफ को ठेंगा दिखाया है व बढ़त के साथ बंद हुई है, साफ है भारत का घरेलू बजार मजबूत है, इसमें और अधिक आर्थिक क्षमता है। अमेरिका अपनी हरकतों से खुद भारत से दूर हो रहा है। इसलिए ग्लोबल ट्रेड में भारत को इसे एक अवसर के रूप में लेना चाहिए।

भारत छोड़ो आंदोलन
कृष्ण प्रताप सिंह



# हाजरा ने 3 गोलियां खाकर भी तिरंगे की आन बचाई

दूसरे विश्व युद्ध के दौरान आठ अगस्त, 1942 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने बम्बई (अब मुम्बई) से महात्मा गांधी की अगुवाई में 'भारत छोड़ो' आन्दोलन आरंभ किया तो उसे गोरी सत्ता का बेहद निर्मम और क्रूर दमन चक्र झेलना पड़ा। शायद इसलिए कि गोरों ने अंदाजा लगा लिया था कि भारत में अब उसके दिन ज्यादा नहीं रह गये हैं और यह आंदोलन भारतीयों को आजादी की मंजिल तक पहुंचाने में सबसे निर्णायक सिद्ध होने वाला है। ऐसे में जैसा कि बहुत स्वाभाविक था, आंदोलनकारियों को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। लेकिन जैसी कीमत बंगाल की वीरांगना मातंगिनी हाजरा ने चुकाई, शायद ही किसी और ने चुकाई हो। सितम्बर, 1942 में 73 साल की उम्र में अपने राज्य के तामलुक में प्रदर्शन करती हुई वे पुलिस की तीन गोलियां खाकर शहीद हुईं तो शरीर में प्राण रहते अपने हाथ में थामे हुए तिरंगे की आन पर आंच नहीं आने दी, उसको लगातार ऊंचा किए रखा और भूमि पर नहीं गिरने दिया। दरअसल, इस आंदोलन के दौरान बंगाल के आंदोलनकारियों ने ऐसा जीवट प्रदर्शित किया कि यह अपनी शुरुआत के अगले महीने सितम्बर में और जोर पकड़ गया। आठ सितंबर को मिदनापुर जिले में पुलिस फायरिंग के बावजूद ये आंदोलनकारी न भड़के, न ही उग्र होकर गोरों को उनके ही अंदाज में तुरंत जवाब देने की सोची। दूसरे शब्दों में कहें तो उन्होंने विवेक नहीं खोया, दूरंदेशी से काम लिया और अगले 20 दिनों तक सरकारी दमन के प्रतिरोध की अपनी तैयारियों को व्यापक बनाने में लगे रहे। 29 सितम्बर को मातंगिनी हाजरा के नेतृत्व में कोई छह हजार आन्दोलनकारियों का जत्था



(जिसमें अधिकतर महिलाएं थीं) प्रदर्शन करने निकला तो जैसे ही वह शहर पहुंचा और अदालत की ओर जाने लगा, पुलिस ने उसे रोकने की कोशिशें शुरू कर दीं। लेकिन प्रदर्शनकारियों की अगुआई कर रही मातंगिनी हाजरा हाथ में तिरंगा लिए जोर-जोर से 'वंदेमातरम' का उद्घोष करती हुई जत्थे के साथ आगे बढ़ती रहीं। फिर क्या था, पुलिस ने उन पर गोलीबारी आरंभ कर दी। उसकी दो गोलियां मातंगिनी के दोनों हाथों में, जबकि एक माथे पर आ लगी। इसके बावजूद वे तिरंगे को मजबूती से पकड़े रहीं और जब तक निष्प्राण नहीं हो गईं, उसे भूमि पर नहीं गिरने दिया। इस पुलिस फायरिंग में उनके जत्थे के स्त्री-पुरुषों ने भी कुछ कम दृढ़ता का प्रदर्शन नहीं किया। उनमें से 43 को अपने प्राणों की आहुति देकर इसकी कीमत चुकानी पड़ी, लेकिन जो बच गये, उनका मनोबल नहीं टूटा। उन्होंने अपना संघर्ष जारी रखा और अंततः तामलुक व कोनताई में अपनी मर्जी की आजाद 'ताम्रलिप्ता जातीय सरकार' गठित करने में सफल रहे, जो 1945 तक चली। मातंगिनी के शुरुआती जीवन पर जायें तो 1869 में बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर ज़िले में तामलुक के निकट स्थित होगला गांव में एक बेहद गरीब व साधारण किसान परिवार में उनका जन्म हुआ तो 12 साल की छोटी-सी उम्र में ही उनको बाल-विवाह का अभिशाप झेलना पड़ गया था। इसके चलते उनको जरूरी शिक्षा-दीक्षा से भी वंचित रहना पड़ा था और जब तक वे वयस्क होतीं, उम्र में उनसे काफ़ी बड़े जिस व्यक्ति से उन्हें बरबस ब्याह दिया गया था, वह संसार छोड़ गया। इस तरह 18 साल की वे विधवा हो गईं। लेकिन उनकी जिजीविषा इतनी अदम्य थी कि न वे इस सब से टूटीं और न ही दारुण विलाप करके किसी से दया की याचना की। ससुराल से मायके वापस लौट आईं और सामाजिक कार्यों व स्वतंत्रता संग्राम के प्रति समर्पित हो गईं। उनका यह समर्पण रंग लाया और कुछ वर्षों में वे न सिर्फ अपने गांव बल्कि उसके आसपास के बड़े क्षेत्र के ग्रामीणों की विश्वासपात्र हो गईं। फिर तो ये ग्रामीण उनके एक इशारे पर कुछ भी कर गुजरने को तैयार रहने लगे। अनंतर, महात्मा गांधी से प्रभावित होकर वे उनकी ऐसी प्रतिबद्ध अनुयायी बन गईं कि जैसे ही उम्रदराज हुईं, क्षेत्र के लोग स्थानीय भाषा में उन्हें गांधी बूढ़ि कहने लगे। समय के साथ वे 1905 के स्वदेशी आंदोलन, नमक सत्याग्रह व सविनय अवज्ञा आन्दोलनों में भी सक्रिय रहीं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)




मालेगांव मामला
अवधेश कुमार

# हिंदू आतंकवाद की साजिश हुई नाकाम

> मालेगांव विस्फोट मामले में न्यायालय ने सातों आरोपियों के विरुद्ध किसी तरह के सबूत न मिलने पर बरी कर दिया। पत्र पत्रिकाओं में आलेखों, टीवी डिबेटों, एनजीओ, अन्य संगठनों की विचार गोष्ठियों, यहां तक कि संसद के अंदर आतंकवाद पर हिंदू संगठनों को लांछित करने का लगातार अभियान चला। पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र संघ तक में हिंदू आतंकवाद विषय को उठाया। अगर यह साबित हो जाता तो भारत का आतंकवाद विरोधी संघर्ष वैश्विक स्तर पर विफल रहता। नेताओं से लेकर सुरक्षा व प्रशासनिक अधिकारियों तथा एक्टिविस्टों तक को न्याय के दायरे में खड़ा किया जाना आवश्यक है ताकि भविष्य में कोई देश की सुरक्षा के साथ ऐसा घृणित षड्यंत्र नहीं कर सके।

एनआईए विशेष न्यायालय द्वारा मालेगांव द्वितीय विस्फोट पर दिए गए फैसले के बाद तत्काल टिप्पणी के लिए शब्द तलाशना कठिन है। विश्व में कोई देश नहीं होगा, जहां स्थानीय पुलिस को आतंकवादी हमले के पीछे की साजिशों के सच की गंध होने के बावजूद राजनीति के लिए नई कहानी गढ़ी जाए, निर्दोष लोगों को गिरफ्तार कर व्यापक दुष्प्रचार हो तथा उन्हें सजा दिलाने के लिए नकली गवाह, फर्जी सबूत यहां तक कि जांच अधिकारी तक पैदा कर दिया जाएं। आतंकवादी हमला देश पर हमला माना जाता है और उनसे संघर्ष के लिए सभी राजनीतिक दलों, अधिकारियों और आम लोगों को एकजुट होकर दोषियों के विरुद्ध टूट पड़ने की आवश्यकता होती है। न्यायालय ने सातों आरोपियों के विरुद्ध किसी तरह के सबूत न मिलने पर बरी कर दिया। जिन निर्दोष लोगों की जिंदगी नष्ट हो गई तथा संगठनों की छवि पर कालिख पोती गई, उनके साथ न्याय कैसे होगा।

जमीयत उलेमा ए हिंद इसके विरुद्ध उच्च न्यायालय जाएगा। हालांकि जिन लोगों ने पूरे मामले पर दृष्टि रखी थी, उनके लिए यही फैसला अपेक्षित था। उन्हें पता था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भाजपा तथा कुछ हिंदू संगठनों को आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त साबित करने के लिए हिंदू आतंकवाद, भगवा आतंकवाद जैसे शब्द कहे गए और निर्दोष लोग आरोपी बनाए गए। जरा सोचिए, 2008 से 2025 तक इन आरोपियों को किन-किन अवस्थाओं से गुजरना पड़ा होगा। साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को तो भाजपा ने 2019 में भगवा आतंकवाद, हिंदू आतंकवाद , संघी आतंकवाद के विरुद्ध स्वयं को देश का सबसे बड़ा झंडाबरदार साबित करने वाले दिग्विजय सिंह के विरुद्ध लोकसभा चुनाव लड़ाकर संसद बना दिया था। अन्य ऐसे सौभाग्यशाली साबित नहीं हुए। लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित को 2008 से ही निलंबन में जीवन गुजारना पड़ा। इन सबको आरंभ में महाराष्ट्र आतंक निरोधी दस्ता या एटीएस और फिर एनआईए ने जैसी यंत्रणाएं दी, थर्ड डिग्री का इस्तेमाल किया उसकी उसके विवरण से ही कलेजा कांप जाता है। न्यायालय ने कहा है कि इन लोगों पर लगे आरोपों की पुष्टि के सबूत नहीं हैं। 29 सितंबर, 2008 को मालेगांव के भिखू चौक पर हुए विस्फोट में जिस मोटरसाइकिल की प्रज्ञा ठाकुर की होने की बात की गई। उसके नंबर नकली थे तो चेसिस और इंजन तक के नंबर गायब कर दिए गए थे। कर्नल प्रसाद पुरोहित ने विस्फोट के लिए कश्मीर से आरडीएक्स लाकर अपने घर में बम बनाया, इसके कोई चिन्ह नहीं थे। हां, न्यायालय ने आदेश दिया है कि सुधाकर चतुर्वेदी के घर में विस्फोटक किसने रखा इसकी जांच की जाए। भोपाल और एक अन्य बैठक में सबके शामिल होने और विस्फोट करने की योजना का इसमें जिक्र है किंतु वहां ऐसी बातचीत के भी प्रमाण नहीं हैं। अगर मेजर रमेश उपाध्याय या किसी ने हिंदू राष्ट्र बनाने की बात की तो इसके आधार पर वे आतंकवादी नहीं माने जा सकते। 323 गवाह आए जो केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद 34 गवाहों ने स्वीकार किया कि उनसे झूठी गवाही दिलवा कर दस्तखत करवाए गए। कल्पना करिए जिस राजनीतिक नेतृत्व और सुरक्षा अधिकारियों के जिम्मे देश की सुरक्षा का दायित्व हो, षड्यंत्र कर आतंकवाद के




मामले में लोगों को फंसाने में सत्ता का दुरुपयोग करने लगें तो उन्हें क्या कहा जाएगा? तत्कालीन महाराष्ट्र एटीएस के प्रमुख हेमंत करकरे अब दिवंगत हो चुके हैं। जब साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने उनको राक्षस कहकर टॉर्चर की आपबीती सुनाई तो नेताओं, पत्रकारों, एक्टिविस्टों आदि के प्रभावी वर्ग ने विरोध किया। तत्कालीन महाराष्ट्र पुलिस के एक अधिकारी महबूब मोहव्वर ने कहा है कि उन्हें संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत को पकड़ने के लिए कहा गया और इससे इनकार करने पर उनके साथ बुरा बर्ताव किया। उन्होंने तत्कालीन एटीएस प्रमुख परमवीर सिंह पर आरोप लगाया कि जब उन्हें पता चला कि मुझे पूरे षड्यंत्र की जानकारी है तो आरोप लगाकर फंसाया और निलंबित करवा दिया। ऐसे कई बयान हैं जिनसे पता चला है कि संघ, उससे जुड़े संगठनों और भाजपा नेताओं तक के नाम लेने के लिए आरोपियों और गवाहों पर दबाव डाले गए। केंद्र में सरकार नहीं बदलती तो क्या होता? ध्यान रखिए, मालेगांव ऐसा अकेला मामला नहीं था। इसमें भगवा या हिंदू आतंकवाद का आरोप लगने के साथ इसके पूर्व के दो विस्फोटो और मालेगांव प्रथम को भी हिंदू संगठनों की साजिश मानकर जांच शुरू की गई। 19 फरवरी, 2007 को 4001 अप अटारी समझौता एक्सप्रेस में हरियाणा के पानीपत जिले के शिव गांव के नजदीक विस्फोट हुआ था जिसमें 68 लोगों की मृत्यु हुई तथा डेढ़ सौ से ज्यादा घायल हुए। 18 मई, 2007 को हैदराबाद के मक्का मस्जिद में विस्फोट हुआ जिसमें तत्काल नौ लोगों की मृत्यु हुई और 58 घायल हो गए थे। इन दोनों में भी हिंदू आतंकवाद के नाम से गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय ससम्मान आरोपों से मुक्त कर चुका है। समझौता एवं मक्का मस्जिद दोनों में इस्लामी आतंकवादियों का नाम आया, मक्का मामले में आंध्र एटीएस ने दो को गिरफ्तार किया और डीजीपी ने बयान दिया कि लश्कर ए तैयबा के कहने पर सिमी ने विस्फोट कराए हैं। समझौता मामले में भी अमेरिकी एफबीआई ने लश्कर ए तैयबा के हाथ होने की ऑन रिकॉर्ड बात कही। मालेगांव प्रथम में भी पांच आरोपी गिरफ्तार हुए। तत्कालीन कर्नाटक के एसएफएल प्रमुख पीए मोहन ने कई इंटरव्यू दिए, जिसमें कहा कि आरोपियों ने न केवल नारको, बल्कि लाई डिटेक्टर, पोलीग्राफी सभी टेस्ट में बताया था कि हमने कैसे विस्फोट किए। हिंदू आतंकवाद कहानी गढ़ने के बाद उन सबको रिहा कर दिया गया। आखिर इन हमलों में मारे गए निर्दोष लोगों के अपराधियों को सजा न दिलाने का दोषी किसे मानेंगे? तब आधे दशक के आतंकवाद पर हुए विमर्श को याद करिए। पत्र पत्रिकाओं में आलेखों, टीवी डिबेटों, एनजीओ, अन्य संगठनों की विचार गोष्ठियों, यहां तक कि संसद के अंदर भी आतंकवाद पर हिंदू संगठनों को लांछित करने का लगातार अभियान चला। पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र संघ तक में हिंदू आतंकवाद विषय को उठाया।

अगर यह साबित हो जाता तो भारत का आतंकवाद विरोधी संघर्ष वैश्विक स्तर पर विफल रहता। आज देश की क्या स्थिति होती इसकी कल्पना से भय पैदा होता है। जिस साहस के साथ भारत पश्चिमी देशों को आईना दिखाता है कि आतंकवाद पर दोहरा रवैया नहीं चलेगा, भारत का सिर शर्म से झुका रहता। इन तथ्यों को देखिए और निष्कर्ष निकालिए। इन चारों विस्फोटों के अपराधी आज तक बाहर हैं और पता नहीं, वे क्या-क्या कर रहे होंगे। स्वाभाविक ही किसी भारतीय की पहली प्रतिक्रिया यही होगी कि जो इन षड्यंत्रों के पीछे थे, उन सबको कानून के तहत कठोर सजा दिलवाई जानी चाहिए। नेताओं से लेकर सुरक्षा व प्रशासनिक अधिकारियों तथा एक्टिविस्टों तक को न्याय के दायरे में खड़ा किया जाना आवश्यक है ताकि भविष्य में कोई देश की सुरक्षा के साथ ऐसा घृणित षड्यंत्र नहीं कर सके।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।


# 'धर्म और अध्यात्म' के बदलते जा रहे हैं अर्थ



संकलित
दर्शन

संप्रति कितने ही धर्मात्मा इसका श्रेय लेते हैं कि चूंकि वे किसी धर्म को मानते हैं लिहाजा आध्यात्मिक भी हैं। जबकि यह सही नहीं है। धर्म और अध्यात्म जैसे गूढ़ शब्दों का मर्म विरले ही समझ पाए हैं। वैसे हम सभी किसी न किसी धर्म को मानने वाले हैं। हमारा धर्म जन्म से पूर्व ही निर्धारित हो जाता है। उन्हीं संस्कारों के साथ हम पलते-बढ़ते हैं। हममें से कई अध्यात्म के पथ पर चलने को उत्सुक होते हैं, किंतु देखने में आता है कि धार्मिकता और आध्यात्मिकता के बीच महीन अंतर जान पाने में स्वयं को असमर्थ पाते हैं। दरअसल अपने ईश्वर प्रेम के चरम लक्ष्य की प्राप्ति ही मनुष्य को आध्यात्मिकता की ओर ले जा सकती है-फिर धर्म मार्ग कोई भी हो। हम स्वयं अनेक धार्मिक विधि-विधानों से जीवनपर्यंत बंधे रहते हैं, जो वास्तव में बाहरी क्रियाएं हैं। ज्ञानीजन मानते हैं कि धर्म धैर्यपूर्वक इंद्रियों को वश में कर अपने और प्रियजनों को सुरक्षित, विद्यावान और समृद्ध बनाने की युक्ति है, जो अकारण ही समाज को संप्रदायों में बांट लेने का कारण बन पड़ती है। जबकि अध्यात्म परस्पर मेल का साधन है, जिसका ध्येय दिव्य प्रेम को प्राप्त करना है, जो मनुष्य को उच्चतम अवस्था में ले जा सके। दुर्भाग्यवश समय के साथ धर्म और अध्यात्म के अर्थ अपनी सुविधानुसार बदलते जा रहे हैं। दोनों अपनी मूल अभिव्यक्ति खोने लगे हैं। धर्म को मानने वाले कुछ लोग, जिन पर समाज विश्वास करता है, जब स्वयं दिशाहीन होते जा रहे हैं, तब वे कैसे आमजन को अध्यात्म का गूढ़ अर्थ समझा सकने में सक्षम हो सकते हैं?

# शनिदेव को पिप्पलाद मुनि ने दिया श्राप



संकलित
प्रेरणा

पुराने समय में वृत्तासुर नाम के एक असुर का आतंक बढ़ गया था। इस असुर को सभी देवता पराजित नहीं कर पा रहे थे। उस समय दधिचि ऋषि ने देवताओं से कहा कि मेरे शरीर की हड्डियों से आप वज्र नाम का शस्त्र बनाइए और उस वज्र से वृत्तासुर का अंत हो जाएगा। देवताओं की भलाई के लिए दधिचि ऋषि ने अपनी देह त्याग दी और बाद में देवताओं ने ऋषि की हड्डियों से वज्र बनाया। देवराज इंद्र ने इस वज्र से असुरों को पराजित कर दिया। दधिचि मुनि के पुत्र का नाम पिप्पलाद था। दधिचि के पुत्र का जन्म पीपल के नीचे हुआ था, इस कारण इस बच्चे का नाम पिप्पलाद रखा गया। बच्चे के जन्म से पहले ही दधिचि की मृत्यु हो गई थी। जब पिप्पलाद बड़े हुए तो उन्होंने देवताओं से पूछा कि मेरे पिता की इतनी जल्दी मृत्यु कैसे हो गई। उस समय उन्हें मालूम हुआ कि शनि की अशुभ दृष्टि की वजह से दधिचि मुनि की मृत्यु का योग बना है। वे बड़े तपस्वी थे। जब उन्हें मालूम हुआ कि शनि के कारण उनके पिता की जल्दी मृत्यु हुई तो उन्होंने शनि को ग्रह मंडल से हटने का शाप दे दिया। शाप के असर से शनि ग्रह मंडल से हटने लगे तो सभी देवताओं ने पिप्पलाद मुनि से अपना शाप वापस लेने की प्रार्थना की। देवताओं की प्रार्थना से पिप्पलाद मुनि ने शनि को क्षमा कर दिया, लेकिन उन्होंने से शनि से कहा कि अब से किसी बच्चे को 16 वर्ष की उम्र तक शनि दोष का सामना न करना पड़े, शनि बच्चों पर अशुभ दृष्टि नहीं डालेंगे।

## सटाका




## आज की पाती

### अध्यापक दायित्वों को दरकिनार करने से बचें

मानव की सोई हुई शक्ति को जगाने वाली शिक्षा है। टीचर का सही लक्ष्य मानव बनाने का है। जिस शिक्षा से मानव की मानवता जागृत नही हो अथवा पशुता के संस्कार समाप्त नही, उस शिक्षा का कोई महत्व नही है।वर्तमान में जो शिक्षा पद्धति है, वह समीचीन नही है। आज इस बात की आवश्यकता है कि शिक्षा का, ज्ञान का स्वरूप सम्यक हो एवं वातावरण में व्याप्त अराजकता के उन्मूलन के लिए जागरूकता पूर्वक प्रयास हो। लेकिन आज तो दोनों ही भटक गए है। अध्यापक नौकरी करते है और छात्र डिग्रियां लेते है। संस्कारो की चिंता किसी को नही है। आज मोबाइल और इंटरनेट के समय में जहा छात्र –छात्राएं भटक रहे है। वही टीचर भी अपनी मर्यादाओ को पीछे छोड़ रहे है। गुरु और शिष्य की परंपरा का निर्हवन नही होता है। गुरु शिष्य के पवित्र रिश्ते तार तार हो रहे है।

*–कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### नई कृषि तकनीक



तमिलनाडु के किसानों के एक समूह से मुलाकात हुई। उनके अनुभवों और नवाचार पर उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ टिकाऊपन बढ़ाने के लिए नई कृषि तकनीकों को अपनाने के उनके प्रयासों के बारे में सुनकर मैं दंग रह गया।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### राष्ट्रीय हथकरघा दिवस



हम 'राष्ट्र प्रथम' के भाव से भर जाएं, हमको स्वदेशी अभियान चलाना है। आज 'राष्ट्रीय हथकरघा दिवस' पर हम ये संकल्प भी लें कि हम अपने देश में बनी हुई चीजें को ही खरीदेंगे।
**- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### उड़ान के लिए तैयार



गुवाहाटी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल नवंबर में खोला जाएगा। यह टर्मिनल न केवल पूर्वोत्तर राज्यों के साथ, बल्कि हमारे पड़ोसी देश भूटान के साथ भी संपर्क को बढ़ाएगा। नवंबर से एक नये और बेहतर अनुभव के साथ उड़ान भरने के लिए तैयार हो जाइए।
**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### अनावश्यक टिप्पणी



राहुल गांधी हर बात पर संवैधानिक संस्थाओं पर अनावश्यक टिप्पणी करते रहते हैं, अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाने के लिए चुनाव आयोग पर टिप्पणी करना अनुचित है। उन्होंने राजनीति में स्थापित होने के कई प्रयास किये लेकिन असफल रहे।
**- नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# वास्तविक दुनिया से जोड़ने ब्रिटेन में युवाओं को पैकेज

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने बुधवार को 8.8 करोड़ पाउंड के युवा सेवा पैकेज जारी किया, जिसका उद्देश्य किशोरों को स्क्रीन से दूर रखकर वास्तविक जगत की बाहरी गतिविधियों के माध्यम से अपने आसपास की दुनिया से फिर से जोड़ना है।




'बिल्डिंग क्रिएटिव फ्यूचर्स' कोष स्कूली बच्चों को नियमित स्कूली दिनों के अलावा खेल, कला और संगीत, वाद–विवाद या स्वयंसेवा जैसी पाठ्येतर गतिविधियों तक बेहतर पहुंच प्रदान करता है ताकि उनके आवश्यक कौशल में सुधार हो सके। 'बेटर यूथ स्पेसिस' कार्यक्रम की योजना उन क्षेत्रों में युवा क्लबों के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए बनाई गई है, जहां गरीब बच्चे सबसे ज्यादा हैं। इसमें नए जिम उपकरण आदि शामिल हैं। स्टॉर्मर ने कहा, 'आजकल बच्चे ऑनलाइन दुनिया में आगे बढ़ते हुए, अक्सर खुद को घर पर अलग–थलग और अपने समुदायों से कटा हुआ पाते हैं।' उन्होंने कहा, 'एक सरकार के रूप में, इस चिंताजनक प्रवृत्ति पर कार्रवाई करना हमारा कर्तव्य है। आज का निवेश एक बेहतर विकल्प प्रदान करने के बारे में है: परिवर्तनकारी, वास्तविक दुनिया के अवसर जिनका देश भर के समुदायों पर प्रभाव पड़ेगा, ताकि युवा कुछ नया खोज सकें, अपनी ऊर्जा पा सकें।

## ऑफ बीट

# नींद में खलल से पक्षियों की आवाज में आता है बदलाव

पक्षियों को भी नींद में खलल पड़ने पर तकलीफ होती है, और यह उनके गायन में भी दिखाई देता है। पक्षियों की आवाज असाधारण रूप से विविध होती है।



यह साधारण आवाज, जैसे मुर्गा के कुकड़ू–कु, से लेकर अन्य ध्वनियों की जटिल नकल, कभी–कभी तो मानव आवाज की नकल तक होती है। यह आवाज पक्षियों के लिए अपने और अपने परिवेश के बारे में जानकारी साझा करने के वास्ते महत्वपूर्ण है। यह आमतौर पर छोटी और सरल होती है। इसका इस्तेमाल अक्सर सामाजिक संवाद के लिए किया जाता है, जैसे खतरे या भोजन का संकेत देना, रिश्तेदारों की पहचान के लिए या सामाजिक जुड़ाव बनाए रखने के लिए। गीत ज़्यादा जटिल और मधुर होते हैं और इनका इस्तेमाल साथी को आकर्षित करने, किसी क्षेत्र की रक्षा करने या नये क्षेत्र पर कब्जा करने के लिए किया जाता है। ऐसी ध्वनियां उत्पन्न करने के लिए, पक्षियों को मस्तिष्क, फेफड़े और गले की मांसपेशियों सहित कई शारीरिक प्रणालियों का समन्वय करना पड़ता है। चूंकि स्वर–निर्माण जटिल होते हैं और सटीक समय की आवश्यकता होती है, इसलिए उनमें त्रुटियां होने की संभावना अधिक होती है। कई प्रजातियों में, जो पक्षी अधिक बार और अधिक जटिलता से गाते हैं, वे बेहतर साथी आकर्षित कर सकते हैं।

तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी और पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

# गर्म तेल से झुलसी महिला की मौत, परिजनों ने सड़क पर अर्थी रखकर किया हंगामा और चक्काजाम, पुलिस की समझाइश के बाद हुए शांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा के अन्ना नगर में खौलते तेल से भरी कढ़ाई फेंकने से झुलसी महिला की गुरुवार सुबह इलाज के दौरान हमीदिया अस्पताल में मौत हो गई। महिला और उसके परिवार का दुकान के बाहर अतिक्रमण करने को लेकर रिश्तेदारों में विवाद हुआ था। महिला की मौत के बाद परिजन व रिश्तेदारों ने गुरुवार दोपहर अन्ना नगर चौराहे पर अर्थी रखकर चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। हालांकि पुलिस अधिकारियों को पहले ही सूचना मिल गई थी और उन्होंने समझाइश देकर 10-15 मिनट में चक्काजाम हटा दिया। चक्काजाम से कुछ देर के लिए जाम की स्थिति निर्मित हो गई। परिजन तीसरे आरोपी को गिरफ्तार करने और लापरवाही बरतने पर पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

### अर्थी रखकर चक्काजाम का प्रयास

करीब चार दिन तक जिंदगी और मौत के बीच झूल रही कांति प्रजापति की गुरुवार सुबह हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव घर ले गया और दोपहर करीब तीन बजे अंतिम संस्कार के लिए रवाना हुए। इस बीच परिजनों व रिश्तेदारों ने अन्ना नगर चौराहे पर अर्थी रखकर चक्काजाम करने का प्रयास किया। लिहाजा पुलिस की समझाइश के बाद 10-15 मिनट में ही चक्काजाम समाप्त करा दिया। इस दौरान अन्ना नगर चौराहे से होने वाले अलग-अलग मार्गों पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी। काफी देर तक लोग जाम में फंसे रहे।



### पति ने कहा, बेटे को मारने आए थे

कांति प्रजापति के पति मुकेश प्रजापति ने बताया कि कमलेश उनका रिश्तेदार है। विवाद के दौरान कमलेश, उसका नाबालिग बेटा व भतीजा विनीत उनके बेटे को मारने आए थे। कांति अपने बेटे को बचाने पहुंची। आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और उबलते तेल से भरी कड़ाही उनकी ओर उछाल दी। घटना में कांति गंभीर रूप से झुलसी थी। इस दौरान आरोपी विनीत भी झुलस गया था। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। थाना प्रभारी अवधेश सिंह तोमर का कहना है कि महिला की मौत के बाद हत्या की धारा बढ़ाई गई है। आरोपी कमलेश और उसके नाबालिग बेटे को हिरासत में ले लिया गया है, जबकि आरोपी विनीत अस्पताल में भर्ती है। स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद उसकी भी गिरफ्तारी होगी।

थाना प्रभारी अवधेश सिंह तोमर ने बताया कि अन्ना नगर निवासी मुकेश प्रजापति अंडे का ठेला लगाने के साथ पंक्चर की दुकान भी चलाते हैं। उनके रिश्तेदार कमलेश प्रजापति बगल में नाश्ते और किराने की दुकान का संचालन करते हैं। कुछ दिन पहले मुकेश ने दुकान के बाहर टीन शेड डाल दिया था, जिसकी कमलेश ने नगर निगम से शिकायत की और शेड हटा दिया था। जब मुकेश ने दोबारा शेड लगाया तो रविवार रात कमलेश, उसका नाबालिग बेटा और भतीजा विनीत विरोध करने पहुंचे, तो विवाद के साथ मारपीट शुरू हो गई। बीच-बचाव करने आई मुकेश की पत्नी कांति प्रजापति (35) पर कमलेश ने गुस्से में आकर समोसे तलने वाले गर्म तेल की कड़ाही फेंक दी। गर्म तेल सीधे महिला पर गिरा। कांति गंभीर रूप से झुलस गई थी। कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने आरोप लगाते हुए कहा कि महिला कांति प्रजापति की मृत्यु कानून व्यवस्था पर एक कलंक है। भाजपा से जुड़े स्थानीय नेताओं के इशारे पर पूरे क्षेत्र में अतिक्रमण फल फूल रहा है। यदि यह स्थिति नहीं सुधरी तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**भोपाल।** शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित रोहित नगर में गत 31 जुलाई को घायल अवस्था में मिले युवक की इलाज के दौरान बीती रात मौत हो गई। उसे सड़क पर घायल अवस्था में पड़े देख राहगीरों ने अस्पताल पहुंचाया था। पास ही बाइक पड़ी हुई मिलने से अनुमान था कि उसे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मचूर्री भेज दिया है। पुलिस के अनुसार दीपू रविदास पिता राजेश रविदास (25) शासकीय स्कूल के पास बांसखेड़ी कोलार रोड पर रहता था और प्राइवेट काम करता था। गत 31 जुलाई की दोपहर करीब ढाई बजे उसे राहगीरों ने रोहित नगर में सड़क से घायल अवस्था में निजी अस्पताल पहुंचाया। वहां से परिजन उसे हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे। हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई।

## खबर संक्षेप

### आर्डिनेंस फैक्ट्री के कर्मचारी ने किया दुष्कर्म

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र में डी मार्ट के पास सूने फ्लैट पर आर्डिनेंस फैक्ट्री के कर्मचारी द्वारा महिला से दुष्कर्म का मामलाा सामने आया है। आरोपी ने पति से अलग रह रही महिला की मजबूरी का फायदा उठाकर उसे पहली बार दोस्त के जन्मदिन की पार्टी का बहाना बनाकर बुलाया था। महिला का आरोप है कि रवी गज्जाम एक साल तक उसने शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाए। महिला को पांच माह का गर्भ होने की जानकारी डॉक्टर से मिली थी। अब शादी की बात से इंकार कर रहा है। पुलिस के अनुसार कमलानगर क्षेत्र में रहने वाली 30 साल की महिला हाउस कीपिंग का काम करती है। आपसी अनबन के कारण वह पति से अलग रहती है और उनका भरण-पोषण का मामला कोर्ट में चल रहा है।

### अभद्रता करने पर ट्रैफिक एसआई के खिलाफ केस

**भोपाल।** यातायात पुलिस के तत्कालीन उपनिरीक्षक एमएल यादव द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान अधिवक्ता से अभद्रता करने पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी राहुल कुमार नामदेव ने एमएल यादव के खिलाफ मानहानि का प्रकरण पंजीबद्ध कर उपनिरीक्षक एमएल यादव को संमंस जारी कर मामले की अगली सुनवाई 4 दिसंबर को न्यायालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। परिवादी संदीप सावनेर ने न्यायालय में परिवाद पत्र प्रस्तुत कर बताया था कि वह जिला न्यायालय में प्रेक्टिस करते हैं। वह 5 नवंबर 2019 को एमपी नगर मिलन रेस्टोरेंट के सामने यातायात पुलिस द्वारा चैकिंग की जा रही थी। उपनिरीक्षक एमएल यादव ने उन्हें रोका तो उन्होंने पूछा कि किस बात की चैकिंग चल रही है। इस पर उपनिरीक्षक एमएल यादव ने परिवादी संदीप सावनेर के साथ अभद्रता करते हुए उन्हें फर्जी वकील कहा था।

### आरोपी भाई-बहन पर केस दर्ज करने के आदेश

**विधिक संवाददाता, भोपाल।** युवती के साथ दुष्कर्म के मामले में समझौता कर न्यायालय से बरी होने के बाद शादी का झांसा देकर पुनः दुष्कर्म करने वाले आरोपी सलमान और उसकी मददगार बहन के खिलाफ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी लक्ष्मी वास्कले ने निशातपुरा थाना को प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने के दिए आदेश दिए हैं। पीड़िता की ओर से फुरकान खान अधिवक्ता ने न्यायालय में निज परिवाद प्रस्तुत कर कहा था कि पीड़िता के घर के सामने आरोपी सलमान शाप पर काम करता था, इसी दौरान उनकी जान पहचान हो गई थी। एक दिन आरोपी ने जबरदस्ती पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया था। आरोपी के खिलाफ पीड़िता ने थाना निशातपुरा में प्रकरण दर्ज करा दिया था। जमानत होने के बाद आरोपी सलमान और उसकी बहन ने पीड़िता के घर पहुंचकर शादी का वादा किया पर शादी नहीं की।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 1736 | | |
| दिनः | 235 | 09 | 478 |
| रातः | 127 | 07 | 250 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 680 | 45 | 456 |
| रातः | 338 | 47 | 359 |

क्राइम ब्रांच पुलिस ने नेहरू नगर इलाके से किया गिरफ्तार

# ड्रग्स बेचने की फिराक में धराया तस्कर पौने 2 लाख रुपए की स्मैक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्राइम ब्रांच ने नेहरू नगर से एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 5.84 ग्राम स्मैक बरामद की है। बरामद स्मैक की कीमत 1 लाख 75 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी को उस समय गिरफ्तार किया, जब वह स्मैक बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा था। क्राइम ब्रांच ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। उससे स्मैक के बारे में पूछताछ की जा रही है।

एडिशनल डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि मुखबिर की सूचना मिली कि विज्ञान भवन के सामने लाल परेड मैदान क्षेत्र नेहरू नगर में 20-22 साल का एक युवक के पास स्मैक रखी है। वह स्मैक बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना के बाद हरकत में आई क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान हुलिए के आधार पर एक संदिग्ध नजर आया। उसके दोनों हाथों पर टेटू भी बने हुए थे। पुलिस ने संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने अपना नाम आदित्य नामदेव उर्फ आदिल (20) गौरीशंकर परिसर, बीडीए कटारा हिल्स बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से पन्नी में रखा पाउडरनुमा अवैध मादक पदार्थ स्मैक रखा मिला। नापतौल करने पर उसका वजन 5.84 ग्राम पाया गया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को विधिवत रूप से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कटारा हिल्स में मारपीट व आर्म्स एक्ट के दो प्रकरण दर्ज हैं। दिखावे के लिए वह डिलीवरी ब्वाय का काम करता था। विवेचना के दौरान पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी कहां से स्मैक लाया था और उसके ग्राहक कौन-कौन हैं।

### इस साल अब तक 15 लाख की स्मैक



क्राइम ब्रांच पुलिस ने साल 2025 में अब तक 46 आरोपियों को गिरफ्तार कर 235 किलो अवैध गांजा बरामद किया है वहीं इतने समय में ही 10 आरोपियों को अरेस्ट कर 45.682 ग्राम एमडी जब्त किया है। साल 2025 में अब तक क्राइम ब्रांच ने कुल 6 आरोपियों को हिरासत में लेकर 48.39 ग्राम स्मैक बरामद की है। इसी प्रकार इसी साल पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर 1.96 ग्राम एलएसडी पेपर ड्रग्स जब्त किया है।

### शराब की होम डिलीवरी करने वाली महिला तस्कर पकड़ाई



सेमरा के कैलाश नगर में रहने वाली महिला तस्कर शराब की होम डिलीवरी करते हुए पकड़ाई है। महिला ने दो मंजिला मकान में शराब का स्टॉक कर रखा था। आबकारी टीम को जब सूचना मिली तो गुरुवार को टीम ने छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया। महिला के कब्जे से डेढ़ लाख रुपए कीमत की अंग्रेजी शराब जब्त की गई है। महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आबकारी कंट्रोलर आरजी भदौरिया ने बताया कि सेमरा के कैलाश नगर में रेखा सिंह पति दिलीप सिंह के अवैध शराब बेचने और होम डिलीवरी करने की सूचना मिली थी, जिसके बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर दबिश दी। महिला तस्कर ने बताया कि उसका पति और बेटा दिल्ली में रहते हैं। वह यहां पर अकेली रहती है। महिला ने एक युवक को भी इस काम में लगा रखा है, लेकिन उसके बारे में जानकारी नहीं मिली पाई है। महिला रोजाना आठ से दस जगहों पर शराब की होम डिलेवरी करती थी।

#### होम डिलीवरी के लिए लड़कों को भी जोड़ा

आबकारी विभाग की टीम द्वारा पूछताछ में पता चला है कि महिला ने शराब की होम डिलीवरी के लिए लड़कों को भी जोड़ रखा था, जिसका उन्हें मेहनताना दिया जाता था। महिला ने अधिक मुनाफा कमाने के लिए सस्ते में अधिक मात्रा में शराब खरीदती थी। हालांकि उसने यह शराब कहां से खरीदी थी, इसके बारे में पता नहीं चला है। टीम ने 115 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की है, जिनकी कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए आंकी गई है।

### चाचा ने पेट्रोल चोरी की शिकायत की तो भतीजे ने मारी छुरी

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित संजय नगर में भतीजे द्वारा चाचा पर छुरी से हमला करने का मामला सामने आया है। दरअसल, चाचा ने भतीजे के घर में पेट्रोल चोरी करने की शिकायत कर दी। शिकायत के बाद गुस्से में आया भतीजा अपने दोस्तों ललित बागमारे, दीप गौर के साथ पहुंचा और छुरी से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मनोज कनर्जी पिता स्वर्गीय प्रभुदयाल कनर्जी (42) संजय नगर, गोकुलदास चौराहा, शाहजहांनाबाद में रहते हैं और किराने की दुकान चलाते हैं। उन्होंने बताया कि कि उनका भतीजा प्रशांत लोहिया आए दिन पेट्रोल चोरी करता है। वे उसे समझाने उसके घर पहुंचे इसी बात से नाराज होकर छूरी से हमला कर दिया।

10 केवी का बिजली कनेक्शन देने मांगे थे रुपए

# बिजली कंपनी का जेई 10 हजार की रिश्वत लेते ट्रैप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र बिजली कंपनी के एक जूनियर इंजीनियर को इंदौर लोकायुक्त पुलिस ने रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी इंजीनियर शैलेन्द्र पाटकर को 10 किलोवाट बिजली कनेक्शन देने के एवज में 10 हजार रुपए की घूस ले रहा था। लोकायुक्त ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

इंदौर शहर के पंच मूर्ति नगर के रहने वाले सूर्यकांत सोनोने ने लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने नलिया बाखल क्षेत्र में एक गोडाउन किराए पर लिया है, जहां वह स्टीम मशीन का व्यवसाय शुरू करना चाहता है। इसके लिए उसे 10 किलोवाट का बिजली कनेक्शन चाहिए था। उन्होंने कंपनी द्वारा निर्धारित 40 हजार रुपए की शुल्क राशि भी जमा करा दी थी, लेकिन संबंधित जूनियर इंजीनियर शैलेन्द्र पाटकर ने कनेक्शन के बदले 10 हजार रुपए की अतिरिक्त रिश्वत की मांग की।

शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त राजेश सहाय के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित की गई। जांच में शिकायत सही पाए जाने ट्रैप दल का गठन किया गया। इसके बाद गुरुवार को आरोपी जेई को उसके कार्यालय में ट्रैप कर लिया गया।

राजाभोज कॉलेज में 95 से अधिक छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम

## शैक्षणिक गतिविधि, कॅरियर मार्गदर्शन और प्लेसमेंट के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर के राजाभोज कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनके नए शैक्षणिक जीवन के लिए तैयार करना और उन्हें कॉलेज के माहौल से परिचित कराना था। इस दौरान 95 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में छात्रों को केवल उनके पाठ्यक्रम की जानकारी नहीं दी गई, बल्कि उन्हें विभिन्न शैक्षणेतर गतिविधियों, करियर मार्गदर्शन योजनाओं और प्लेसमेंट के अवसरों से भी परिचित कराया गया। अतिथियों ने इस तरह के आयोजनों को




छात्रों के शैक्षणिक और व्यावसायिक भविष्य के लिए एक अहम कदम बताया। डॉ. मंजुलता पाठक ने छात्रों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। वहीं डॉ. सुधीर जैन ने नए शैक्षणिक सत्र में लागू हुए पाठ्यक्रम और विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली पर विस्तार से चर्चा की।



### कांग्रेस नेता और दुकानदारों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद द्वारा नगर से हटाए गए अतिक्रमण को लेकर कांग्रेसियों ने एसडीएम गौहरगंज को ज्ञापन दिया गया। परेश नागर, संजय सिंह एवं पार्षद राजेश खटीक ने बताया कि विगत कुछ महीने पहले नगर परिषद के द्वारा नगर में छोटे फुटकर दुकानदारों की दुकानें तोड़ दी गई थी। उन लोगों के लिए अब तक कोई अस्थाई व्यवस्था भी नहीं की गई।

रक्षाबंधन का त्यौहार आने वाला है, इन दुकानदारों की रोजी रोटी इन्हीं दुकानों से चलती थी, लेकिन नगर परिषद अभी तक तानाशाही रवैया अपनाएं हुए है। इस लिए स्थानीय कांग्रेसी नेताओं सहित परिषद पार्षद राजेश खटीक, जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस परेश नागर, संजय चौहान, राजू मेहरा, हरजीत सिंह, उत्तम यादव, राजकुमार राजपूत एवं नगर के फुटकर दुकानदारों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर अपनी समस्याएं बताई।



औबेदुल्लागंज नगर परिषद में बैठक

### हर घर तिरंगा अभियान और स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर की चर्चा

**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा की अध्यक्षता में औबेदुल्लागंज नगर परिषद में बैठक आयोजित की गई। बैठक में हर घर तिरंगा अभियान एवं स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में अभियान को लेकर रूपरेखा तैयार किया गया। इसके साथ ही जनभागीदारी और नगर में हर घर पर तिरंगा लगाने के तिरंगा वितरण व प्रचार-प्रसार पर चर्चा की। इस अवसर पर एसडीएम गौहरगंज चंद्रशेखर श्रीवास्तव, सीएमओ किरण राहंगडाले, नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे, मुकेश जैन सहित वार्ड के पार्षद उपस्थित थे।

गौहरगंज सब जेल में राखी समारोह आयोजित

### स्कूल की छात्राओं ने बंदियों को तिलक लगाकर बांधी राखी



**औबेदुल्लागंज।** गौहरगंज सब जेल में गुरुवार को राखी समारोह का आयोजन क्राइस्ट विद्या भवन स्कूल औबेदुल्लागंज द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि नमिता वागीश अग्रवाल उपाध्यक्ष नगर पालिका ओबेदुल्लागंज, प्रिंसिपल सिस्टर नैंसी, एवं स्कूल स्टॉफ तथा स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। छात्राओं ने बंदियों को तिलक लगाकर राखी बांधी। गौहरगंज जेलर यशवंत शिल्पकार ने बताया कि 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर जेल में बहनों द्वारा बंदी भाइयों की कलाई पर राखी बांधने का समय सुबह 8 से दोपहर 1:30 बजे तक रखा गया है।





### बाघ के शिकार मामले में फरार वनपाल और वनरक्षक की जमानत खारिज

**भोपाल।** प्रदेश के बालाघाट जिले में विगत सप्ताह बाघ के शिकार मामले में वन कर्मचारियों की मिली भगत सामने आने के बाद वनपाल और वनरक्षक समेत 8 आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। मामले में वनपाल और वनरक्षक फरार हो गए है। वहीं उनकी जमानत भी कोर्ट ने खारिज कर दी है। इस मामले में आधा दर्जन आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है, जिनको 6 दिन की फारेस्ट रिमांड पर लिया गया है। बालाघाट के लालबर्रा परिक्षेत्र में जंगल में बाघ के शव को 6 लोगों ने जला दिया था। जांच में सामने आया कि उन्होंने ऐसा वनपाल और वनरक्षक के निर्देश पर किया गया था। इसी लिए मामले में वनपाल टीकाराम हिनोते और वनरक्षक हिमांशु घोरमारे को भी आरोपी बनाया गया है।

1132 करोड़ रुपए के निवेश, 416 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की देंगे सौगात

# सीएम डॉ. यादव आज तामोट में करेंगे औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन, लोकार्पण

### तामोट में विस्तार लेगा औद्योगिक क्षेत्र

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव औद्योगिक विकास को धरातल पर उतारने के प्रयासों के क्रम में शुक्रवार 8 अगस्त को रायसेन जिले के तामोट औद्योगिक क्षेत्र में निवेश संवाद, इकाइयों के भूमिपूजन, लोकार्पण और आशय पत्र वितरण करेंगे।

डॉ. यादव तामोट में संचालित सागर मैन्युफैक्चरर प्रालि की इकाई का भ्रमण करेंगे और रक्षाबंधन के अवसर पर आयोजित सामाजिक कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे, साथ ही मेसर्स आनंद टैक लास्ट प्राइवेट लिमिटेड प्लास्टिक पार्क का भ्रमण भी करेंगे। मुख्यमंत्री उद्योगपतियों से संवाद करेंगे और प्रदेश में बन रहे निवेश अनुकूल वातावरण से उन्हें अवगत कराएंगे। डॉ. यादव औद्योगिक क्षेत्र तामोट में 566 करोड़ रुपए के निवेश एवं 1781 रोजगार देने वाली 14 इकाइयों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण के साथ आशय पत्र वितरण करेंगे। वे 416 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण भी करेंगे। मुख्यमंत्री औद्योगिक क्षेत्र तामोट में 300 करोड़ निवेश एवं 970 रोजगार देने वाली 6 इकाइयों का भूमिपूजन और 116 करोड़ रुपए से अधिक निवेश एवं 211 रोजगार देने वाली 6 इकाइयों का लोकार्पण करेंगे।

### भूमि आवंटन से संबंधित आशय-पत्र बांटेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव उद्यमियों को भूमि आवंटन से संबंधित आशय-पत्र प्रदान करेंगे। औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन तथा एमएसएमई प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह प्रदेश की औद्योगिक रणनीति और नीतिगत परिवर्तनों की जानकारी साझा करेंगे। जेबीएम, विनप्रो और मंडीदीप औद्योगिक एसोसिएशन जैसे प्रमुख निवेशक समूहों के प्रतिनिधि मध्यप्रदेश में निवेश अनुकूल माहौल और प्रदेश की निवेश फ्रेंडली नीतियों के संबंध में विचार साझा करेंगे। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा और विधायक नारायण सिंह पंवार भी कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे।

### कलेक्टर तथा एसपी ने सीएम के कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



**औबेदुल्लागंज।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य शुक्रवार को तामोट में नवीन औद्योगिक इकाईयों का भूमिपूजन तथा आशय पत्र वितरण कार्यक्रम सम्पन्न होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा उद्योगपतियों से संवाद भी किया जाएगा। कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा तथा एसपी रायसेन पंकज कुमार पाण्डे ने गुरुवार को तामोट पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते हुए अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर एएसपी कमलेश कुमार, गौहरगंज एसडीएम चन्द्रशेखर श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### मिनट टू मिनट कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 8 अगस्त को दोपहर लगभग 12 बजे औबेदुल्लागंज पहुचेंगे। मुख्यमंत्री यहां औद्योगिक इकाई सागर मेन्युफेक्चरर प्रा.लि. का भ्रमण करेंगे और रक्षाबंधन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव दोपहर लगभग 12.40 बजे औद्योगिक क्षेत्र तामोट में कार्यक्रम स्थल पर पहुचेंगे तथा यहां औद्योगिक इकाईयों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव इकाई आनंद टेक प्लास्ट प्राईवेट लिमिटेड प्लास्टिक पार्क तामोट का का भ्रमण करेंगे। दोपहर लगभग 2.10 बजे मुख्यमंत्री द्वारा तिरंगा यात्रा का फलेग ऑफ किया जाएगा तथा इसके उपरांत कार्यक्रम स्थल से प्रस्थान करेंगे। कार्यक्रम में मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार, स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा भी सम्मिलित होंगे।

# राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान के स्टूडेंट्स ने 'धागाः एक पहचान' में दिखाई प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर गुरुवार को राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान द्वारा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के सहयोग से 'धागा एक पहचान' शीर्षक से दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य देश की पारंपरिक हथकरघा विरासत को रचनात्मकता, शिल्प और संस्कृति के संगम के रूप में प्रस्तुत करना था। कार्यक्रम में एनआईडी की छात्राओं द्वारा 'धागा' थीम पर आधारित नृत्य प्रस्तुति दी गई, जिसमें शिल्प एवं परंपरा की थीम नजर आई। इसके बाद एनआईडी के छात्रों द्वारा एक संगीतमयी प्रस्तुति दी, जिसमें धागों की विविधता और भारतीय हथकरघा की भावनाओं को सुरों में व्यक्त किया। कार्यक्रम के विशेष आकर्षण के रूप में रिवायतः ए वॉक थ्रू हेंडक्राफ्ट विथ ऐलिगेंस नामक रैम्प वॉक का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने प्रदर्शनी में भाग ले रहे कारीगरों द्वारा बुने गए वस्त्रों एवं कलात्मक वस्तुओं में रैम्प वॉक की और दर्शकों की तालियां बंटोरीं।

## कारीगरों के बनाए गए वस्त्रों एवं कलात्मक वस्तुओं के साथ किया रैम्प वॉक





**बोडो वीविंग, बलुचरी साड़ी संबलपुरी वीविंग प्रदर्शित**

कार्यक्रम के बाद मानव संग्रहालय द्वारा तैयार की गई 'वस्त्र कथा' कपड़े में बुनी एक कहानी, नामक विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में असम, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और मध्यप्रदेश के 20 शिल्पकारों ने बोडो वीविंग, बलुचरी साड़ी, संबलपुरी वीविंग, कांथा एम्ब्रॉयडरी, दरी मेकिंग, कोसा सिल्क, चंदेरी एवं महेश्वरी वीविंग, बांस शिल्प, टेराकोटा कला का प्रदर्शन किया।

## गौहर महल के मंच पर दिखा बुनकरों की विरासत संग फैशन और परंपरा का अद्भुत संगम

# 30 मॉडल्स ने मप्र के पारंपरिक टैक्सटाइल में किया रैंप वॉक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी का गौहर महल गुरुवार की शाम एक नई चमक से जगमगा उठा, जब 11वें राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय विशेष उत्सव का शुभारंभ हुआ। इस उत्सव का पहला दिन न केवल फैशन और रंगों से सजा, बल्कि परंपरा, विरासत और बुनकरों की मेहनत के रंगों से सराबोर रहा। गौहर महल का प्राचीन सौंदर्य जब आधुनिक रोशनी, हाई वोल्टेज म्यूजिक और सजीव रैंप वॉक से मिला, तो दृश्य कुछ ऐसा बना मानो अतीत और वर्तमान एक साथ हाथ थामे चल पड़े हों। इस शाम का खास आकर्षण था फैशन शो, जिसमें 30 मॉडल्स ने रैंप पर वॉक कर मध्यप्रदेश की पारंपरिक बुनकर कलाओं को फैशन की नई परिभाषा दी। यह फैशन शो शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज इंदौर के सहयोग से आयोजित किया गया था, जिसमें वहीं की फैशन टेक्नोलॉजी विभाग की छात्राओं प्रदेश के पारंपरिक टेक्सटाइल्स को पहनकर उनकी गरिमा को रैम्प पर प्रस्तुत किया। शो तीन राउंड में हुआ। पहले राउंड में बटिक प्रिंट और डाबू प्रिंट की छाप देखने को मिली, तो वहीं अगले राउंड में बाग, चंदेरी और महेश्वरी वस्त्रों की चमक मंच पर देखने को मिली।

### 11 वें राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय उत्सव हुआ शुरू



### हैंडलूम में स्वावलंबन की प्रेरणा समाहित है

यह आयोजन भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय और कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के संयुक्त सहयोग से किया गया, जिसका उद्देश्य पारंपरिक हस्तशिल्पों को समकालीन मंचों से जोड़ना और युवाओं को इसके प्रति जागरूक करना है। इस आयोजन में कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि हैंडलूम केवल वस्त्र नहीं, हमारी आत्मा है। इसमें हमारी संस्कृति, परंपरा और स्वावलंबन की प्रेरणा समाहित है।



### आधुनिकता के मिलन का जीवंत चित्रण

यह केवल एक फैशन शो नहीं था, बल्कि परंपरा और आधुनिकता के मिलन का एक जीवंत चित्रण था, जिसमें हर पहनावे के साथ एक कहानी थी। कभी किसी गांव की, कभी किसी हथकरघा केंद्र की और कभी किसी बुनकर परिवार की पीढ़ियों से चली आ रही कला की। कार्यक्रम में इससे पहले मध्यप्रदेश के विभिन्न अंचलों से आये पारंपरिक बुनकरों को सम्मानित किया गया। उनके अद्वितीय योगदान को मंच से सराहा गया और उन्हें स्मृति चिन्ह व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। यह वह क्षण था जब रैम्प पर चलने वाले मॉडल्स और परदे के पीछे रहने वाले बुनकर, दोनों को एक साथ पहचान मिली।



### इनका हुआ सम्मान

कार्यक्रम में मुजफफर खान चंदेरी- अशोक नगर, जुबैर खान, चंदेरी अशोक नगर, मुसरर्फ खान चंदेरी- अशोक नगर, सहित 15 बुनकरों को सम्मानित भी किया गया।

*फिटब्लिस बाय श्रुति कपूरः सेलिब्रिटी ट्रेनर यास्मिन कराचीवाला की पिलाटे क्लास की*




# स्ट्रेंथ और रिकवरी का सुंदर समन्वय है 'पिलाटे'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फिटब्लिस बाय श्रुति कपूर में यास्मिन कराचीवाला की पिलाटे क्लास ने फिटनेस लवर के लिए नए मानक स्थापित किए हैं। यास्मिन भारत की सबसे प्रसिद्ध सेलिब्रिटी फिटनेस आइकॉन और बॉडी इमेज स्टूडियो की संस्थापक हैं, जिन्होंने दीपिक पादुकोण, कैटरीना केफ सहित कई बड़ी सेलिब्रिटीज को पिलाटे ट्रेनिंग दी है। गुरुवार को फिटब्लिस सेशन में शहर के करीब 200 से अधिक वेलनेस प्रेमियों ने पिलाटे क्लास का अनुभव लिया। यास्मिन कराचीवाला ने कहा कि फिटब्लिस में पिलाटे लाना मेरे लिए एक सम्मान की बात है। यह एक ऐसा स्पेस है जो वास्तव में समझता है कि एलीट वेलनेस का अर्थ क्या होता है। यहां का स्टूडियो इंटरनेशनल रिफॉर्मर स्टैंडर्ड्स पर आधारित है और वायकेबीआई मेथड की गरिमा को बनाए रखता है। डॉ. श्रुति कपूर ने ऐसा प्लेटफॉर्म बनाया है जहां पिलाटे, स्ट्रेंथ और रिकवरी का सुंदर समन्वय है। जब मैं अगली पीढ़ी के वेलनेस की कल्पना करती हूं तो ऐसा ही स्पेस सामने आता है।

### होटल पलाश में आज महिला पॉलिटेक्निक के फैशन टेक्नोलॉजी विभाग की कार्यशाला

**भोपाल।** राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर होटल पलाश में हथकरघा जागरुकता कार्यशाला का आयोजन शास. महिला पॉलिटेक्निक फैशन टेक्नोलोजी विभाग द्वारा शुक्रवार को किया जा रहा है। कार्यशाला सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। यह पहल उद्योग विशेषज्ञों, स्टार्टअप्स, डिजाइनर्स, कारीगरों, बुनकरों, शिक्षकों, छात्रों तथा हितधारकों को एक साथ लाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### मानव संग्रहालय में डाक प्रदर्शनी आज से

**भोपाल।** भारतीय डाक विभाग द्वारा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में 8 अगस्त से 10 अगस्त तक डाक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। डाक प्रदर्शनी का आरंभ मुख्य पोस्टमास्टर जनरल मप्र डाक परिमंडल विनीत माथुर एवं निदेशक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय प्रो. अमिताभ पांडे शुक्रवार दोपहर 12 बजे करेंगे। इस प्रदर्शनी में शहर के 14 फिलाटेलिस्ट भाग लेंगे, जो जनजाति एवं संस्कृति विषय से संबंधित डाक टिकट प्रदर्शित किए जाएंगे। संग्रहालय के जनसंपर्क अधिकारी हेमंत बहादुर सिंह परिहार ने बताया कि इस प्रदर्शनी में जनजातीय संस्कृति से संबंधित चित्रों लोक एवं जनजातीय संस्कृति के पहलुओं की जानकारी देश,विदेश तक उनके बारे में एक समझ विकसित करती है।




### राइड फॉर प्राइड साइकिल रैली 10 को

**भोपाल।** आजादी का अमृत महोत्सव, मेरी माटी, मेरा देश, विरासत हर घर घर तिरंगा मेरी शान तिरंगा जैसे देशभक्ति पर्यावरण एवं स्वच्छता संरक्षण स्लोगन के साथ स्वतंत्रता दिवस 79वीं वर्षगांठ पर स्पोर्ट प्रमोटर कल्चरल ग्रुप, जिला पुरातत्व टूरिज्म संस्कृतिक परिषद राइड फॉर प्राइड साइकिल रैली का आयोजन 10 अगस्त रविवार को सुबह 6 बजे भोजपुर क्लब अरेरा कॉलोनी से किया जा है। इस आयोजन में 500 साइकिल राइडर, प्रतिभागी भाग लेंगे। यह राइड भोपाल के विभिन्न मार्गों से होती हुई बोट क्लब पर जाकर समाप्त होगी।



## 'मॉय हैंडलूम मॉय प्राइड' थीम पर स्टाइलिंग प्रतियोगिता

# हैंडलूम दिवस पर निफ्ट में बुनाई शिल्प और सम्मान का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी ( निफ्ट) में गुरुवार को नेशनल हैंडलूम डे मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि आयुक्त हस्तशिल्प एवं हथकरघा मदन नागरगोजे ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कहा कि हैंडलूम भारत की सांस्कृतिक आत्मा है और उन्होंने युवाओं से इसे अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में टेक्सटाइल डिजाइन विभाग द्वारा तैयार शिल्प उत्पादों की एग्जीबिशन में पारंपरिक तकनीकों को आधुनिक रूप में प्रस्तुत किया गया। इस श्रृंखला का समापन समारोह 15 अगस्त को होगा। जिसमें हैंडलूम वॉक, साड़ी ड्रेपिंग वर्कशॉप, विशेषज्ञ व्याख्यान और हैंडलूम वीविंग डेमोंस्ट्रेशन जैसे कई कार्यक्रम एक साथ आयोजित किए जाएंगे।



### हैंडलूम वस्त्रों की आधुनिक पैटर्न पर आधारित प्रस्तुति दी

आयोजन का मुख्य आकर्षण 'मॉय हैंडलूम मॉय प्राइड' थीम पर स्टाइलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने भाग लिया और हैंडलूम वस्त्रों की आधुनिक प्रस्तुति दी। गेस्ट ऑफ ऑनर, राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त चंदेरी बुनकर मोहम्मद दिलशाद ने अपने जीवन के संघर्षों को साझा करते हुए कहा कि मुझे 2010 में चंदेरी साड़ी नक्सी बॉर्डर के लिए एक्सीलेंस अवॉर्ड और 2011-12 में कबीर बुनकर पुरस्कार योजना में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि कैसे निफ्ट भोपाल ने उन्हें और उनकी कला को निरंतर मंच और सहयोग प्रदान किया है।

# खुद की महत्वाकांक्षा के पिंजरे में कैद व्यक्ति की कहानी





### अभिनय कला मंच में नाटक 'सुल्तान' का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अनुभव थियेटर नाट्य कला सोसायटी की नवीन नाट्य प्रस्तुति नाटक 'सुल्तान' का मंचन गुरुवार शाम अभिनय कला मंच के सभागार में किया गया। नाटक में लेखन महेश एलकुंचवार का और निर्देशन रूपेश तिवारी का है। नाटक में दिखाया कि कैसे महत्वाकांक्षा व्यक्ति पर इतनी हावी हो जाती हैं कि उस व्यक्ति के पास सिर्फ पैसा, धन-दौलत के अलावा कुछ नहीं होता, वो रिश्तों नातों से दूर सिर्फ पैसों के बने पिंजरे में कैद होकर रह जाता है।

### नाटक की कहानी

यह नाटक एक ऐसे इंसान राजशेखर की है, जो अपने खुद की महत्वाकांक्षा के बनाए हुए पिंजरे में कैद है। राजशेखर जीवन में पैसे और रुतबे को पाने के लिए अपने प्यार और परिवार को भी पीछे छोड़ देता है और खुद सब कुछ पा लेने के बाद इतना अकेला हो जाता है कि मार्फिन के नशे से ही अपने आप को संतुलित समझता है। तभी उसकी मुलाकात एक पाखंडी साधु और एक लड़की से होती है। वह लड़की में अपना प्यार और साधु से शांति के मार्ग को खोजता है, लेकिन वह सब तो पैसे के लिए उससे संबंध रखते हैं। अंततः वह फिर अपने आप को अकेला और अपने अंतर्मन को पिंजरे में बंद पाता है, जब उसे जीवन समझ आता है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है और मुड़कर देखता है तो उसे सलाखों के सिवा कुछ दिखाई नहीं देता। एक हिंसक पशु की भांति वह अपने को पिंजरे में कैद पाता है।

## निशा शर्मा ने किया निर्देशन...



### जवाहर बाल भवन में 20 बच्चों ने सीखा सस्ती-सुंदर राखी बनाना

**भोपाल** । जवाहर बाल भवन में निशा शर्मा के निर्देशन में बच्चों के लिए रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में राखी मेकिंग कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को किया गया। जिसमें निशा शर्मा ने बच्चों को घर पर कम लागत में आसानी से जरी, रेशम, ऊन एवं फर्र से रॉखी बनाने का प्रशिक्षण दिया। इस कार्यशाला में लगभग 20 बच्चों ने भाग लिया।

## अरेरा क्लब में दिव्या यादव की पुस्तक 'स्टारडस्ट ऑफ इमोशंस' का लोकार्पण

# जब पति की पोस्टिंग पुलवामा में हुई, तब आया पुस्तक लिखने का विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यह मेरी पहली किताब है, क्योंकि मैं आर्मी बैकग्राउंड से हूं। सीआरपीएफ में मेरे पति हैं, साथ ही भारत के कई क्षेत्रों में उनकी पोस्टिंग हुई और सौभाग्य से वह क्षेत्र मुझे भी देखने को मिले। यहां तक कि धारा 370 हटने के बाद पुलवामा में भी मेरे पति की पोस्टिंग हुई और उस वक्त मैंने कश्मीर के बदलते हुए हालात और होते हुए सुधारों को भी देखा, फिर मुझे लगा कि क्यों न मैं एक पुस्तक लिखूं, जिसमें कविताओं के माध्यम से मैं सभी चीजों का जिक्र करूं।

फिर मैंने अपनी पुस्तक 'स्टारडस्ट ऑफ इमोशंस' को लिखना शुरू किया, जिसमें 120 कविताओं के माध्यम से मैंने फौजी के जीवन के संघर्ष के साथ ही मां की ममता, पत्नी के धैर्य और प्रेम से भरे हुए आवरण को भी अपनी पुस्तक का अंश बनाया....




### दिव्या की पहली पुस्तक है यह

यह कहना है दिव्या यादव का, जिनकी लिखी पहली पुस्तक 'स्टारडस्ट ऑफ इमोशंस' का लोकार्पण गुरुवार को अरेरा क्लब में, क्लब लिटराटी और आईसेक्ट पब्लिकेशन द्वारा हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलाधिपति रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि संतोष चौबे, अध्यक्ष क्लब लिटराटी सीमा रायजादा ने की।




### कविता के अंत का 'पंच' बनाता है पुस्तक को रोचक

वहीं, क्लब लिटराटी के अध्यक्ष सीमा रायजादा ने कहा कि मुझे दिव्या की प्रत्येक कविता में कहीं न कहीं एक पंच नजर आता है, क्योंकि जब आप पूरी कविता पढ़ लेते हैं, तब आपको अंत में पता चलता है कि यह कविता किस पर आधारित है और यही चीज इस पुस्तक को और भी ज्यादा रोचक बनती है। उन्होंने कहा कि इसमें कुछ कविताएं हिंदी में भी हैं, जो इस पुस्तक को काफी अट्रैक्टिव बनाती हैं। इस अवसर पर दिव्या ने पुस्तक से चुनिंदा कविताओं का पाठ भी किया। डॉ. अनुपमा रावत ने पुस्तक पर लेखिका से बातचीत की।

# सरकार दिव्यांगों और बुजुर्गों को सुरक्षित फुटपाथ उपलब्ध कराए



**अदालत ने केंद्र को दिया गाइडलाइन बनाने का आदेश**

डॉ. राजासेकरन द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया गया, जिसमें फुटपाथों की दयनीय स्थिति और दिव्यांगजनों की परेशानी का हवाला दिया गया था

**केंद्र और राज्य सरकारों की जवाबदेही की समीक्षा की जाएगी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के सभी नागरिकों, विशेषकर दिव्यांगों और बुजुर्गों को सुरक्षित फुटपाथ उपलब्ध कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है। अदालत ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह चार हफ्तों के भीतर ऐसे दिशा-निर्देश बनाए, जो देशभर में सभी फुटपाथों को सुलभ और अतिक्रमणमुक्त बनाएं। यह आदेश डॉक्टर एस. राजासेकरन द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया गया, जिसमें उन्होंने भारत के फुटपाथों की दयनीय स्थिति और दिव्यांगजनों की परेशानियों को उजागर किया था।

*अदालत ने केंद्र सरकार से कहा वह सुलभ और अतिक्रमण मुक्त हों*




**संविधान का दिया हवाला, हर नागरिक को समानता और जीवन का अधिकार दिया गया**

याचिकाकर्ता ने बताया कि देश में कई जगह फुटपाथ हैं ही नहीं, और जहां हैं वहां या तो टूटे-फूटे हैं या अतिक्रमण के शिकार हैं। इससे न सिर्फ दिव्यांगों की आवाजाही मुश्किल होती है बल्कि आम पैदल यात्रियों की जान भी खतरे में रहती है। याचिका में संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का हवाला देते हुए दलील दी गई कि हर नागरिक को समानता और जीवन का अधिकार है, जिसमें सुरक्षित चलना भी शामिल है।

**3 अहम मुद्दों पर गाइडलाइन बनाने को कहा**

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने कहा कि अभी तक इस विषय पर कोई ठोस राष्ट्रीय दिशा-निर्देश नहीं हैं। इसलिए केंद्र सरकार को तीन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर नियम बनाने होंगे। पहला, सभी नई और पुरानी सड़कों पर तकनीकी मानकों के साथ फुटपाथ की अनिवार्यता तय करना। दूसरा, डिजाइन ऐसा हो कि दिव्यांगजनों को कहीं भी दिक्कत न हो। तीसरा, अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रभावी व्यवस्था करना।

## राहुल गांधी की 'डिनर पॉलिटिक्स'
# 25 पार्टियों के 50 नेताओं को दिखाए चुनावी धोखाधड़ी के सबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कथित 'इलेक्टोरल फ्रॉड' यानी चुनावी धांधली पर इंडिया ब्लॉक के नेताओं के साथ चर्चा की। राहुल के निवास पर गुरुवार को डिनर मीटिंग आयोजित की गई। उन्होंने 'इंडिया' ब्लॉक के नेताओं को एक प्रेजेंटेशन दिखाया। गौरव गोगोई ने बताया कि राहुल गांधी ने सबूतों के साथ बताया कि वोटिंग में कैसे धांधली हो रही है। इस मौके पर करीब 25 पार्टियों के 50 नेता मौजूद थे।



अलग-अलग राज्यों में कांग्रेस के तीनों मुख्यमंत्री- सुखविंदर सिंह सुक्खू, रेवंत रेड्डी और सिद्धारमैया भी मीटिंग में शामिल हुए। इसके अलावा, शरद पवार, फारूक अब्दुल्ला, अभिषेक बेनर्जी, उद्धव और आदित्य ठाकरे, अखिलेश और डिंपल यादव, तेजस्वी यादव, और महबूबा मुफ्ती आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### दिशोम गुरु को भारत रत्न की मांग बढ़ी



**रांची।** झारखंड के जननायक और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक दिशोम गुरु शिबू सोरेन को मरणोपरांत भारत रत्न देने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। अगस्त में सर गंगाराम अस्पताल में उनका निधन हो गया। झारखंड में शोक की लहर दौड़ गई और उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए अब भारत रत्न की मांग उठ रही है।

### रिश्वतखोरी में सब इंस्पेक्टर, थानेदार अरेस्ट



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की विजिलेंस यूनिट और सीबीआई के पास पुलिसकर्मियों द्वारा रिश्वत मांगने और लेने की शिकायत पहुंचने पर ये एजेंसियां पुलिसकर्मियों को रिश्वत की रकम के साथ गिरफ्तार कर रही हैं। सीबीआई ने दिल्ली पुलिस के सब-इंस्पेक्टर विजय सिंह को 40 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

### ट्रिपल मर्डर में नक्सली चढ़ा पुलिस के हत्थे



**जमुई।** चिहरा पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हाथ लगी है। अब पुलिस नेकार्रवाई के दौरान थाना क्षेत्र के बोंगी पंचायत अंतर्गत गांदी गांव में 21 मई 2016 को नक्सलियों द्वारा किए गए तीन लोगों की हत्या मामले में फरार चल रहे नक्सली को गिरफ्तार कर लिया है।

### अनिरुद्धाचार्य पर वाद चेतावनी सभा भी की



**मथुरा।** कथावाचक अनिरुद्धाचार्य द्वारा युवतियों पर विवादित बयान पर 2 महिला अधिवक्ताओं ने एसीजेएम न्यायालय में वाद दाखिल किया है। गुरुवार को बार एसोसिएशन की सदस्य प्रियदर्शिनी मिश्रा और सौम्या शुक्ला ने वाद दाखिल किया है। वृंदावन में उनके खिलाफ एक चेतावनी सभा भी की गई है।

## ट्रंप के 50 फीसदी टैरिफ लगाने पर देशभर से आईं मिली-जुली प्रतिक्रियाएं

# थरूर बोले- सरकार जवाब दे, कोई हमें नहीं धमका सकता
# भाजपा बोली-देश का सवाल, हमें एकजुटता दिखानी होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**कांग्रेस नेता ने इसे अन्यायपूर्ण बताया**

*कांग्रेस ने कहा हमें भी ऐसे टैरिफ बढ़ाने का अधिकार, भारत के अपने मायने अलग*

*चीन और अन्य देशों का उदाहरण भी दिया*

अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए अतिरिक्त टैरिफ को कांग्रेस पार्टी के सांसद शशि थरूर ने अन्याय बताया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि क्योंकि हम रूस से पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स, नेचुरअल गैस और ऑयल खरीद रहे हैं, इसलिए हम पर अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया है। चीन हमसे दोगुना तेल खरीद रहा है लेकिन फिर भी उनको दोगुना समय दिया गया है। वॉशिंगटन से इसमें कोई दूसरा इशारा है, दूसरा कोई संदेश मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इसके बारे में हमारी सरकार को समझकर जवाब देना चाहिए। अगर वो लोग ऐसे करेंगे तो हमें भी अमेरिकन एक्सपोर्ट पर 50 फीसदी टैरिफ लगाना चाहिए।

ये नहीं है कि कोई भी किसी भी देश में बैठकर हमको ऐसे धमकी दे सके। थरूर ने कहा कि अमेरिकी सामानों पर हमारा औसत टैरिफ 17 फीसदी है। हमें 17 फीसदी पर ही क्यों रुकना चाहिए? हमें इसे 50 फीसदी तक भी बढ़ाना चाहिए। क्या उन्हें हमारे रिश्तों की कद्र नहीं है? अगर भारत उनके लिए मायने नहीं रखता, तो उन्हें हमारे लिए भी मायने नहीं रखना चाहिए।



**अमेरिका संग व्यापार पर असर पड़ेगा**

थरूर ने कहा कि अमेरिका द्वारा अतिरिक्त टैरिफ लगाए जाने का असर भारतीय कंपनियों के व्यापार पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका के साथ 90 बिलियन डॉलर की ट्रेड करता है।आप सोचिए कि हर चीज अगर 50 फीसदी ज्यादा महंगी होगी तो खरीदने वाले भी सोचेंगे कि भारत की चीज क्यों खरीद रहे हैं? थरूर ने कहा कि हमारे जो प्रतिस्पर्धी हैं, जिन देशों से इस किस्म की चीजें अमेरिका को भेजी जा रही हैं, जैसे पाकिस्तान, वियतनाम, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, चीन का टैरिफ भी अगर हमसे कम है तो स्वाभाविक है कि उनकी चीजें कम महंगी हैं तो भारत की चीज अमेरिका में बिक नहीं पाएंगी।

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा
### मोदी सरकार की विदेश नीति विफल

इसी सिलसिले में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50फीसदी टैरिफ लगाने के फैसले को केंद्र सरकार की विदेश नीति की बड़ी विफलता बताया। खरगे ने कहा कि ट्रंप का यह कदम ऐसे समय में आया है जब भारत की कूटनीति कमजोर और भ्रमित नजर आ रही है। प्रधानमंत्री इस संकट से निपटने में पूरी तरह नाकाम रहे हैं ट्रंप भारत पर दबाव बना रहे हैं। खरगे ने पीएम नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि आप अमेरिका से व्यापार समझौता नहीं कर पाए।



### निशिकांत
### दुनिया को पता चलना चाहिए भारत एकजुट



भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि ट्रंप ने 140 करोड़ भारतीय पर टैरिफ थोपा है। उन्होंने कहा कि हमें पीएम के पीछे खड़े होने की जरूरत है ताकि भारत मजबूत रहे और पूरी दुनिया में यह मैसेज जाए कि हम एकजुट हैं।

### महिंद्रा ने दिया मंत्र
### भारत के लिए दिए 2 जरूरी सुझाव



महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने कहा कि अमेरिका द्वारा शुरू किया गया टैरिफ वॉर अनपेक्षित परिणाम ला सकता है। उन्होंने यूरोप और कनाडा के उदाहरण देकर समझाया कि कैसे ऐसी चुनौतियां देशों को मजबूत बदलाव के लिए मजबूर करती हैं। भारत के लिए महिंद्रा के 2 जरूरी सुझाव हैं। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में क्रांतिकारी सुधार करना। महिंद्रा का कहना है कि भारत को छोटे-मोटे बदलावों से आगे बढ़कर सिंगल विंडो क्लीयरेंस का असली और प्रभावी सिस्टम बनाना होगा।

### 'ट्रंप नहीं समझते वैश्विक व्यापार: ओवैसी



एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि ट्रंप का 50 फीसदी टैरिफ भारतीय निर्यातकों, एमएसएमई, निर्माताओं को नुकसान पहुंचाएगा। यह कूटनीति नहीं, बदमाशी है। ट्रंप नहीं जानते वैश्विक व्यापार कैसे काम करता है?

### ट्रंप का टैरिफ लगाना विश्वासघाती व देश को कमजोर करने वाला

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाना विश्वासघाती और देश को कमजोर करने वाला कदम है। इससे पैदा हुए हालात से निपटने के लिए सभी को पूरी परिपक्वता दिखानी चाहिए।



### ये भी बोले

**ट्रंप आखिर भारत के साथ क्या करना चाह रहे: मनीष**



कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि ट्रंप आखिर भारत के साथ क्या करना चाहते हैं? ये धमकी और दबाव की राजनीति क्यों हो रही है?

**मोदी-ट्रंप की दोस्ती कहां गई? बोले कार्ति**



कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने भी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जिस विशेष रिश्ते की बात सरकार करती थी, वो अब कहां गया? ट्रंप की धमकियों से साफ है कि वो रिश्ता केवल दिखावा था।

**अमेरिका से रिश्ते तो रखने ही होंगे: अखिलेश**



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि अमेरिका से रिश्ते तो रखने ही होंगे। अमेरिका ताकतवर देश है, उससे हमारे रिश्ते पहले से रहे हैं। उन रिश्तों को और कैसे मजबूत किया जाए, इस दिशा में काम करना चाहिए।

## तमिलनाडु में एक और रार
# तमिलनाडु में पारित विधेयक को राज्यपाल ने फिर से लटकाया



*सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था बिल रोकने का मामला*

**चेन्नई।** तमिलनाडु के राज्यपाल की ओर से विधानसभा से पारित विधेयकों को लटकाने का मामला कुछ महीने पहले सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। इसी मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने राज्यपालों और राष्ट्रपति को 3 महीने के अंदर निर्णय लेने को कहा था। इस पर राष्ट्रपति की ओर से सुप्रीम कोर्ट से राय भी मांगी गई है कि आप कैसे ऐसा आदेश प्रेसिडेंट या राज्यपाल को दे सकते हैं, लेकिन इस बीच तमिलनाडु में ही विधेयकों को लटकाने पर ही फिर से खींचतान शुरू हो गई है। ताजा मामला कलैग्नार शताब्दी विश्वविद्यालय विधेयक से जुड़ा है। इस विधेयक को आरएन रवि ने रिजर्व कर लिया है और राष्ट्रपति के समक्ष भेजा है। राजभवन के सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

### इस बार यूनिवर्सिटी के चांसलर बदलने का बिल फंसा

पूर्व मुख्यमंत्री और एमके स्टालिन के पिता करुणानिधि को कलैग्नार के नाम से भी जाना जाता है। इस विधेयक को तमिलनाडु विधानसभा से अप्रैल में मंजूरी मिल गई थी। इसके तहत यूनिवर्सिटी बनाने का प्रस्ताव है और उसके चांसलर चीफ मिनिस्टर होंगे। मौजूदा नियम के अनुसार किसी भी राज्य यूनिवर्सिटी के चांसलर संबंधित सूबे के राज्यपाल ही होते हैं। अब इस नियम को तमिलनाडु की स्टालिन सरकार बदलना चाहती है। राज्यपाल की ओर से बिल अटकाने से डीएमके भड़क गई है। पार्टी का कहना है कि राज्यपाल ने तो सुप्रीम कोर्ट के आदेश की खुली अवमानना की है।

### मसला फिर जा सकता शीर्ष कोर्ट

डीएमके ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल से एक महीने के अंदर निर्णय लेने को कहा था। इस बार भी यब मामला देश की सर्वोच्च न्यायलय में जा सकता है।

# बरामद 23,000 करोड़ ब्लैक मनी पीड़ितों में बांट दें

*सीजेआई के सामने चौंकाने वाली दलील*

## सॉलिसिटर जनरल मेहता की बात सुन सब रह गए दंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में तब सब सॉलिसिटर जनरल का चेहरा ताकने लगे जब उन्होंने जोरदार दलील दी। सीजेआई की कोर्ट में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि ईडी ने 23000 करोड़ की जो ब्लैक मनी बरामद की है उसे पीड़ितों में बांट दी जाए। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ भूषण स्टील एंड पावर लिमिटेड से जुड़ी जेएसडब्ल्यूस्टील की समाधान योजना पर पुराने फैसले की समीक्षा कर रही थी।



### बरामद पैसा खजाने में नहीं जाता

सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट को बताया कि ये पहली बार है जब इस स्तर की जानकारी अदालत के सामने लाई जा रही है। उन्होंने साफ किया कि बरामद पैसा सरकारी खजाने में नहीं जाता, बल्कि सीधे उन लोगों तक पहुंचाया गया है जो इन वित्तीय अपराधों के शिकार थे।

### सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को चेताया
### बदमाशों की तरह काम नहीं कर सकती, दायरे में रहे



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) 'धूर्त' की तरह काम नहीं कर सकता, उसे कानून के दायरे में रहकर काम करना होगा। ये बात सुप्रीम कोर्ट ने कही है। सुप्रीम कोर्ट ये भी बताया कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (बीएमएलए) के मामलों में दोषसिद्धि की दर 10 फीसदी से भी कम है। जस्टिस भुइयां ने इस बात पर जोर दिया कि अदालत लोगों की स्वतंत्रता के साथ-साथ ईडी की छवि को लेकर भी चिंतित है।

**चौधरी मामले में यह बात कही**

यह टिप्पणी जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्ज्वल भुइयां और जस्टिस एनके सिंह की पीठ ने विजय मदनलाल चौधरी मामले में 2022 के फैसले के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान की।

## चुनाव आयोग के आदेश को राज्य सरकार ने नहीं माना

*वे कानून का पाठ पढ़ाने लगीं*

# बंगाल में 4 अफसरों को हटाने का दिया निर्देश, ममता ने किया इनकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय चुनाव आयोग ने बंगाल के 4 अफसरों को हटाने के लिए कहा है लेकिन बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने ऐसा करने से साफ इनकार कर दिया है। उन्होंने चुनाव आयोग को चुनौती भी दी है कि कोई ऐसा कानून नहीं है कि वो इन अफसरों को हटाने आदेश दे। इस मसले पर ममता से चुनाव आयोग की ठन गई है।

चुनाव आयोग ने 4 अधिकारियों को वोटर सूची में फर्जी नाम जोड़ने, डेटा सुरक्षा उल्लंघन और अनाधिकृत व्यक्तियों के साथ लॉगिन क्रेडेंशियल्स साझा करने के आरोप में निलंबित किया है। कार्रवाई में दो इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन अफसर, दो सहायक इलेक्टोरल अफसर और एक डेटा एंट्री ऑपरेटर शामिल थे। कहीं कहीं हटाए जाने वाले लोगों की संख्या 4 बताई गई है तो कहीं 5।




### हम अफसरों को नहीं हटाएंगे: ममता

भारतीय चुनाव आयोग ने इन सभी के खिलाफ एएपआईआर दर्ज करने और विभागीय कार्रवाई शुरू करने का निर्देश राज्य के मुख्य सचिव को दिया है। जैसे ही चुनाव आयोग ने ये आदेश दिया। बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी उबल पड़ीं। उन्होंने साफ कहा कि व् किसी अफसर को नहीं हटाने वाली। उन्होंने चुनाव आयोग पर इसके लिए सवाल उठा दिए।

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने फैसला पलटा

**दंड के तीन प्रमुख स्तंभ- प्रतिशोध निवारण और सुधार**

# मृत्युदंड पर सख्त टिप्पणी की, जजों को इतना जालिम भी नहीं होना चाहिए

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट की जलपाईगुड़ी सर्किट पीठ ने अपने मामा की हत्या के जुर्म में एक व्यक्ति की मृत्युदंड की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया है। अदालत ने मामले में टिप्पणी करते हुए कहा कि समाज का विकास दंडशास्त्र के प्रति सुधारात्मक दृष्टिकोण से हुआ है, न कि प्रतिशोधात्मक दृष्टिकोण के लिए। यह टिप्पणी जस्टिस सब्यसाची भट्टाचार्य ने की। उन्होंने कहा, 'जजों को जालिम नहीं होना चाहिए'। 'दंड के 3 स्तंभ हैं- प्रतिशोध, निवारण और सुधार। निवारण की मान्यता आज भी बरकरार है, वहीं आधुनिक आपराधिक न्यायशास्त्र में भारत और अन्य देशों में प्रतिशोध ने दंड के सुधारात्मक पहलू को जन्म दिया है।

### जेल भी अब सुधार गृह कहलाने लगे

जलपाईगुड़ी सेशन कोर्ट ने आफताब आलम को धारा 396 के तहत अपराध का दोषी मानते हुए मृत्युदंड की सजा सुनाई थी। लेकिन हाईकोर्ट ने कहा कि यह अपराध रेयरेस्ट ऑफ द रेयर की श्रेणी में नहीं आता है। जस्टिस भट्टाचार्य ने कहा कि हाल के दिनों में जेलों को सुधार गृह कहा जाने लगा है, इसका एक कारण है। उन्होंने कहा कि यह समाज की बदला लेने की रक्त-पिपासु प्रवृत्ति से अभियुक्तों को सुधारने की सभ्य नीति की ओर संक्रमण को दर्शाता है। इस सिद्धांत का आधार है कि अपराध से घृणा करनी चाहिए, अपराधी से नहीं। दुनिया में इस बात पर बहस चल रही है कि मृत्युदंड को सजा के रूप में बरकरार रखा जाए या नहीं।




## पाठ्यपुस्तकों में वीर योद्धाओं और अमर शहीदों को दी गई जगह

# नई किताबों में तोड़मरोड़ कर पेश किया गया इतिहास अब एनसीईआरटी ने गठित की विशेषज्ञ समिति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की तरफ से गुरुवार को दो महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आईं। पहली में परिषद द्वारा जारी की गई पहली से आठवीं कक्षा की इतिहास और सामाजिक विज्ञान की किताबों में इतिहास को तोड़- मरोड़कर प्रस्तुत करने के मामले में विभिन्न माध्यमों से मिली शिकायतों और सुझावों की पड़ताल करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन करने की घोषणा की गई। तो दूसरी जानकारी में परिषद ने मौजूदा शैक्षिणिक सत्र से ही 7वीं और 8वीं की उर्दू की किताब और 8वीं की अंग्रेजी की किताब में देश के महान सैन्य योद्धाओं- अमर शहीदों जैसे फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ, मेजर सोमनाथ शर्मा और ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान पर अध्याय (चैप्टर) शामिल करने के बारे में बताया गया।

### सैम मानेकशॉ, मेजर शर्मा को जानेंगे युवा

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि मौजूदा शैक्षणिक सत्र से एनसीईआरटी की 7वीं और 8वीं की उर्दू और 8वीं कक्षा की अंग्रेजी की किताब में भारत के जांबाज योद्धाओं और वीर शहीदों जैसे फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ, मेजर सोमनाथ शर्मा और ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान के जीवन और बलिदान को बतौर पूर्ण अध्याय के रूप में समाहित किया गया है। जिससे देश की युवा पीढ़ी को इन महान और देशभक्त सैन्य नायकों के जीवन से साहस और कर्तव्य पालन को लेकर प्रेरणा मिलेगी। फील्ड मार्शल मानेकशॉ भारत के पहले सैन्य अधिकारी थे, जिन्हें फील्ड मार्शल की उपाधि से नवाजा गया। वे अपने असाधारण नेतृत्व और सामरिक सूझबूझ के लिए जाने जाते थे। वर्ष 1971 की भारत-पाकिस्तान की जंग में फील्ड मार्शल मानेकशॉ की भारत के सेनाप्रमुख थे। इस लड़ाई में मिली जीत में उनके कुशल सैन्य नेतृत्व का अहम योगदान माना जाता है। इसी तरह से ब्रिगेडियर उस्मान और मेजर सोमनाथ शर्मा को मातृभूमि की रक्षा के लिए दी गई प्राणों की आहुति के लिए मरणोपरांत महावीर चक्र और परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था।



### जल्द अपनी रिपोर्ट सौंपेगी समिति

एनसीईआरटी की विशेषज्ञ समिति की अध्यक्षता संभवतः परिषद के पाठ्यक्रम अध्ययन एवं विकास विभाग की प्रमुख प्रोफेसर रंजना अरोड़ा को सौंपी गई है। मामले पर मिले सुझावों और शिकायतों की जांच कर समिति जल्द ही अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। जिसे बाद में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को भी सौंपा जा सकता है। दरअसल इस पूरे मामले में एनसीईआरटी ने 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) और राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा (एनसीएफ) के आधार पर पहली से आठवीं कक्षा तक की नई किताबें जारी की थीं। जिसके बाद ही किताबों के नाम और उनमें शामिल किए गए तथ्यों को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। इनमें शामिल कुछ आपत्तियों में सबसे पहले जैसलमेर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य चैतन्य राज सिंह ने एनसीईआरटी की सामाजिक विज्ञान की 8वीं कक्षा की पुस्तक में जैसलमेर को मराठा साम्राज्य का हिस्सा दिखाने पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के संज्ञान में भी इस मामले को लाया है।

धराली हादसाः 400 लोग अभी भी फंसे

# 9 सैन्यकर्मी सहित 50 अभी भी लापता, 274 लोगों को बचाया

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड राज्य के धराली में हुए हादसे में अब तक 5 मौतों की पुष्टि हो चुकी है। 70 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। प्रशासन के हवाले से सेना ने बताया कि 50 से ज्यादा लोग लापता हैं। इनमें एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) और 8 शामिल हैं। वहीं, आर्मी के 9 जवानों और 3 सिविलियंस को हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू कर देहरादून लाया गया। गंभीर रूप से घायल 5 लोगों को एम्स ऋषिकेश, 9 लोगों को उत्तरकाशी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

आपदा प्रबंधन सचिव ने बताया कि गंगोत्री और आसपास के क्षेत्रों में करीब 400 लोग फंसे हैं। वहां से अब तक 274 लोगों को हर्षिल लाया गया है। सभी को हर्षिल से उत्तरकाशी और देहरादून लाने का काम जारी है। रेस्क्यू और राहत कार्यों में 479 अधिकारी और सदस्य सक्रिय रूप से कार्यरत हैं।

इसके अलावा, राहत कार्य के लिए तैनात 814 अन्य सदस्य अलग-अलग स्थानों से रवाना किए गए हैं। दरअसल, उत्तरकाशी जिले के धराली में मंगलवार 5 अगस्त को दोपहर 1.45 बजे बादल फट गया था। गंगोत्री के पहाड़ों से बहने वाली खीर गंगा नदी में बाढ़ आ गई। तेज रफ्तार पानी के साथ आए मलबे ने 34 सेकेंड में धराली गांव को जमींदोज कर दिया था।

राहत कार्य में जुटे हैं 814 रेस्क्यू कर्मी

294 बेड्स और 65 आईसीयू बेड्स की व्यवस्था

सीएम पुष्कर धामी स्थिति की निगरानी कर रहे

### प्रभावित लोगों को उत्तरकाशी और देहरादून भेजा



*राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि अब तक गंगोत्री और अन्य क्षेत्रों से कुल 274 लोगों को हर्षिल लाया गया है, जिनमें गुजरात के 131, महाराष्ट्र के 123, मध्य प्रदेश के 21, उत्तर प्रदेश के 12, राजस्थान के 6, दिल्ली के 7, असम और कर्नाटक के 5-5, तेलंगाना के 3 और पंजाब का एक व्यक्ति शामिल हैं। सभी लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं और इन्हें उत्तरकाशी या देहरादून भेजा जा रहा है। हर्षिल से अब तक 190 लोगों को आईटीबीपी मातली शिफ्ट किया जा चुका है। राज्य सरकार, जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग, आईटीबीपी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ राहत व बचाव कार्यों में जुटी हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।*



### 6 हेलिकॉप्टर बचाव अभियान में लगे

रेस्क्यू ऑपरेशन में वायुसेना के चिनूक और एमआई-17 सहित कुल 6 हेलिकॉप्टर, राज्य सरकार की ओर से युकाड़ा द्वारा तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, 2 अन्य हेलिकॉप्टर लगाए जा रहे हैं और अगले दिन से कुल 8 हेलिकॉप्टर को ऑपरेशन में लगाया जाएगा। सेना के एचएएल और चीता हेलिकॉप्टरों के जरिए भी सुबह 7 बजे से ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है।

### मेडिकल टीम और एंबुलेंस तैनात

धराली में एक मेडिकल टीम, एक डॉक्टर, एक फार्मासिस्ट और एक एंबुलेंस तैनात है। हर्षिल में 7 विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम एसएमओ मेडिसिन के साथ कार्यरत है। मातली में आईटीबीपी के 2 डॉक्टर व स्वास्थ्य विभाग के 4 विशेषज्ञ और धर्मशाला उत्तरकाशी में 8 विशेषज्ञ डॉक्टर तैनात किए गए हैं। कुल मिलाकर 294 बेड्स और 65 आईसीयू बेड्स की व्यवस्था की गई है।

### खाद्य सामग्री भेजी जा रही

इस आपदा में अब तक 2 लोगों के शव बरामद किए गए हैं, जबकि 9 सैन्यकर्मी और 7 आम नागरिक अभी भी लापता हैं। राहत कार्य में तेजी लाने के लिए आईसीपी धराली अब फंक्शनल हो चुकी है और एनडीआरएफ का क्विक रिस्पॉन्स यूनिट भी सक्रिय किया जा रहा है। लोगों तक भोजन पहुंचाने के लिए 2,000 'रेडी टू इट' फूड पैकेट हर्षिल भेजे गए हैं। इसके अलावा, फूड एंड सप्लाई विभाग की ओर से नियमित रूप से सूखा राशन और अन्य खाद्य सामग्री भेजी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### रशियन लड़की ने गाई कन्नड़ भाषा की कविता

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इसमें एक रूसी बच्ची



अपनी भारतीय दोस्त के साथ कन्नड़ भाषा की एक लोकप्रिय कविता गा रही है। इसमें दोनों बच्चियां साइकिल चला रही हैं और कन्नड़ भाषा की बच्चों की कविता 'बन्नादा हक्की' गा रही हैं। हिंदी में इसका मतलब रंगीन पक्षी होता है।इस वीडियो को रूसी बच्ची की मां ने सोशल मीडिया पर शेयर किया था। देखते ही देखते यह वायरल हो गया। यह परिवार 2022 में रूस से भारत आया था।

### कार्यवाहक राष्ट्रपति यू म्यिंट स्वे का निधन

**यांगून।** म्यांमार के कार्यवाहक राष्ट्रपति यू म्यिंट स्वे का गुरुवार



सुबह राजधानी ने नेपी ताव में निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। राष्ट्रीय रक्षा एवं सुरक्षा परिषद (एनडीएससी) ने बताया कि स्वे को एक साल पहले पार्किंसन रोग और अन्य संबंधित तंत्रिका संबंधी समस्याएं सामने आईं थीं। उनका सिंगापुर और देश के सैनिक अस्पताल कराया गया लेकिन जुलाई 2025 में उनकी हालत बिगड़ना प्रारंभ हो गया।

आयरलैंड में भारतीय मूल की बच्ची के साथ शर्मनाक हरकत

# 6 साल की मासूम के निजी अंगों पर की चोट 'डर्टी इंडियन' कहकर वापस जाने की दी धमकी

*बच्ची ने अपनी मां को बताया कि कई लड़कों में से पांच लोगों ने उसके चेहरे पर मुक्के मारे। उनमें से एक लड़के ने साइकिल का पहिया उसके निजी अंगों पर दे मारा जिससे उसे बहुत दर्द हुआ। उन्होंने उसे 'डर्टी इंडियन वापस जाओ' जैसे शब्द कहे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आयरलैंड के वॉटरफोर्ड में एक भारतीय मूल की 6 साल की बच्ची पर उसके घर के बाहर बच्चों के ही एक समूह ने हमला कर दिया। हमला करने वाले बच्चों ने उस 6 साल की बच्ची के चेहरे पर मुक्का मारा और उसके निजी अंगों पर भी वार किए। इसके साथ ही वे बच्चे 6 साल की मासूम के सामने लगातार चिल्ला रहे थे कि वह भारत वापस जाए। बच्ची इस हमले से काफी सहम गई। इस दर्दनाक घटना को लेकर बच्ची की मां अनुपा अच्युतन ने कहा कि हमला सोमवार की शाम को तब हुआ था, जब वह घर के बाहर खेल रही थी।

उन्होंने बताया कि छह साल की बच्ची पर हमला करने वाले बच्चों के गिरोह में आठ साल की एक लड़की और 12 से 14 साल के बीच के कई लड़के शामिल थे। बच्ची ने अपनी मां को बताया कि कई लड़कों में से पांच लोगों ने उसके चेहरे पर मुक्के मारे। उनमें से एक लड़के ने साइकिल का पहिया उसके प्राइवेट पर दे मारा जिससे उसे बहुत दर्द हुआ। उन्होंने उसे 'डर्टी इंडियन वापस जाओ' जैसे शब्द कहे। बच्ची ने बताया कि उसकी गर्दन पर मुक्के मारे और उसके बाल खींचे।

बच्चों के गिरोह ने किया हमला इनमें 8 साल की भी लड़की

*पांच लोगों ने चेहरे और गर्दन पर मुक्के मारे, बाल खींचे*



### मां के घर के अंदर जाने के बाद हुई यह घटना

अच्युतन ने बताया कि मेरे पति रात की ड्यूटी पर थे। वह काम पर गए थे, और मैं अपने दस महीने के बच्चे और छह साल की बच्ची के साथ अकेली थी। मेरा बच्चा रोने लगा क्योंकि यह उसके दूध पीने का समय था, इसलिए मैंने निया को बताया कि मैं घर के अंदर आ जाऊंगी और वह अपने दोस्तों के साथ खेल सकती है और मैं बच्चे को दूध पिलाने के बाद एक सेकंड में वापस आ जाऊंगी।

मां ने बताया

### हमले से सहमी बच्ची, रोती रही

अच्युतन ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ बाहर गई थी। मैं घर के सामने ही उन पर नजर रख रही थी। वे साथ खेल रहे थे और मुझे लगा था कि वे सुरक्षित हैं। तभी बाहर खेल रही बच्ची के साथ ये सारी घटना हुई। अच्युतन ने बताया कि उनकी बेटी जब घर में दाखिल हुई तो वह रो रही थी और बोल भी नहीं पा रही थी। वह बेहद डरी हुई और परेशान थी।

### पुलिस के पास दर्ज कराई शिकायत

बच्ची की मां ने घटना की शिकायत गर्दा (आयरिश पुलिस) से की है लेकिन किसी सजा की मांग नहीं की। उनका कहना है कि मैं चाहती हूं कि उन्हें काउंसलिंग और सही दिशा दी जाए। हम यहां प्रोफेशनल्स हैं, हमने आयरलैंड में काम करने के लिए खूब मेहनत की है। हम पिछले 8 साल से यहां रह रहे हैं। इस घटना ने आयरलैंड में भारतीय समुदाय की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

### भारतीयों पर अब तक तीन हमले हुए

पिछले महीने डबलिन के एक उपनगर में एक 40 वर्षीय भारतीय व्यक्ति को भी किशोरों के एक गिरोह ने पीटा और सार्वजनिक रूप से नग्न कर दिया था। 19 जुलाई के बाद से डबलिन में भारतीयों पर तीन हमले सामने आ चुके हैं। बता दें कि इससे पहले आयरलैंड में एक भारतीय मूल के वरिष्ठ डेटा वैज्ञानिक पर कुछ युवाओं के ग्रुप ने क्रूरतापूर्वक हमला किया था।

द्विपक्षीय ऊर्जा और रक्षा संबंधों पर वार्ता

# पुतिन भारत आएंगे,तारीख तय नहीं एनएसए डोभाल पहुंच गए मॉस्को

इस वर्ष के आखिर तक पुतिन की यात्रा संभावित



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने अपनी मॉस्को यात्रा के दौरान कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा की तारीखों पर विचार किया जा रहा है। एनएसए ने अपनी बैठकों में किसी निश्चित तारीख या समय का संकेत नहीं दिया है। ट्रंप लगातार भारत पर रूस से तेल न खरीदने का दबाव बना रहे हैं। एनएसए डोभाल ने गुरुवार को रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु से मुलाकात की। शोइगु ने कहा कि दोनों देश मजबूत मैत्री संबंधों से जुड़े हुए हैं। डोभाल द्विपक्षीय ऊर्जा और रक्षा संबंधों पर महत्वपूर्ण वार्ता करने और इस वर्ष के अंत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा की जमीन तैयार करने के लिए बुधवार को मॉस्को पहुंचे हैं।

### नई पूर्ण वार्ता का समय तय करना महत्वपूर्ण

*शोइगु ने डोभाल के साथ बैठक में कहा कि मॉस्को और नई दिल्ली के लिए राष्ट्रपति पुतिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच नई पूर्ण वार्ता का समय तय करना महत्वपूर्ण है। हमारे देशों के बीच अब एक बहु-स्तरीय विश्वास-आधारित राजनीतिक संवाद प्रभावी ढंग से चल रहा है। यह राष्ट्रपति पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी के बीच नियमित संपर्कों पर आधारित है। हमारे नेताओं के बीच अगली पूर्ण वार्ता की तारीखें तय करना महत्वपूर्ण है। मॉस्को के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात भारत के साथ विशेष रणनीतिक साझेदारी को व्यापक रूप से मजबूत करना है, जो आपसी सम्मान, विश्वास, एक-दूसरे के हितों के प्रति समान विचार और एक एकीकृत एजेंडे को बढ़ावा देने की इच्छा पर आधारित है।*

### वार्ता का ठोस परिणाम निकलेगा

उन्होंने कहा कि हम एक नई, अधिक न्यायसंगत और टिकाऊ विश्व व्यवस्था बनाने, अंतरराष्ट्रीय कानून के शासन को सुनिश्चित करने और आधुनिक चुनौतियों और खतरों का संयुक्त रूप से मुकाबला करने के लिए सक्रिय सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। डोभाल ने आशा व्यक्त की कि शिखर सम्मेलन द्विपक्षीय संबंधों के विकास के लिए नई दिशाएं प्रदान करेगा और वार्ता का ठोस परिणाम निकलेगा।

उधमपुर में बड़ा हादसा जांच जारी

# जवानों से भरी बस 200 फीट गहरी खाई में गिरी, 3 बलिदान, 15 घायल

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में गुरुवार को बड़ा हादसा हुआ है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) से भरी बस खाई में गिर गई। हादसे में 3 जवान बलिदान हो गए हैं। कई जवान घायल हो गए। घायल जवानों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राहत एवं बचाव कार्य जारी है। जानकारी के अनुसार, सीआरपीएफ की 187वीं बटालियन की एक बंकर गाड़ी उधमपुर जिले में कदवा से बसंत गढ़ जाते समय करीब 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में तीन जवान बलिदान हो गए। जबकि 15 जवान घायल हो गए। घायलों का इलाज पीएचसी बसंतगढ़ में चल रहा है, जबकि 8 गंभीर रूप से घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर उधमपुर स्थित सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की पुष्टि बसंतगढ़ के एएसपी संदीप भट और ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर द्वारा की गई है।



### 18 जवान सवार थे

*एएसपी संदीप भट ने बताया कि बस में 18 जवान सवार थे। यह हादसा सुबह लगभग 10:30 बजे यह हादसा हुआ। बस जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में कदवा से बसंत गढ़ जा रही थी। इसी दौरान बस खाई में गिर गई। हादसे की वजह का अभी तक पता नहीं चल पाया है। लेकिन वाहन की तकनीकी खराबी या सड़क की स्थिति मानी जा रही है, लेकिन जांच जारी है।*

### केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने जताया शोक

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने ट्वीट किया कि उधमपुर में कंदवा-बसंतगढ़ क्षेत्र में सीआरपीएफ का एक वाहन दुर्घटना का शिकार हो गया। इस हादसे में कुछ जवानों के बलिदान की खबर सुनकर व्यथित हूं। वाहन में सीआरपीएफ के कई बहादुर जवान सवार थे। मैंने अभी-अभी डीसी सलोनी राय से बात की है, जो व्यक्तिगत रूप से स्थिति पर नजर रख रही हैं और मुझे जानकारी दे रही हैं। बचाव कार्य तुरंत शुरू कर दिए गए हैं। स्थानीय लोग स्वेच्छा से सहायता के लिए आगे आए हैं। हर संभव मदद सुनिश्चित की जा रही है।

पीएम मोदी से ब्राजील के राष्ट्रपति ने की चर्चा

# रणनीतिक साझेदारी को ऊंचाइयों पर ले जाने की प्रतिबद्धता दोहराई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी को गुरुवार को ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा का फोन आया। यह फोन कॉल इसलिए भी अहम है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत और ब्राजील पर लगातार टैरिफ की धमकियों के जरिए दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। अपनी ब्राजील यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने व्यापार, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, रक्षा, कृषि, स्वास्थ्य और लोगों के बीच संबंधों में सहयोग को मजबूत करने की रूपरेखा पर सहमति जताई थी। इन चर्चाओं के आधार पर उन्होंने भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों



फाइल फोटो

नेताओं ने आपसी हित के विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेताओं ने संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई। पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, 'राष्ट्रपति लूला के साथ अच्छी बातचीत हुई। ब्राजील की मेरी यात्रा को यादगार और सार्थक बनाने के लिए उनका धन्यवाद। हम व्यापार, ऊर्जा, तकनीक, रक्षा, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में अपनी रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# साइबरस्पेस हितों की रक्षा के लिए एकीकृत मिशन पर काम करेंगी तीनों सशस्त्र सेनाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने साइबर-स्पेस और अभियान के लिए संयुक्त सिद्धांतों के अवर्गीकृत संस्करण औपचारिक रूप से जारी कर दिए हैं।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ये सिद्धांत राष्ट्रीय साइबर-स्पेस हितों की रक्षा, आक्रामक और रक्षात्मक साइबर क्षमताओं को एकीकृत करने और तीनों सशस्त्र सेनाओं में समन्वित संचालन को सक्षम बनाने के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण को सबके सामने रखता है। इसके अलावा यह खतरे-सूचित योजना, दृढ़ता निर्माण, वास्तविक समय में खुफिया एकीकरण और संयुक्त साइबर क्षमताओं के विकास पर भी बल देता है।

इन सिद्धांतों का सार्वजनिक होना भारत की संयुक्त युद्ध लड़ने की अवधारणाओं की दृश्यता, पहुंच और व्यापक प्रसार को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।



### संयुक्त मिशन के लिए दिशानिर्देश जारी किए

यह जल-थल के अभियानों के लिए समुद्री, वायु और थल सेनाओं को एकीकृत कर अभियानों के लिए योजना बनाने व उसे क्रियान्वित करने की रूपरेखा को परिभाषित करता है। सिद्धांतों की मदद से सैन्य अंतरिक्ष अभियान, विशेष बल अभियान, हवाई अभियान, एकीकृत रसद, बहुक्षेत्रीय अभियान जैसे युद्ध के समकालीन व विशिष्ट क्षेत्रों को सम्मिलित करते हुए कई नए सिद्धांतों, प्राथमिकताओं का विकास शुरू किया गया है। यह तमाम हितधारकों और नीति निर्माताओं को संयुक्त सैन्य अभियानों की प्रभावी योजना बनाने और उसका सुचारू क्रियान्वयन करने के लिए एक साझा शब्दावली और दिशानिर्देश प्रदान करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि संयुक्त सिद्धांतों को **https://ids.nic.in/content/doctrines** लिंक पर जाकर विस्तार से देखा जा सकता है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया ग्लोबल वेलनेस टूरिज्म मार्केट में भारत की स्थिति सुधर रही

# अप्रैल तक 1.3 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक चिकित्सा के लिए आए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गुरुवार को संसद को बताया कि ग्लोबल वेलनेस टूरिज्म मार्केट में भारत की स्थिति में सुधार आ रहा है। इस वर्ष अप्रैल तक 1.3 लाख से ज्यादा विदेशी पर्यटक चिकित्सा उद्देश्यों के लिए भारत आए।

उन्होंने कहा कि अप्रैल 2025 तक इस अवधि के दौरान भारत में चिकित्सा उद्देश्यों के लिए आने वाले विदेशी पर्यटकों (एफटीए) की कुल संख्या 1,31,856 है। यह इस अवधि के दौरान कुल एफटीए का लगभग 4.1 प्रतिशत है। पिछले पांच वर्षों में चिकित्सा उद्देश्यों के लिए आने वाले एफटीए की संख्या में वृद्धि हुई है, जिनमें से अधिकांश बांग्लादेश, इराक, सोमालिया, ओमान और उज्बेकिस्तान से आते हैं।

### खास बातें

- भारत में चिकित्सा पर्यटन व्यवसाय करीब 9 अरब डॉलर
- वैश्विक चिकित्सा पर्यटन सूचकांक में भारत 10वें स्थान पर



### निजी क्षेत्र की साझेदारी में 'हील इन इंडिया'

*केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चिकित्सा उद्देश्यों के लिए एफटीए की संख्या 2020 में 1.8 लाख से बढ़कर 2024 में 6.4 लाख हो गई। हालांकि, 2023 की तुलना में 2024 में इसमें गिरावट आई। 2023 में विदेशी पर्यटकों की संख्या 6.5 लाख रही। इस वर्ष की शुरुआत में, केंद्रीय बजट में देश में चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी में 'हील इन इंडिया' अभियान की घोषणा की गई थी। यह अभियान क्षमता निर्माण के लिए उचित उपाय करता है, जिसमें अस्पताल, सार्वजनिक संघ और व्यापार निकाय आदि शामिल हैं।*

### 171 देशों के लिए ई-मेडिकल वीजा सुविधा

इसके अलावा, चिकित्सा उपचार के लिए विदेशी नागरिकों के भारत आने की सुविधा के लिए, सरकार ने 171 देशों के नागरिकों के लिए ई-मेडिकल वीजा/ई-मेडिकल अटेंडेंट वीजा सुविधा का विस्तार किया है। भारत में चिकित्सा पर्यटन का अनुमानित आकार लगभग 9 अरब डॉलर है। वैश्विक चिकित्सा पर्यटन सूचकांक में भारत 10वें स्थान पर है।

### चिकित्सा वीजा प्रावधान लागू

मंत्रालय के अनुसार, 2023 में, सरकार ने देश में स्वास्थ्य और कल्याण उपचार चाहने वाले अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के प्रवेश को सुगम बनाने के लिए चिकित्सा वीजा प्रावधान लागू किए। इससे चिकित्सा पर्यटन में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप जुलाई 2023 से दिसंबर 2024 के बीच भारत में इलाज कराने आए विदेशियों को लगभग 123 नियमित आयुष वीजा और 221 ई-आयुष वीजा जारी किए गए।

जम्मू-कश्मीर सरकार का बड़ा फैसला

# अलगाववाद, आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली 25 किताबें की प्रतिबंधित

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

आतंकियों और अलगाववादियों के पारिस्थितिक तंत्र को नष्ट करने के अभियान के तहत जम्मू-कश्मीर प्रदेश सरकार ने 25 किताबों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इनमें एजी नूरानी की द कश्मीर डिस्प्यूट 1947-2002, अरुंधति राय की आजादी और अनुराधा भसीन जम्वाल की ए डिसमेंटल्ड स्टेट (द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ कश्मीर आफ्टर आर्टिकल 370) भी शामिल है। प्रतिबंधित किताबें जम्मू कश्मीर में आतंकवाद और अलगाववाद का प्रचार करने वाली, जम्मू कश्मीर के संदर्भ में भारत के वैधानिक दावे को नकारने और स्थानीय युवाओं में भारत की एकता



अरुंधति राय

अखंडता के प्रति नफरत और बगावत की भावना पैदा करने वाली हैं। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के निर्देशानुसार, 25 किताबों पर पाबंदी लगाई गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश सरकार के संज्ञान में आया था कि जम्मू कश्मीर में कुछ ऐसी किताबें और साहित्य को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिनमें कश्मीर के संदर्भ में तथ्यों को गलत तरीके से पेश करते हुए कश्मीरियों को मुख्यधारा से विमुख करने का प्रयास किया गया।

# 18 साल की एमबोको पहुंचीं फाइनल में, शीर्ष खिलाड़ी रिबाकिना को हराकर चौंकाया

## नेशनल बैंक टेनिस : एमबोको ने तीन सेटों में रिबाकिना को 1-6, 7-5, 7-6 से दी मात

एजेंसी ▶▶| मांट्रियल

कनाडा की किशोरी विक्टोरिया एमबोको ने नौवीं वरीय एलेना रिबाकिना को हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। कनाडा की 18 साल की एमबोको ने रिबाकिना को तीन सेट चले कड़े मुकाबले में 1-6, 7-5, 7-6 से हराया।

■ फाइनल में एमबोको जापान की ओसाका से भिड़ेंगी



### एमबोको को अपना पहला डब्ल्यूटीए खिताब की तलाश

एमबोको ने तीसरे और निर्णायक सेट में एक मैच प्वाइंट बचाया और दो बार रिबाकिना की सर्विस तोड़कर सेट को टाईब्रेकर में खींचा और फिर जीत दर्ज की। फाइनल में एमबोको जापान की स्टार नाओमी ओसाका से भिड़ेंगी, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में डेनमार्क की 16वीं वरीय क्लारा टॉसन को 6-2, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। दुनिया की 85वें नंबर की खिलाड़ी एमबोको अपना पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीतने के इरादे से उतरेंगी और उनकी नजरें फाये उरबन (1969) और बियांका आंद्रीस्क्यू (2019) के बाद ओपन युग में घरेलू खिताब जीतने वाली कनाडा की तीसरी खिलाड़ी बनने पर भी टिकी होंगी। मबोको ने कहा, अभूतपूर्व मैच, जिन्होंने मेरा समर्थन किया उन सभी को धन्यवाद। यह काफी कठिन मैच था, लेकिन सब कुछ संभव है।



### खचानोव ने ज्वेरेव को हराया

पुरुषों के वर्ग में रूस के 11वें वरीय केरेन खचानोव ने शीर्ष वरीय जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। खचानोव ने ज्वेरेव को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में 6-3, 4-6, 7-6 से हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। एटीपी टूर पर सात बार के विजेता 29 वर्षीय खचानोव फाइनल में दूसरे वरीय टेलर फ्रिट्ज और चौथे वरीय बेन शेल्टन के बीच होने वाले ऑल अमेरिकी सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेंगे। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव ने यहां 2017 में खिताब जीता था और वह एटीपी टूर पर 24 खिताब जीत चुके हैं।



### ओसाका का शानदार प्रदर्शन जारी

चार बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन ओसाका 2022 में मियामी ओपन के फाइनल में पहुंचने के बाद से ही डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करती आ रही हैं। वह अपने आठवें और 2021 में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने के बाद अपने पहले खिताब की तलाश में उतरेंगी।

## खबर संक्षेप




### अंडर-17 : उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान से भिड़ेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम बिश्केक में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप चीन 2026 क्वालीफायर के ग्रुप जी में उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान से भिड़ेगी। प्रतियोगिता के लिए ड्रॉ कुआलालंपुर के एएफसी हाउस में आयोजित किया गया। ड्रॉ में 27 टीम को आठ ग्रुप में बांटा गया। तीन ग्रुप में चार टीम जबकि पांच ग्रुप में तीन टीम को जगह मिली। क्वालीफायर एकल राउंड रोबिन लीग प्रारुप में 13 से 17 अक्टूबर तक खेले जाएंगे। भारत 13 अक्टूबर को किर्गिस्तान और 17 अक्टूबर को उज्बेकिस्तान से भिड़ेगा। आठ ग्रुप विजेता सात ग्रुप विजेता फाइनल्स के 10वें सत्र में जगह बनाएंगे जहां वे फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2025 के चार एएफसी प्रतिनिधियों से जुड़ेंगे, जिन्होंने स्वतः ही क्वालीफाई कर लिया है। ये देश उत्तर कोरिया, जापान, दक्षिण कोरिया और चीन हैं। एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप चीन 2026 का आयोजन 30 अप्रैल से 17 मई 2026 तक किया जाएगा और शीर्ष चार टीमें फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप मोरक्को 2026 के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत ने पिछली बार 2005 में एशियाई कप में भाग लिया था।

### आईएसएल को लेकर संशय, एआईएफएफ ने रखा सितंबर में सुपर कप का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने सुपर कप सितंबर के दूसरे या तीसरे सप्ताह में कराने की पेशकश की ताकि आईएसएल क्लबों को पर्याप्त प्रतिस्पर्धी मैच मिल सकें हालांकि इस शीर्ष लीग के प्रारुप और शुरुआत की तिथि को लेकर संशय बना हुआ है। एआईएफएफ ने इंडियन सुपर लीग क्लबों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में यह प्रस्ताव रखा। क्लबों ने लीग के आयोजकों और राष्ट्रीय महासंघ के बीच 'मास्टर्स राइट्स एग्रीमेंट '(एमआरए) के नवीनीकरण को लेकर अनिश्चितता के कारण आईएसएल का आगामी सत्र रोके जाने को लेकर चिंता जताई थी।

### डब्ल्यूएफआई ने किया 11 पहलवानों को सस्पेंड

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जमा करने के आरोप में 11 पहलवानों को निलंबित कर दिया है। दिल्ली नगर निगम ने ऐसे 110 दस्तावेजों का सत्यापन किया और कहा कि उसकी ओर से कोई चूक नहीं हुई है, क्योंकि 95 विलंबित पंजीकरण एसडीएम के आदेश पर किए गए थे। डब्ल्यूएफआई ने नगर निगम को सत्यापन के लिए प्रमाण पत्रों की एक सूची प्रदान की थी। एमसीडी ने जवाब दिया कि उसने जन्म प्रमाण पत्र जारी किए हैं, लेकिन यह भी कहा कि विलंबित पंजीकरण (जन्म के एक वर्ष बाद पंजीकरण) सीधे तौर पर उसके द्वारा नहीं बल्कि एसडीएम के आदेश पर किया गया है।

## 5 मैचों की सीरीज में मिला जबरदस्त तड़का

# सीरीज जो याद रहेगी: भारत-इंग्लैंड टेस्ट दौरे में हर मोड़ पर था रोमांच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हाल ही खत्म हुई भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की सीरीज में जबरदस्त तड़का देखने को मिला। ओवल में 4 अगस्त को सीरीज समापन 2-2 के साथ खत्म हुई। हेडिंग्ले के लीड्स से लंदन के ओवल मैदान के बीच, जो भी क्रिकेट देखने को मिला वो किसी रोचक फिल्मी कहानी से कम नहीं था। इस सीरीज के हर टेस्ट में कुछ न कुछ रोमांच क्रिकेट प्रेमियों को देखने को मिला।

इसी सीरीज के दौरान कई विवाद सामने आए, कई बार लगा कि 'जेंटलमैन गेम' की भावनाएं तार-तार हो जाएंगी। मैदान पर भिड़ंत हुई, कहा-सुनी हुई लेकिन इन सबने दर्शकों को एक सुपरपैक सीरीज देखने को मिली।

सीरीज से जुड़े विवाद



### लॉर्ड्स टेस्ट: ड्यूक्स बॉल की क्वालिटी पर विवाद

लॉर्ड्स टेस्ट में टीम इंडिया की हार के बाद ड्यूक्स बॉल की गुणवत्ता पर सवाल उठे थे। इसके बाद मामले की शिकायत भारतीय टीम के मैनेजमेंट ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल से की। अपनी शिकायत में भारतीय टीम ने आरोप लगाया था कि दूसरी रिप्लेसमेंट बॉल, जिसने सिर्फ 10 ओवर में ही शेप खो दी थी, असल में 30-35 ओवर पुरानी थी। टीम इंडिया के मैनेजमेंट का कहना है कि इससे उन्हें काफी नुकसान हुआ और आखिरकार 22 रनों से मैच हारना पड़ा था।

### आकाशदीप का डकेट के गले में हाथ डालना

ओवल टेस्ट में तेज गेंदबाज आकाश दीप ने बेन डकेट को पहली पारी में 43 रनों के निजी स्कोर पर आउट किया था। डकेट आउट होने से पहले बेहद लय में दिख रहे थे। ध्रुव जुरेल के हाथों डकेट के कैच आउट होने के बाद आकाश दीप ने आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया। उन्होंने डकेट के सामने ही मुट्ठी भींची और फिर कंधे पर हाथ रखकर उनसे कुछ कहा। इस चीज ने भी सवाल उठाया। वहीं, ओवल में ही प्रसिद्ध कृष्णा और रूट में भी बहस देखने को मिली थी।

### सिराज का एग्रेसिव सेलिब्रेशन



वैसे तो मोहम्मद सिराज क्रिस्टियानो रोनाल्डो की तरह सेलिब्रेशन के लिए जाने जाते हैं, लेकिन लॉर्ड्स टेस्ट मैच के चौथे दिन बेन डकेट का विकेट लेने के बाद जिस तरह का जश्न उन्होंने मनाया था। उस पर इंटरननेशनल क्रिकेट काउंसिल को भी एक्शन लेना पड़ा था। उनको कोड ऑफ कंडक्ट 2.5 का दोषी पाया गया था। बाद में उनकी मैच फीस भी 15 प्रतिशत काट ली गई।

### लॉर्ड्स टेस्ट में इंग्लैंड की टाइम वेस्टिंग रणनीति

भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान में हुआ। मैच के तीसरे दिन (12 जुलाई) के खेल का समापन बेहद नाटकीय अंदाज में हुआ। दिन का खेल खत्म होने से पहले भारतीय कप्तान शुभमन गिल और जैक क्राउली के बीच जमकर बहस हुई। क्राउली ने बल्लेबाजी के दौरान टाइम करने की कोशिश की, ताकि इंग्लैंड को तीसरे दिन एक ओवर से ज्यादा का सामना नहीं करना पड़े।

### गौतम बनाम क्यूरेटर विवाद

ओवल टेस्ट की शुरुआत 31 जुलाई को हुई थी, लेकिन टेस्ट शुरू होने से पहले ओवल के पिच क्यूरेटर ली फोर्टिस ने बेवजह गौतम गंभीर से बहस की। 29 जुलाई को टीम इंडिया का ट्रेनिंग सेशन था। सेशन के दौरान क्यूरेटर ली फोर्टिस ने भारतीय कोचिंग स्टाफ से कहा कि वे मेन पिच एरिया से 2.5 मीटर दूर रहें, जबकि उन्होंने सिर्फ जॉगर्स (रबर स्पाइक्स) जूते पहने थे। इस बात से भारतीय टीम मैनेमेंट नाराज हो गया था। इस पर गौतम गंभीर कहते हुए सुने गए कि तुम हमें ये नहीं बता सकते कि हमें क्या करना है। तुम्हें कोई हक नहीं है ये कहने का। तुम बस एक ग्राउंड्समैन हो, इससे ज्यादा कुछ नहीं।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज

# ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान कोंस्टास, नाथन को मौका

एजेंसी ▶▶| मसिडनी

भारत के खिलाफ पिछली बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट पदार्पण करने वाले सलामी बल्लेबाज सैम कोन्सटास और नाथन मैकस्वीनी को ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम में शामिल किया गया, जो अगले महीने लखनऊ में भारत 'ए' टीम के खिलाफ चार दिवसीय दो मैच खेलेगी। कोन्सटास ने पिछली भारत-ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के दौरान मैकस्वीनी की जगह ली थी लेकिन शीर्ष क्रम में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाए। कैरेबियाई दौरे में उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा जबकि उनकी टीम ने वेस्टइंडीज पर पूरी तरह से दबदबा बनाया।



### कोहली ने कोंस्टास को दिया था धक्का

उन्नीस वर्षीय कोंस्टास 'ए' टीम में चुने गए मौजूदा टेस्ट टीम के एकमात्र खिलाड़ी हैं जबकि अन्य अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में मैकस्वीनी, कूपर कोनोली और स्पिनर टॉड मर्फी शामिल हैं। कोन्स्टास ने मेलबर्न टेस्ट में अपने पदार्पण पर काफी प्रभाव डाला था। उन्होंने आक्रामक अर्धशतक बनाया और भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली ने उन्हें कंधे से धक्का दिया था। बाद में उनकी अन्य भारतीय खिलाड़ियों के साथ बहस भी हुई लेकिन वह शुरुआती उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके। एकादश में जगह नहीं बना पाने के कारण उन्हें श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला से शेफील्ड शील्ड में खेलने के लिए वापस भेज दिया गया था।

### चार दिवसीय मैच के लिए आस्ट्रेलिया टीम

जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, जैक एडवर्ड्स, आरोन हार्डी, कैंपबेल केलावे, सैम कोन्सटास, नाथन मैकस्वीनी, लांस मॉरिस, टॉड मर्फी, फर्गस ओनील, ओलिवर पीक, जोश फिलिप, कोरी रोचिचियोली और लियाम स्कॉट।

### एकदिवसीय मैच के लिए टीम

कूपर कोनोली, हैरी डिक्सन, जैक एडवर्ड्स, सैम इलियट, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, मैकेंजी हार्वे, टॉड मर्फी, तनवीर संघा, लियाम स्कॉट, लैची शॉ, टॉम स्ट्रैकर, विल सदरलैंड और कैलम विडलर।

## दलीप ट्रॉफी2025

# नार्थ जोन की कमान संभालेंगे गिल टूर्नामेंट 28 अगस्त से बेंगलुरु में



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंग्लैंड में अपने प्रभावशाली टेस्ट कप्तानी डेब्यू के बाद अब शुभमन गिल दलीप ट्रॉफी 2025 में नॉर्थ जोन की कमान संभालने के लिए तैयार हैं। यह टूर्नामेंट 28 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू होने जा रहा है और गिल को नॉर्थ जोन टीम का कप्तान बनाने का ऐलान किया गया है। गिल ने पिछली बार भी दलीप ट्रॉफी में कप्तानी की थी। तब उन्हें सिर्फ 1 मैच के लिए इंडिया ए की कमाल संभाली थी। गिल ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी करते हुए सभी को प्रभावित किया। इस सीरीज में उन्होंने पांच टेस्ट मैचों में 754 रन बनाए, जिसमें चार शतक शामिल रहे।

### नॉर्थ जोन का स्क्वॉड

शुभमन गिल (कप्तान), शुभम खजूरिया, अंकित कुमार (उपकप्तान), आयुष बडोनी, यश दुल, अंकित कलसी, निशांत सिंधु, साहिल लोत्रा, मयंक डागर, युद्धवीर सिंह चरक, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, औकिब नबी, कन्हैया वधावन (विकेटकीपर). **स्टैंडबाय:** शुभम अरोड़ा (विकेटकीपर), जसकरनवीर सिंह पॉल, रवि चौहान, आबिद मुश्ताक, निशंक बिड़ला, उमर नजीर, दिवेश शर्मा.

## एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप

### कमली-सृष्टि की हार से चुनौती खत्म

*चेन्नई। भारत का अभियान एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप के ओपन महिला वर्ग में खत्म हो गया जब कमली मूर्ति और सृष्टि सेल्वम अपने अपने मुकाबले हार गए। कमली ने 5 . 57 अंक बनाए और तीसरी हीट के तीसरे दौर में जापान की सुमोमो सातो और चीन की सिकि यांग के बाद तीसरे स्थान पर रही। दूसरी हीट के तीसरे दौर में सृष्टि थाईलैंड की इसाबेल हिग्स, ताइपै की वान यू चेन और फिलीपींस की निल्बी ब्लांकाडा के बाद चौथे स्थान पर रही। शीर्ष दो सर्फर सीधे क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगे जबकि आखिरी दो स्पर्धा से बाहर हो गए। इससे पहले ओपन महिला रेपेशॉज के दूसरे दौर में भारत की उम्मीदें जगी थी जब सृष्टि और कमली इसके जरिए तीसरे दौर में पहुंचीं। सुगर शांति पहले ही दौर से बाहर हो गई। अंडर 18 वर्ग में भारत के प्रहलाद श्रीराम तीसरे दौर में पहुंच गए।*

## लीग कप का आनंद लेते हुए मेस्सी...



**फोर्ट लौडरडेल।** प्यूमास यूएनएएम के खिलाफ लीग कप फुटबॉल मैच का आनंद लेते हुए इंटर मियामी फॉरवर्ड लियोनेल मेस्सी और उनकी पत्नी एंटोनेला रोक्कुजो।

## जिम्बाब्वे-न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज

# ब्रेंडन टेलर की साढ़े तीन साल बाद वापसी, एंडरसन को छोड़ा पीछे

एजेंसी ▶▶| बुलावायो (जिम्बाब्वे)

जिम्बाब्वे और न्यूजीलड के बीच दो मैचा का टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला बुलावायों में खेला जा रहा है। इस मैच में ब्रेंडन टेलर को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया है। ब्रेंडन टेलर ने साढ़े तीन साल के प्रतिबंध के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की। जिम्ब्बाब्वे ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। टेलर ने 21वीं सदी में डेब्यू करने वाले सभी क्रिकेटरों में सबसे लंबे टेस्ट करियर (21 साल 93 दिन) के मामले में इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को पीछे छोड़ा।



ब्रेंडन टेलर ने दावा किया कि उन्होंने पैसे तो लिए लेकिन कभी कोई मैच फिक्स नहीं किया। उन्हें स्टिमुलेंट बेंजॉयलकोग्नाइन के पॉजिटिव नतीजे के कारण डोपिंग उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह कोकीन का एक मेटाबोलाइट है। न्यूजीलैंड पिछले हफ्ते इसी मैदान पर पहले टेस्ट में जिम्बाब्वे को नौ विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 से आगे है।

## अमेरिका के वर्जीनिया में हुई विश्व स्कूल टीम चैंपियनशिप

# शतरंज में भारत के बढ़ते खिताबों में जुड़ा एक और अध्याय, वेलाम्मल विद्यालय ने जीता गोल्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चेन्नई के वेलाम्मल विद्यालय ने अमेरिका के वर्जीनिया में आयोजित विश्व स्कूल टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी उपलब्धियों में और इजाफा किया है। सबसे युवा विश्व चैंपियन डी. गुकेश और ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ने इसी स्कूल से पढ़ाई की है। चेन्नई के मोगाप्पैर इलाके में स्थित वेलाम्मल विद्यालय शतरंज क्रांति के पीछे एक बड़ी ताकत रहा है क्योंकि यह सैकड़ों उभरते हुए शतरंज खिलाड़ियों को विशेषज्ञ प्रशिक्षण प्रदान करता है। वेलाम्मल स्कूल की जीत ने शतरंज में भारत के बढ़ते खिताबों में एक और अध्याय जोड़ा है।




### वेलाम्मल एमएचएस स्कूल ने जीते सभी आठ मैच

शतरंज की वैश्विक संचालन संस्था फिडे ने लिखा, 'आठ रोमांचक दौर के बाद 2025 विश्व स्कूल टीम चैंपियनशिप वर्जीनिया के अलेक्जेंड्रिया में हुई।' उन्होंने कहा, 'एपिस्कोपल हाई स्कूल के खूबसूरत परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता में दुनिया भर के कुछ सबसे प्रतिभाशाली युवा शतरंज खिलाड़ियों ने चुनौती पेश की। परफेक्ट स्कोर के साथ बाकियों से आगे निकलते हुए भारत के वेलाम्मल एमएचएस स्कूल ने अपने सभी आठ मैच जीतकर स्वर्ण पदक जीता।'' फिडे ने कहा कि वेलाम्मल स्कूल की जीत शतरंज में भारत के बढ़ते खिताबों में एक और अध्याय जोड़ती है।

### भारत शतरंज के सभी प्रारूपों में कर रहा सफलता हासिल

फिडे ने कहा, 'भारत शतरंज के सभी स्तरों और प्रारुपों में लगातार सफलता हासिल कर रहा है और इस जीत से देश के बढ़ते खिताबों में एक और खिताब जुड़ गया है।' उन्होंने कहा, 'वेलाम्मल एमएचएस के लिए सफलता नई नहीं है, इसके पूर्व छात्रों में ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंदा और लियोन मेंडोंका शामिल हैं। इसलिए जब टीम पहले से ही शीर्ष स्थान हासिल करके अंतिम दौर में पहुंची तो यह कोई आश्चर्य की बात नहीं थी।'

**वेलाम्मल स्कूल ने दिए कई ग्रैंडमास्टर**

वेलाम्मल स्कूल ने 2005 के बाद से कई ग्रैंडमास्टर दिए हैं, जिनमें एसपी सेतुरमन, मेंडोंका, के. प्रियदर्शन, बी. अधिबान, विष्णु प्रसन्ना, विशाख एनआर, विग्नेश एनआर, एम. कार्तिकेयन, सी. अरविंद, कार्तिक वेंकटरमन, वी. प्रणव, एस. भरत, अर्जुन कल्याण, पी. कार्तिकियन और एन. श्रीनाथ शामिल हैं।

### फीफा रैंकिंग : 63वें स्थान पर पहुंची महिला टीम



**नई दिल्ली।** थाईलैंड पर ऐतिहासिक जीत के बाद भारतीय महिला फुटबॉल टीम फीफा की नवीनतम रैंकिंग में सात स्थान की छलांग लगाकर 63वें स्थान पर पहुंच गई। इस जीत से टीम ने इतिहास रचते हुए एएफसी महिला एशियाई कप में जगह भी बनाई। यह भारतीय महिला टीम की लगभग दो वर्षों में सर्वोच्च रैंकिंग है। टीम पिछली बार 21 अगस्त 2023 को 61वें स्थान पर थी। भारत ने क्वालीफायर के अंतिम मैच में अपने से बेहतर रैंकिंग वाले थाईलैंड को 2-1 से हराकर पहली बार क्वालीफिकेशन के माध्यम से महाद्वीपीय टूर्नामेंट में जगह बनाई। टीम में कोविड-19 के प्रकोप के कारण टीम को स्वदेश में आयोजित एशियाई कप के पिछले सत्र से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा था। भारत ने अपने क्वालीफिकेशन अभियान की शुरुआत मंगोलिया को 13-0 से हराकर की और फिर तिमोर-लेस्ते (4-0) और इराक (5-0) पर शानदार जीत दर्ज की।

## खबर संक्षेप



### रक्षक अनिल राय हुए सम्मानित

**भोपाल।** पर्यावरण संस्कृति संरक्षण एवं मानव कल्याण ट्रस्ट अध्यक्ष सुशील कुमार जैन की उपस्थिति एवं सौजन्य से टीटी नगर एसीपी अंकिता खातरकर ने भोज विहार पार्क के चौकीदार अनिल सिंह को उनके साहसिक कार्य के लिए मेडल एवं पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया। अनिल राय के साथ ही पुलिस विभाग के आर मनोहर बामनिया, एचसी रघुनाथ वर्मा, आर बलराम नागपुरे के साहसिक कार्य व महिलाओं की जिन्होंने चुन्नियां इकट्ठी कर 10-15 चुन्नियों की रस्सी बनाई और ब्रिज से नीचे लटकाई, ताकि महिला को सहारा मिल सके की प्रशंसा की। ज्ञात हो कि अज्ञात कारणों से महिला ने आत्महत्या करने के लिए भदभदा ब्रिज से छलांग लगा दी थी और आप सभी ने उन्हें सकुशल पानी से बाहर निकाल महिला की जान बचा ली ।

### जेके अस्पताल में हुई जटिल ब्रेन ट्यूमर सर्जरी

**भोपाल।** एलएन मेडिकल कॉलेज के जेके हास्पिटल में छतरपुर से आई मरीज की एक आंख की रोशनी चली गई थी तथा दूसरी आंख में भी रोशनी कम होती जा रही थी। जांचों में पता चला कि उनके ब्रेन में एक ट्यूमर है जो आंखों की दोनों नसों के बीच है। कई अस्पतालों में दिखाने के बावजूद ऑपरेशन कही भी संभव नहीं हो पा रहा था। बड़ी आस से यह मरीज भोपाल में जेके अस्पताल से आए जहां न्यूरोसर्जन डॉ.संदेश ने ऑपरेशन की सलाह दी। माइक्रोस्कोप के द्वारा की गई इस जटिलतम ब्रेन सर्जरी में आंखों की नसों के बीच से बड़ी ही बारीकी से ट्यूमर निकाला गया। चार घंटे चले इस ऑपरेशन के बाद मरीज पूर्णतः स्वस्थ है तथा आंखों की रोशनी में भी सुधार हुआ है। इस ऑपरेशन को डॉ. संदेश खंडेलवाल द्वारा किया गया तथा एनेस्थेटिस्ट डॉ. केके त्रिपाठी का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। टीम में डॉ.सिद्धार्थ शुक्ला, डॉ.चंद्रकांता वर्मा तथा ओटी स्टाफ विजय का सहयोग रहा।

### अच्छा काम करने वाली दस पंचायतों को पुरस्कार



**भोपाल।** जिले की 10 ग्राम पंचायतों को उत्कृष्ट कार्य करने पर पुरस्कृत किया गया है। इससे पहले विस्तार प्रशिक्षण केंद्र (ईटीसी) में पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई 1.0) वर्ष 2022-23 का विमोचन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुंवर नवरंग सिंह गुर्जर, सीईओ इला तिवारी सहित अन्य अधिकारी व जिला पंचायत सदस्य मौजूद थे। ग्राम पंचायत बिशनखेड़ी को प्रथम, बंगरसिया को द्वितीय और नांदनी को तृतीय पुरस्कार दिया गया।

## आम दिनों की अपेक्षा चार गुना तक बढ़ गई यात्रियों की संख्या

# रक्षाबंधन व कुबेरेश्वर धाम से लौट रहे श्रद्धालुओं के कारण भोपाल स्टेशन पर यात्रियों की बढ़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को रक्षाबंधन पर घर जाने वाले और कुबेरेश्वर धाम कांवड़ यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं की वजह से यात्रियों की संख्या आम दिनों की अपेक्षा चार गुना तक बढ़ गई।


रेलवे अधिकारियों को यात्रियों की भारी भीड़ को नियंत्रण करने में पीसना छूट गया। इसकी जानकारी जैसे ही भोपाल रेल मंडल के आला-अधिकारियों तक पहुंची तो एडीआरएम अभिराम खरे व वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ. अभिषेक के नेतृत्व में एक टीम स्टेशन पहुंची। जिन्होंने यात्रियों को ट्रेनों में बैठाने से लेकर स्टेशन के बाहर तक निकलने के लिए पूरी मॉनिटिरिंग की।

### सभी प्लेटफार्म से लेकर स्टेशन परिसर पर यात्री ही यात्री आ रहे थे नजर

### व्यवस्था बनाने के लिए एडीआरएम मंडल सुरक्षा आयुक्त स्टेशन पहुंचे

### यात्री सुविधा के लिए दो घंटे तक अधिकारियों को दिए निर्देश





### स्टेशन पर दो दिन में ढाई लाख यात्री पहुंचे

रेलवे अधिकारियों की माने तो बुधवार दोपहर से गुरुवार शाम तक करीब दो से ढ़ाई लाख यात्री पहुंचे। जिनको भोपाल रेल मंडल की ओर से सुरक्षित ट्रेनों में बैठने से लेकर स्टेशन के बाहर तक निकला गया। रक्षाबंधन पर घर जाने वाले और कुबेरेश्वर धाम कांवड़ यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं के चलते भोपाल रेलवे स्टेशन पर उमड़ पड़ी।

### लोको पायलट का तनावमुक्त रहना सुरक्षित यात्रा की कुंजी

रेलवे ट्रेनों के सुचारू, सुरक्षित और कुशल संचालन के लिए लोको पायलटों और सहायक लोको पायलटों के लिए उनके परिवार के सदस्यों के साथ सुरक्षा सेमिनार का गुरुवार को आयोजन किया गया। इस मौके पर रेलवे अधिकारियों ने कहा कि यदि ये कर्मचारी मानसिक रूप से स्वस्थ, सजग और तनावमुक्त हों, तो यात्रा न सिर्फ सुगम होती है, बल्कि सुरक्षित भी। इसी उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल ने बीना लोको लॉबी में विशेष सेफ्टी एवं फैमिली सेमीनार किया। आयोजन में लगभग 140 रनिंग कर्मचारी परिवारजनों सहित उपस्थित हुए। अध्यक्षता वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरओ) सचिन शर्मा ने की।

## टीम ने नर्मदापुरम रोड के दो पंप किए सील

# पांच घंटे में 60 वाहन चालकों को दिया बिना हेलमेट पेट्रोल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में पेट्रोल पंप संचालकों के बिना हेलमेट पेट्रोल देने पर पंप संचालकों पर सख्ती शुरु कर दी गई है। टीम ने सबसे पहले नर्मदापुरम रोड स्थित मेसर्स महादेव फ्यूल नायरा को सील कर दिया है। दरअसल जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने जब पंप के सुबह सात बजे से 12 बजे तक के सीसीटीवी फुटेज जांचे, तो करीब साठ से अधिक वाहन चालकों को बिना हेलमेट के पेट्रोल दिया गया।

इसी तरह नर्मदापुरम स्थित मेसर्स एसएस एनर्जी पंप पर भी एक दर्जन से अधिक लोगों को बिना हेलमेट के पेट्रोल दिया गया। जिसके आधार पर केस दर्ज किया गया है।

### एफआईआर के लिए टीम काट रही चक्कर

*बीते दिनों खाद्य विभाग की टीम ने बैरसिया स्थित श्रीदेव कृपा फ्यूल्स पंप भोजापूरा, बीआर पेट्रोल पंप बेरसिया और राजधानी फ्यूल्स किसान सेवा केंद्र पिपलिया की जांच की थी, जहां पेट्रोल-डीजल के स्टॉक के साथ बिना हेलमेट पेट्रोल पंप देते हुए पकड़ा था। विभाग पिछले तीन दिनों से बैरसिया थाने में चक्कर काट रहा है, लेकिन अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। इधर गुरुवार को टीम नर्मदापुरम रोड स्थित महादेव और एसएस फ्लूल पंप पहुंची थी।*

### ट्रैफिक पुलिस की पेट्रोलिंग बढ़ानी चाहिए: सिंह

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के आदेश के बाद खाद्य विभाग ने पंप संचालकों पर सख्ती शुरु कर दी है। जिसके बाद पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं दिया जा रहा है। हालांकि दो पहिया वाहन चालकों के पास हेलमेट नहीं होने पर पेट्रोल नहीं देने को लेकर विवाद के हालात भी बन रहे हैं। इधर मप्र पेट्रोल पंप एसोसिएशन के अजय सिंह का कहना है कि पंप संचालकों पर कार्रवाई करने की जगह पेट्रोल पंपों पर ट्रैफिक पुलिस की पेट्रोलिंग बढ़ानी चाहिए।





**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को दिल्ली में केंद्रीय वन एवं पर्यावरण ,जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से उनके निवास स्थान में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां केंद्रीय संचार और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय के मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भी उनके निवास स्थान पर सौजन्य भेंट की।

## राजौरा उज्जैन, वर्णवाल ग्वालियर, श्रीवास्तव चंबल के होंगे प्रभारी अधिकारी

**भोपाल।** संभाग स्तर पर विकास कार्यों की समीक्षा के क्रियान्वयन, अनुधवन एवं पर्यवेक्षण के लिए अधिकारियों को संभागवार संभाग प्रभारी अधिकारी के रूप में नामांकित किया गया है। इनमें राजेश कुमार राजौरा अपर मुख्य सचिव को उज्जैन का प्रभार दिया गया है, वहीं अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल को ग्वालियर संभाग की जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव चंबल के प्रभारी होंगे। वहीं अपर मुख्य सचिव संजय दुबे जबलपुर संभाग संभालेंगे। इनके साथ ही अपर मुख्य सचित्र नीरज मंडलोई को नर्मदापुरम तो अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन को इंदौर, अपर मुख्य सचिव संजय कुमार शुक्ल भोपाल, अपर मुख्य सचिव रश्मि अरुण शमी रीवा, प्रमुख सचिव दीपाली रस्तोगी सागर, प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला शहडोल का प्रभार संभालेंगे। ये सभी संभाग प्रभारी अधिकारी संभागीय स्तर पर मुख्यमंत्री द्वारा की जा रही बैठकों में दिए गए निर्देशों का पालन कराएंगे।

### पुलिस ने बेटे को हिरासत में लिया, फहीम बम फरार, वन विभाग कर रहा मामले की जांच

## कुख्यात बदमाश फहीम बम के घर से 6 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तलैया थाना क्षेत्र स्थित आलोक प्रेस के पास गुरुवार सुबह पुलिस ने दबिश देकर कुख्यात बदमाश फहीम बम के घर से छह किलो प्रतिबंधित मांस बरामद किया है। पुलिस ने मौके से फहीम के बेटे को गिरफ्तार किया है, जबकि फहीम मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। बरामद मांस को जांच के लिए वन विभाग को सौंपा गया है। शुरुआती जांच में बरामद मांस नीलगाय का होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि बदमाश फहीम पर पूर्व में कई अपराध दर्ज हैं। थाना प्रभारी दीपक डेहरिया के मुताबिक गुरुवार सुबह मुखबिर से सूचना मिली थी कि बदमाश फहीम बम के घर में प्रतिबंधित मांस रखा गया है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए टीम के साथ दबिश दी। तलाशी के दौरान घर में करीब छह किलो मांस बरामद हुआ। पूछताछ में फहीम के बेटे हुजेफा ने पुलिस को बताया कि मांस उसके पिता फहीम बम लेकर आए थे। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम भी तलैया थाने पहुंच गई थी। वन विभाग मामले की जांच कर रहा है कि आरोपियों ने मांस किसी से खरीदा था या फिर खुद शिकार करके लाए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने बरामद मांस को वन विभाग को सौंप दिया है। वन विभाग ने मांस की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## रिटायर्ड आईएएस के बेटे ने फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित गौतम नगर में रिटायर्ड आईएएस के बेटे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश फर्स्ट फ्लोर पर पंखे पर रस्सी के सहारे लटकी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि सौर भार्गव पिता चंद्रप्रकाश भार्गव (49) गौतम नगर में रहते थे।

उनका पत्नी से करीब पंद्रह साल पूर्व तलाक हो चुका है। वे शेयर मार्केट का काम करते थे और फर्स्ट फ्लोर पर अकेले रहते थे, जबकि उनके पिता चंद्रप्रकाश भार्गव राज्य प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त है। वह ग्राउंड फ्लोर पर पत्नी के साथ रहते हैं। चंद्रप्रकाश भार्गव ने पुलिस को बताया कि गुरुवार सुबह घर में काम करने वाली बाई आई थी। बाई ने ग्राउंड फ्लोर पर सफाई की और फर्स्ट फ्लोर पर साफ-सफाई करने पहुंची। उसने दरवाजा खटखटाया, लेकिन सौरभ ने दरवाजा नहीं खोला।

चंद्रप्रकाश फर्स्ट फ्लोर पर पहुंचे और दरवाजा खोलने सौरभ को आवाज दी, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। उन्होंने खिड़की से झांककर देखा तो सौरभ का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सेंट्रल लॉक से उन्होंने दरवाजा खोला। इधर सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने मोबाइल जब्त किया है। मोबाइल की जांच की जा रही है।

## श्री कान्य कुब्ज हलवाई मोदनवाल समाज को पिछड़ा वर्ग में शामिल करने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री कान्य कुब्ज हलवाई मोदनवाल समाज मप्र के संरक्षक मन्नूलाल गुप्ता एवं प्रदेश अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक गिरीश गौतम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट कर श्री कान्य कुब्ज हलवाई मोदनवाल समाज को पिछड़ा वर्ग में शामिल करने के लिए पत्र सौंपा।

इस दौरान संगठन मंत्री अवधेश गुप्ता, राष्ट्रीय महासभा के पूर्व महामंत्री हनुमान प्रसाद गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारीगण भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल हुए। श्री कान्य कुब्ज हलवाई मोदनवाल समाज मप्र के संरक्षक मन्नूलाल गुप्ता ने बताया कि हमारा समाज वर्षों से आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़ा रहा है। शिक्षा, रोजगार और व्यवसाय के क्षेत्र में हम अब भी मुख्यधारा से पीछे हैं। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार श्री कान्य कुब्ज हलवाई मोदनवाल समाज को पिछड़ा वर्ग में शामिल करे, जिससे समाज का प्रत्येक वर्ग आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सके। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रतिनिधिमंडल के आग्रह को स्वीकार करते हुए श्री कान्य कुब्ज हलवाई मोदनवाल समाज को पिछड़ा वर्ग में शामिल करने का आश्वासन भी दिया। कान्य कुब्ज हलवाई मोदनवाल समाज ने मध्यप्रदेश राज्य पिछडा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया से भी मुलाकात कर समाज को पिछड़ा वर्ग में शामिल करने का आग्रह किया।







### राजधानी में सात दिन में 4.2 डिग्री बढ़ा पारा, रात में ज्यादा घट-बढ़ नहीं

राजधानी में दिन में गर्मी का ऑलटाइम रिकॉर्ड 5 अगस्त 1987 को 35.6 डिग्री का है दर्ज

# पहला सप्ताह गर्म, दूसरे में टूट सकता है 'रिकॉर्ड' औसत रहेगा पारा, 13 अगस्त के बाद लेगा यू-टर्न

## 11 साल में एक बार वर्ष 2020 में सर्वाधिक 35.2 डिग्री तक पहुंचा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में अगस्त की शुरूआत गर्म रही। गुरुवार तक पहले सप्ताह में दिन के तापमान में बढ़त का क्रम रहा। सात दिन में पारा 4.2 डिग्री तक बढ़ा, जिससे पहले सप्ताह में गर्मी, उमस और बेचैनी महसूस की गई।

दूसरे सप्ताह में भी गर्मी का सिलसिला जारी रहेगा, लेकिन बीच में बौछारों से कुछ राहत रहेगी। पहले सप्ताह की शुरूआत में गर्मी रिकॉर्ड तोड़ सकती है। बुधवार को भोपाल में दिन का पारा आधा डिग्री गिरकर 32.2 डिग्री रहा है। शहर में दिन में गर्मी का ऑलटाइम रिकॉर्ड 5 अगस्त 1987 को 35.6 डिग्री का दर्ज है। अगले तीन से चार दिन तापमान में 2 से 4 डिग्री तक और बढ़त हो सकती है। इससे संभावना है कि शहर में कुछ वर्षों की गर्मी का रिकॉर्ड टूट सकता है। पिछले 11 साल में वर्ष 2015 से 2024 के बीच सर्वाधिक पारा वर्ष 2020 में 35.2 डिग्री तक रहा है।



### न्यूनतम पारा 23 डिग्री के आसपास बना रहा

रात का पारे में पहले सप्ताह में ज्यादा घटबढ़ नहीं रही। न्यूनतम पारा 23 डिग्री के आसपास बना रहा। सप्ताह के अंत में 13 से 14 अगस्त के बीच बारिश शुरू होने के बाद तापमान फिर से यू- टर्न लेगा। इससे तीसरे सप्ताह की शुरूआत बेहतर मौसम और सामान्य से कम तापमान के साथ होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश के अधिकांश जिले और भोपाल में बारिश का दौर नहीं चलने से तापमान में वृद्धि का क्रम रहा है। दूसरे सप्ताह में भी गर्मी शुरूआत में रहेगी। सप्ताह के अंत में बारिश की शुरूआत से पारा तेजी से गिरेगा। मौसम केंद्र के अनुसार अगले 4 दिन में तापमान में अभी 2 से 3 डिग्री तक की और बढ़त हो सकती है। अगस्त वर्ष 2015 से वर्ष 2024 के बीच वर्ष 2017 में 31.9, 2018 में 31.6, 2019 में 31.7 डिग्री रहा है। वर्ष 2020 में यहां पारा 35.2 डिग्री तक रहा है।

### 11 साल में 8 बार पारा 32 से 34 डिग्री के बीच

शहर में एक अगस्त को पारा 28 डिग्री था, जो 3 अगस्त को 30 डिग्री पार कर गया। चार और पांच अगस्त को यह 32 डिग्री के आसपास रहा, जबकि 6 अगस्त को दशमलव 7 डिग्री बढ़कर 32.7 डिग्री रहा। हालांकि, पिछले साल 19 अगस्त को सर्वाधिक पारा 33.3 डिग्री तक रहा है। बीते 11 साल में केवल तीन साल ही पारा 32 डिग्री से नीचे रहा। 8 साल शहर में अधिकतम पारा 32 से 33 डिग्री या इससे अधिक रहा है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930